RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 74
नई दिल्ली, बुधवार, 19 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# कोरोना टेस्ट में कोताही न बरतें राज्य: केंद्र

● केस कम दर्ज होने पर स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश, रणनीतिक तरीके से टेस्ट की रफ्तार बढ़ाएं

● देश में एक दिन में आए 2,38,018 नए मामले, दिल्ली में लगभग 11 हजार और उत्तर प्रदेश में 14 हजार मरीज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुंबई में एक रेल स्टेशन पर कोरोना की जांच के लिए नमूना लेता स्वास्थ्यकर्मी

**सकारात्मकता** दर में कोई उलटफेर हुए बिना कई राज्यों में दैनिक कोविड-19 मामलों में खासी गिरावट आई है। कई राज्यों में इस ट्रेंड को देखते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रणनीतिक तरीके से कोरोना टेस्ट की रफ्तार बढ़ाएं। इसमें कोई कोताही न बरती जाए।

मंत्रालय ने कोविड-19 रोगियों की देखभाल के लिए ताजा दिशानिर्देश जारी करते हुए डॉक्टरों से मरीजों पर स्टेरॉयड के उपयोग से बचने और गंभीर खांसी बनी रहने पर उनकी तपेदिक की जांच करने का आग्रह किया है। संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, स्टेरॉयड के उपयोग से ब्लैक फंगस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इससे बचना चाहिए।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आरती आहूजा ने सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में विशिष्ट क्षेत्रों में कोरोना मामलों की सकारात्मकता की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक तरीके से टेस्ट तुरंत बढ़ाने की सलाह दी। मंत्रालय के पहले के पत्रों और पिछले साल 27 दिसंबर को ओमिक्रोन के संदर्भ में महामारी प्रबंधन की व्यापक रूपरेखा तैयार करने की गृह मंत्रालय की सलाह का उल्लेख करते हुए आहूजा ने कहा कि संक्रमण का पता लगाने में टेस्ट एक महत्वपूर्ण घटक है। हालांकि, आईसीएमआर पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों से यह पता चलता है कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना टेस्ट में गिरावट आई है। अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी सभी परामर्शों में मामलों का शीघ्र पता लगाने का मूल उद्देश्य जल्द से जल्द क्वॉरंटीन और मरीज का समय से इलाज सुनिश्चित करना है।

इसके अलावा, महामारी प्रबंधन के लिए भी टेस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इससे संक्रमण के नए समूहों और हॉटस्पॉट की पहचान करने में मदद मिलती है। साथ ही इन समूहों में संक्रमण की रोकथाम के लिए कंटेनमेंट जोन बनाने, कांटैक्ट ट्रेसिंग करने, क्वॉरंटीन और देखभाल की रणनीति बनने में तत्काल कार्रवाई की जा सकती है। इससे राज्य और जिला प्रशासन संक्रमण के प्रसार को रोकने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही यह मृत्यु दर और रुग्णता में कमी सुनिश्चित करता है। आहूजा ( शेष पेज 9 )

## तीन हफ्ते खांसी रुके तो फौरन टीबी जांच कराएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड मरीजों को सलाह दी है कि यदि खांसी दो-तीन सप्ताह से अधिक समय तक जारी रहती है, तो टीबी समेत अन्य जांच कराएं। वयस्क कोविड मरीजों के प्रबंधन को लेकर जारी संशोधित चिकित्सकीय दिशानिर्देश में यह सुझाव दिया गया। यह दिशानिर्देश स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत एम्स, आईसीएमआर-कोविड-19 राष्ट्रीय कार्यबल और संयुक्त निगरानी समूह (डीजीएचएस) की ओर से जारी किया गया है। दिशानिर्देश में कहा गया कि इंजेक्शन के जरिये दिए जाने योग्य स्टेरायड से उन कोविड मरीजों को लाभ मिलने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जिन्हें ऑक्सीजन की जरूरत नहीं है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि एंटी-इंफ्लामेटरी या इम्यूनोमॉडलेटरी थेरेपी (जैसे कि स्टेरायड का इस्तेमाल) से म्युकरमाइकोसिस जैसे दुष्प्रभाव दिखने का ( शेष पेज 9 )

## छह अर्ध सैनिक बलों में तीन हफ्तों में 58 गुना बढ़े केस

राकेश कुमार सिंह। नई दिल्ली

**अर्धसैनिक** बलों के जवानों में पिछले तीन हफ्तों में कोविड-19 को सक्रिय केस 58 गुना से अधिक हो गए हैं। जहां 28 दिसंबर को सिर्फ 148 मामले थे, वहीं सोमवार तक संक्रमित मामले बढ़कर 8,671 हो गए। इस अवधि के दौरान, दो जवानों की मौत भी हो गई है। अब तक कोविड 19 से मरने वाले अर्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या बढ़कर 350 तक हो गई है। अर्धसैनिक जवानों में कोविड-19 संक्रमण के मामले 1,00,210 हो गए हैं। कोविड संक्रमण मामलों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) 2,764 केस के साथ सबसे आगे है। इसके बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में 2,747 मामले और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 1,330 मामले हैं। इसी तरह, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के रैंक में 1,018 सक्रिय मामले हैं। इसके बाद भारत-तिब्बत ( शेष पेज 9 )

# पंजाब में भगवंत मान आप के सीएम उम्मीदवार



मोहाली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भगवंत मान

पायनियर समाचरा सेवा। चंडीगढ़

● टेली सर्वे के आधार पर 21.59 लाख प्रतिक्रियाओं में से 93 फीसद ने मान को पहली पसंद बताया

● केजरीवाल ने मोहाली में मान के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होने की औपचारिक घोषणा की

**आम** आदमी पार्टी ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा चुनाव में सांसद भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। आप के दावे के अनुसार उनका चयन टेली सर्वे के आधार पर किया गया है। मान ने लोगों को आश्वासन दिया कि आप के सत्ता में आने पर वह जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे और राज्य को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करेंगे। पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 फरवरी और मतगणना 10 मार्च को होगी।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'मिस्ड कॉल' के जरिये चलाए गए 'जनता चुनेगी अपना सीएम' अभियान के परिणाम की घोषणा की। पार्टी नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के वास्ते चलाए गए इस अभियान के तहत पार्टी को 21.59 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं। केजरीवाल ने मोहाली में पत्रकारों से कहा कि पार्टी को 'जनता चुनेगी अपना सीएम' अभियान के जवाब में 21,59,437 मत मिले। उन्होंने कहा कि इन प्रतिक्रियाओं में मेरे नाम सहित कई लोगों के नाम आए। मैंने पहले ही कहा था कि मैं दौड़ में नहीं हूं। हम उन वोट (जिनमें केजरीवाल का नाम है) को अमान्य घोषित कर रहे हैं। शेष बचे अन्य मतों में से 93.3 प्रतिशत लोगों ( शेष पेज 9 )

## चन्नी के भतीजे पर ईडी के छापे, कांग्रेस भड़की

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की है, जिसमें एक अवैध रेत खनन मामले में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे का मोहाली आवास भी शामिल है। वहीं चन्नी के भतीजे से जुड़े परिसर से चार करोड़ रुपए सहित छह करोड़ रुपए की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन छापों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एक पुराने मामले में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के रिश्तेदार को निशाना बनाकर पंजाब और पंजाबियत को बदनाम कर रही है। पार्टी ने कहा कि प्रदेश की जनता आने वाले समय में भगवा पार्टी को विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। ईडी ने लुधियाना, मोहाली और पठानकोट जिलों में छापेमारी की, जिसमें कई आरोपी कंपनियों के कार्यालयों, आवासों के साथ-साथ गोदाम भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी के ( शेष पेज 9 )

## प्रतिनियुक्ति पर आईएएस अफसरों की उपलब्धता के लिए नए नियमों का प्रस्ताव

भाषा। नई दिल्ली

**कार्मिक** मंत्रालय ने मौजूदा सेवा नियमों में बदलाव का फैसला किया है ताकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की उपलब्धता रहे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्र को अधिक प्रतिनिधित्व देने वाला यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब मंत्रालय द्वारा अनेक बार इस विषय को उठाए जाने के बाद भी अनेक राज्यासंयुक्त कैडर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व के तहत पर्याप्त संख्या में आईएएस अधिकारियों को भेजते नहीं दिखे। कार्मिक मंत्रालय ने आईएएस (कैडर) नियम, 1954 में बदलाव वाले प्रस्ताव में कहा, इसके परिणामस्वरूप केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए उपलब्ध अधिकारियों की संख्या केंद्र में जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस कदम की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी आलोचना की है जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे प्रस्ताव ( शेष पेज 9 )

# वित्त मंत्री का संप्रग सरकार पर देवास सौदे में घोटाले का आरोप

● कहा, उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद देवास को विदेशों में संपत्तियां जब्त करने से रोकेंगे

भाषा। नई दिल्ली



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस की अगुआई वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर वर्ष 2005 के देवास-एंट्रिक्स सौदे में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन को सही ठहराने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के आधार पर विदेशों में अपनी परिसंपत्तियों की जब्ती को चुनौती देगी।

सीतारमण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के खिलाफ कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली संप्रग सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आरक्षित एस-बैंक स्पेक्ट्रम देवास मल्टीमीडिया को देकर देश के लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के 17 जनवरी को आए फैसले के कुछ अंश उद्धृत करते हुए कहा, यह कांग्रेस का कांग्रेस के लिए और कांग्रेस द्वारा किया गया फरेब है। इस फैसले में देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन के आदेश को इस आधार पर बरकरार रखा गया है कि इसे धोखाधड़ी से अंजाम दिया गया था।

संप्रग सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। सीतारमण ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

### यह था मामला

**संप्रग** सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। इसके जरिए मोबाइल फोनधारकों को मल्टीमीडिया सेवाएं मुहैया कराई जानी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की जानकारी के बगैर ही एंट्रिक्स को इस सौदे के तहत एस-बैंड के स्पेक्ट्रम देने पर हामी भरी गई थी। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी धोखाधड़ी में हुई थी।

## चंद्रशेखर ने दिए योगी के खिलाफ लड़ने के संकेत, अखिलेश पर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**आजाद** समाज पार्टी ने मंगलवार को कहा कि अगर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उसे 100 सीट भी देगी तब भी वह उसके साथ गठबंधन नहीं करेगी। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने ग्रेटर नोएडा में एक प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ेगी और उन्होंने समाजवादी पार्टी से बात नहीं बनने के बाद यह फैसला किया है। चंद्रशेखर आजाद ने इस मौके पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी की। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी कहेगी तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। चंद्रशेखर आजाद ने बिना नाम लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर कई आरोप लगाए और कहा कि पहले 25 सीट देने का उनसे वादा किया गया था। उसके बाद उनकी पार्टी के साथ छल किया ( शेष पेज 9 )

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में दो महिला नक्सली समेत पांच नक्सलवादियों को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुदंरराज पी. ने मंगलवार को बताया कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को तथा सुकमा जिले में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि पुलिस को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र में तेलंगाना राज्य समिति के माओवादी नेता सुधाकर (डिविजनल कमेटी मेंबर) और उसके सहयोगियों समेत लगभग 50 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी।

सूचना के आधार पर तेलंगाना के ग्रेहाउंड्स, बीजापुर जिले से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और डीआरजी के जवानों के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग सात बजे बीजापुर जिले के ईलमिड़ी थाना क्षेत्र के सेमलडोडी गांव और तेलंगाना राज्य के मुलुगु जिले के पेनुगोलू और कंगिट्टालु गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में जब सुरक्षा बल के जवान पहुंचे तो माओवादियों ने ( शेष पेज 9 )

### तेलंगाना और छत्तीसगढ़ सीमा पर दो माओवादी ढेर

**हैदराबाद।** तेलंगाना व छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित एक वन क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जंगल क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान अभी जारी है।

## नौसेना जहाज में विस्फोट तीन कर्मियों की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**मुंबई** में नौसैन्य डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना के जहाज (आईएनएस) रणवीर में मंगलवार को हुए एक विस्फोट में नौसेना के तीन कर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शाम साढ़े चार बजे हुई। भारतीय नौसेना ने बयान में कहाकि मुंबई नौसैन्य डॉकयार्ड में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, आईएनएस रणवीर के एक आंतरिक कक्ष में विस्फोट के कारण नौसेना के तीन कर्मियों की मौत हो गई। इसमें कहा गया कि जहाज के चालक दल ने तुरंत प्रतिक्रिया की और जल्दी ही स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, घटना में तीन नाविकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। हताहत कर्मियों के नाम घटना के बारे में परिवारों को सूचित करने के बाद सार्वजनिक किए जाएंगे। नौसेना के बयान के अनुसार, हादसे में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। बयान में कहा गया है, आईएनएस रणवीर ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,754 | ↓ 554 | |
| निफ्टी | 18,113 | ↓ 195 | |
| सोना | 47,814 | ↓ 23 | /10g |
| चांदी | 61,835 | 00 | /kg |

### क्विक न्यूज

**आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित**

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष मिश्र उर्फ मोनू की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। आशीष मिश्र गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फटेनी का पुत्र है। मंगलवार को जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ के समक्ष मुल्जिम आशीष की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ के समक्ष आशीष की ओर से यह दलील दी गई कि उसके खिलाफऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे यह साबित होता हो कि उसने मृतकों पर गाड़ी चढाई हो अथवा उसके कहने पर ऐसा किया गया हो। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि आशीष मिश्रा उर्फ मोनू इस मामले में दर्ज एफआईआर में इकलौता नामजद मुल्जिम है।

## एनडीए में महिलाओं की संख्या सीमित करने पर कोर्ट का सरकार से सवाल

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह स्पष्ट करे कि आखिर उसके आदेश के बावजूद वर्ष 2022 के लिए भी पिछले साल के बराबर ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला उम्मीदवारों की सीट 19 ही क्यों सीमित की गई। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि वह राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आरआईएमसी) और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) में प्रवेश के लिए आयोजित एनडीए परीक्षा 2021 में महिलाओं सहित कुल उम्मीदवारों की संख्या से जुड़े आंकड़े न्यायालय में पेश किए जाएं।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि सरकार को बताना होगा कि यूपीएससी की अधिसूचना के मुताबिक आखिर क्यों वर्ष 2022 के लिए महिलाओं की संख्या 19 तय की गई। पीठ ने कहा, यह साल 2021 के आंकड़ों के बराबर हैं। पिछले साल आपने कहा था कि अवसंरचना की कमी की वजह से महिलाओं का कम प्रवेश लिया जा रहा है।

अब आपने फिर साल 2022 के लिए महिलाओं उम्मीदवारों के लिए उतनी ही संख्या का प्रस्ताव किया है। आपने ए आंकड़े क्यों तय किए? आपको यह स्पष्ट करना होगा। 19 सीट हमेशा के लिए नहीं होनी चाहिए। यह केवल ( शेष पेज 9 )

# राजपथ पर सिर्फ पांच हजार लोग देख सकेंगे परेड

● गणतंत्र दिवस समारोह पर महामारी के कारण दर्शकों की संख्या घटाई, पिछले साल आए थे 25 हजार लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास करते तटरक्षक बल के जवान

**कोरोना** महामारी के प्रकोप को देखते इस बार केवल पांच हजार दर्शक ही गणतंत्र दिवस परेड की लुत्फ उठा पाएंगे। हालांकि पिछली बार करीब 25 हजार आम लोग परेड देखने के लिए पहुंचे थे। इस बार परेड में कुछ खास होने जा रहा है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट 26 जनवरी को 5,000 शहीदों के घरों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेड शुरू होने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। वहीं 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित परेड में ऐसे लोगों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने कभी सीधे तौर पर इस समारोह को देखा नहीं है। ऐसे लोगों में गरीब तबके से जुड़े ऑटो वाले, सफाई कर्मचारी और दहाड़ी मजदूर शामिल हैं। जानकारी मिली है कि एनसीसी के कैडेट राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर लिखित नामों वाले शहीदों के परिजनों को प्रधानमंत्री का लिखा पत्र सौंपेंगे। सरकार ने तरफ से बयान आ चुका है कि इस बार गणतंत्र दिवस सप्ताह सुभाष चंद के जन्मदिन यानी 23 जनवरी को शुरू होगा और 30 जनवारी यानि महात्मा गांधी पुण्यतिथि पर समापन होगा। साथ ही प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर आयोजित एक कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार 2018 में स्थापित किया गया था। पुरुस्कार में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के विजेता शामिल है। आजादी महोत्सव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों और को सलाह दी है कि वो अपने पड़ोसी राज्यों की भागेदारी रखे। अतिथि के रूप में शामिल राज्य दूसरे राज्य में अपनी टुकड़ी में भेज सकते है ताकि अन्य राज्यों के सांस्कृतिक मूल्यों से जनता जुड़े सके और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से आपसी समझ और संबंध को बढ़ाया जा सके। इसी प्रकार समारोह ( शेष पेज 9 )

# चुनाव में खपाने को लाया गया एक करोड़ का काला धन पकड़ा

## आचार संहिता लागू होने के बाद लगातार हो रही है चेकिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए स्टेटिक निगरानी दल (एसएसटी) का गठन गया है। आचार संहिता लागू होते ही एसएसटी सक्रिय हो गया है। विधानसभा चुनाव में लगातार बड़े पैमाने पर कालाधन खपाने का प्रयास किया जा रहा है।

मंगलवार को चुनाव आयोग के निर्देश पर गठित एसएसटी ने जांच के दौरान थाना सेक्टर-24 पुलिस व एसएसटी टीम वन ने फॉर्च्यूनर गाड़ी से 99 लाख 30 हजार 500 बरामद किए। यह रकम कार सवार अरुण पुत्र राजू निवासी करोलबाग व चालक अखिलेश पुत्र संतोष निवासी वजीरपुर दिल्ली से बरामद किए गए हैं। ये लोग बरामद पैसों के बारे में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। थाना 24 की निगरानी में नोटों की गिनती कराई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में चुनावी सरगर्मी तेज है। ऐसे में पैसा खपाने का प्रयास भी तेज हो गया है। एसएसटी अधिकारी के मुताबिक लगातार चेकिंग की जा रही है। इस चेकिंग के दौरान अब तक की यह पकड़ी गई सबसे बड़ी धनराशि है।

इससे पहले भी शनिवार को फॉर्च्यूनर गाड़ी से 25 लाख व सोमवार को चेकिंग में पांच लाख क्रेटा गाड़ी से बरामद किए जा चुके हैं।

# चैयरमेन रंजीता धामा ने तोड़ी चुप्पी, लड़ेंगी निर्दलीय चुनाव

## अगले एक-दो दिन में करेंगी औपचारिक घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



लोनी की सियासत का पारा दिनों दिन गर्म है। लेकिन चैयरमेन रंजीता धामा के चुनाव लड़ने, चुप्पी तोड़े जाने पर लोनी की सियायत में तूफान ला दिया है। उन्होंने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए बताया कि वे अपने आत्मसम्मान के लिये हर हाल में चुनाव लड़ेगीं। चैयरमैन के बगावती तेवरों से सियायत के समीकरण बिगड़ना तय माना जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व चैयरमेन उनके पति मनोज धामा या वे स्वंय दोनों में से कोई भी चुनाव लड़ सकता है। दोनो में से कौन विधानसभा का चुनाव लड़ेगा, एक दो दिन में ही इसकी औपचारिक घोषणा कर दी जायेगी ।

बता दें कि भाजपा से नंदकिशोर गूर्जर ,गठबंधन से मदन भैया ,बसपा से हाजी आकिल, कांग्रेस से यामीन मलिक और आम आदमी पार्टी से डॉ सचिन शर्मा के अलावा हिन्दू रक्षा दल से अमित प्रजापति तथा आवैसी की पार्टी से डॉ मेहताब को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

नंदकिशोर गूर्जर का टिकिट होने से जहां अन्य टिकिट के दावेदारों की अटकलों पर विराम तो लग गया लेकिन, चैयरमेन रंजीता धामा और नंदकिशोर की अदावत के चलते उनकी धुर विरोधी रंजीता धामा ने पार्टी से बगावत का मन बनाकर चुनाव लड़ने का ऐलान करने पर सियासत हलचल तेज कर दी है।

# संक्रमित होने के कारण पंकज सिंह ने घर से ही दाखिल किया पर्चा

**नोएडा।** नोएडा के भाजपा विधायक एवम् प्रत्याशी पंकज सिंह ने होम आईसोलेशन में ही अपना नामांकन पत्र भरा। जैसा कि सभी जनते हैं कि पंकज सिंह कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेशन में हैं। इसके के चलते मंगलवार को उन्होंने अपने घर से ऑनलाइन फर्म भरा।

अपने घर के मंदिर में ही पंकज ने नामाकन पत्र भरा और फिर उसके बाद नामंकन पत्र को गौतमबुद्धनगर सांसद डा महेश शर्मा और नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने परिवार के बड़े भाइयों की भूमिका का निर्वहन करते हुए पत्र को कलेक्ट्रेट ऑफिस में जमा किया।

इसके बाद पंकज सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से अपने पूरे भाजपा परिवार का आशिर्वाद लिया और चुनाव का आगाज किया। सभी कार्यकर्ताओं ने भी चुनाव में पंकज सिंह की जीत का पूर्ण विश्वास दिलाया।

# भाजपा को झटका : केके शुक्ला हुए बागी, बसपा से लड़ेंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● **गाजियाबाद से टिकट नहीं मिलने से थे नाराज**

गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी को मंगलवार को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व गाजियाबाद विधानसभा पर टिकट की दावेदारी करने वाले केके शुक्ला ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। केके शुक्ला भाजपा से गाजियाबाद विधान सभा से टिकट मांग रहे थे,लेकिन पार्टी ने प्रदेश के राज्यमंत्री व विधायक अतुल गर्ग पर दांव चला। इससे शुक्ला नाराज चल रहे थे और उन्होंने बसपा का दामन थाम लिया।


आपको बता दें कि गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी ने वैश्य समाज से पूर्व विधायक सुरेश बंसल को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन अचानक ही उनकी तबीयत नासाज हुई और वह संक्रमित हो गए। उन्हें यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वह उपचारधीन हैं। डॉक्टरों की दो विशेष टीम उनका इलाज कर रही हैं लेकिन उनकी तबीयत में अभी कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। इसी के चलते कयास लगाए जा रहे थे कि बसपा अपना प्रत्याशी बदल सकती है। इसी के चलते आज के के शुक्ला ने भी भाजपा को बाय बाय कर दिया है और बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

विजयनगर क्षेत्र में बसपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राइन, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जाटव पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद भारती ने उन्हें बसपा की सदस्यता दिलाई। उन्हे गाजियाबाद शहर सीट प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा के पार्षद कृपाल सिंह, बलराम रावल, रोबिन सांगवान,विनोद पाण्डेय समेत कई ने बसपा की सदस्यता ली।

# नोएडा में ढाई हजार से ज्यादा मरीज हुए संक्रमण से मुक्त

## जनपद में एक्टिव मामलों की संख्या भी हुई कम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर में मंगलवार को कोरोना के एक बार फिर 2 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। जनपद में बुधवार को एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 12 हजार के भी पार पहुंच गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि जनपद में आज कोई भी मौत कोविड-19 से नहीं हुई है।

गौतमबुद्ध नगर के जिला निगरानी अफसर डॉ सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 2,154 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके अलावा जनपद में पिछले 24 घंटे के दौरान 2,527 मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक होकर वापस अपने घर लौटे हैं। जनपद में कोविड.19 मरीजों के ठीक होने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में जिस तेजी के साथ कोविड.19 के मामले सामने आ रहे हैं, उससे भी ज्यादा तेजी से जिले में कोविड.19 के मरीजों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। पूरे जिले में इस समय को कोरोना संक्रमित एक्टिव मरीजों की संख्या 12,348 है।

इसके अलावा अब तक जिले में 82,321 लोग इस संक्रमण का शिकार हो चुके हैं। आपको बता दें कि नोएडा कोविड.19 के मामले में उत्तर प्रदेश में नंबर वन पर था, लेकिन अब नंबर दो पर पहुंच गया है।

# आज ग्रेटर नोएडा आएंगे मुख्यमंत्री, तैयारी पूरी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ग्रेटर नोएडा आएंगे। उनका यह कार्यक्रम प्रस्तावित हो चुका है। इस बात की जानकारी गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन की तरफ से दी गई है।

जिला प्रशासनिक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा आएंगे। योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर बुधवार सुबह ग्रेटर नोएडा के कासना में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में लैंड होगा। वहां पर योगी आदित्यनाथ अस्पताल में सभी स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगे। जिम्स के बाद योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के 2 स्कूलों का दौरा करेंगे। योगी आदित्यनाथ बच्चों के लिए चलाई जा रही वैक्सीनेशन ड्राइव का जायजा लेंगे। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ बीते 6 जनवरी 2022 को ग्रेटर नोएडा आते, लेकिन मौसम बिगड़ने के कारण मुख्यमंत्री ग्रेटर नोएडा नहीं आए थे।

# घर के पास खेलते समय नाले में गिरे दो मासूम, मौत

● **पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-85 में रहने वाले एक व्यक्ति के दो बच्चे खेलते समय गहरे नाले में गिर गए। नाले के पानी में दोनों बच्चे डूब गए। उनके परिजनों ने उन्हें नाले से निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

गौतमबुद्धनगर पुलिस के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना फेस-2 क्षेत्र के सी.14 सेक्टर-85 में रहने वाले शंभू कुमार साहनी के दो बच्चे सुमित 10 वर्ष और कुमारी रुबीना 9 वर्ष अपने घर के पास खेल रहे थे। खेलते समय दोनों बच्चे गहरे नाले में गिर गए। नाले में पानी भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि नाले के पानी में दोनों बच्चे डूब गए। आसपास के लोगों ने बच्चों को नाले से बाहर निकाला और उन्हें नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना अस्पताल द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों बच्चों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार



मुरादनगर से भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते महानगर महामंत्री गोपाल।

### भाजपा में कार्यकर्ताओं का होता है सम्मान : गोपाल

**गाजियाबाद।** विधायक अजीत पाल त्यागी को दोबारा भारतीय जनता पार्टी मुरादनगर विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता को ही सम्मान, जिम्मेदारी दी जाती है। पिछले कार्यकाल में अजीत पाल त्यागी ने लोगों के साथ मधुर संबंध बनाए वहीं क्षेत्र की समस्याओं के लिए लड़ाई भी लड़ी । भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने फिर उनमें विश्वास व्यक्त कर जनता के बीच भेजा है । उसका जवाब जनता खुद वोटों के रूप में दे देगी। इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद गोयल , अल्पसंख्यक मोर्चा शहर मंडल मुरादनगर अध्यक्ष अमित जैन, युवा मोर्चा शहर मंडल मुरादनगर अध्यक्ष दीपक शर्मा, युवा मोर्चा शहर मंडल महामंत्री दीपक गर्ग, युवा मोर्चा शहर मंडल मुरादनगर मंत्री सुधीर गोयल एवं अन्य कार्यकर्ता की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप ओके निष्कासित

**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व पार्षद कुलदीप कुमार ओके को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर निष्कासित कर दिया गया है। यह जानकारी बसपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र जाटव ने एक बयान में दी है। वीरेंद्र जाटव ने बताया कि कुलदीप कुमार ओके लंबे समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त थे और लगातार अनुशासनहीनता कर रहे थे। जिसके चलते आज उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### कोविड रोगियों को पोषण संबंधी आहार की दी जानकारी

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, कौशाम्बी, गाजियाबाद में डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग की प्रमुख सुश्री भावना गर्ग ने कोविड रोगियों के लिए पोषण संबंधी भोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमित मरीज घर का बना ताजा भोजन करें, बासी या बचे हुए भोजन से बचें। रोजाना अपने आहार में सभी प्रकार के ताजे फल और सब्जियों को शामिल करें। जमे हुए फलों को शेक और स्मूदी में भी मिलाया जा सकता है। वहीं, अपने भोजन को अच्छी तरह से पचाने के लिए, नियमित शारीरिक गतिविधि जैसे चलना, बागवानी, दौड़ना, इनडोर खेल और सांस लेने के व्यायाम आदि उचित है।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में उसके परिजन ने मंगलवार को थाना सेक्टर 49 में दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस के प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली दीपिका की पांच साल पहले तरुण से शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि कल दीपिका को उसके ससुराल वालों ने गंभीर हालत में नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि मृतका के गले पर चोट के निशान मिले। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतका के परिजन योगेंद्र कुमार ने उसके पति तरुण, सास मीनू और ननद कोमल के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है।

# रिफंड के बहाने खाते से निकाले 3.54 लाख रुपये

**नोएडा।** सेक्टर 75 स्थित एक सोसाइटी में एक महिला को ऑनलाइन बीयर मंगाना भारी पड़ गया। ठगों ने रिफंड करने के नाम पर महिला एचआर मैनेजर के खाते से 3 लाख 54 हजार रुपये निकाल लिये। इस संबंध में पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

महिला ने बताया कि वह एक कंपनी में एचआर मैनेजर है। उन्होंने ऑनलाइन तीन बीयर की कैन मंगाई थी। उन्होंने ऑर्डर के समय ही ऑनलाइन भुगतान कर दिया था। कुछ देर बाद उनको फोन आया कि उनके घर पर ऑनलाइन बीयर सप्लाई नहीं हो सकती। साइबर ठगों ने महिला द्वारा दी गई रकम ऑनलाइन वापस करने के लिए कहा गया। इस पर आरोपियों ने महिला के मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उनके खाते से 3 लाख 54 हजार रूपए निकल गए।

# जेल में बंद आरोपी रेप पीड़िता को दे रहा धमकी

**नोएडा।** नाबालिग बेटी से बलात्कार के मामले में जेल में बंद आरोपी पिता अपनी बेटी और पत्नी को जेल से धमकी दे रहा है। पीड़िता ने सोमवार रात इसकी शिकायत थाना सेक्टर 49 में दर्ज कराई है।

थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि 21 नवंबर, 2020 को एक नाबालिग लड़की ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता सुदेश ने उससे बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुदेश फिलहाल जेल में बंद है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता ने बीती रात थाना सेक्टर-49 में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जेल में बंद उसका पिता, उसे और उसकी उसकी मां को फोन करके धमकी दे रहा है। वह मुकदमा वापस लेने के लिए कह रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mrs. Asha Sethi is owner of DDA Flat No. 337, Ground Floor, Block-D, Pocket-6, Sector-06, Category-LIG, Rohini, Delhi (the said property) by virtue of Relinquishment Deed dated 09.12.2021, registration No. 12221, executed by Mrs. Himani Sethi & Mr. Jatin Sethi after demise of Mr. Jagdish Kumar Seth who was owner of the said property by virtue of conveyance deed dated 24.08.2007, Registration No. 16268, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, to Mr. Shankar Kumar Barnwal who istaking Loan from ICICI Bank Ltd., for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Asha Sethi of the above property its sale /Mortgage /litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Rajeev Jindal & Mrs. Abha Jindal were joint owners of the Dwelling Unit No. A2/301, on Third Floor, super area admeasuring 1735 sq. ft., "Silver Estate", Plot No. 29, Block-F, Sector-50, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P (the said property) by virtue Sub lease deed dated 29.02.2006 Registration No. 2913, and after demise of Mrs. Abha Jindal her husband Mr. Rajeev Jindal is claiming ownership of remaining ½ share of the said property by virtue of Mutation Letter dated 05.01.2022 in the record ofNoida Authority, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, to Mr. Sachin Beher who is taking Loan from ICICI Bank Ltd., for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Rajeev Jindal its Sale /Mortgage /litigation, & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Sale Notice**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SUBODH KUMAR, CM(M) 602/2020 & CM APPL.30659/2020 | Vehicle No-UP14FT6208, Make & Model - RENAULT LODGY RXE, Manu Year-2016, Reserve Price : Rs 125000, EMD Amount:Rs 12,500, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Rajesh Kumar Tiwari, CS (COMM) No. 945/20 | Vehicle No- UP16AS1600, Make & Model- AUDI A6 2.0 TDI, Manu. Year-2013, Reserve Price: Rs.8,00,000/- EMD Amount: Rs.80,000, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Parmesh, Suit No.2206/2018 | Vehicle No- DL3SDR3086, Make & Model – Hero HF-Deluxe, Manu. Year-2017, |
| ICICI Bank Ltd. Vs. MOHD. GULSITAB, CS SCJ 2314/18 | Vehicle No- DL10ST6474, Make & Model- Yamaha Motors Pvt. Ltd SZ -RR, Manu Year-2017 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. HEMANT VERMA, CS (COMM) NO 770/19 | Vehicle No-UP16BQ3857, Make & Model - MARUTI UDYOG LTD SWIFT DZIRE ZXI, Manu. Year-2017 |
| ICICI BANK LTD VS ASHISH KUMAR, CS (COMM) No. 1374/2020 | Vehicle No-DL4CAZ1019, Make & Model - HYUNDAI I20 MAGNA + CRDI, Manu Year-2019 |

**Auction Date:** 27-January-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**And**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. PREM LATA, CS No. 1137/2021 | Vehicle No-DL8CAP7287, Make & Model - MARUTI UDYOG LTDSWIFT LXI, Manu. Year-2016 |
| ICICI Bank Ltd Vs ATA ABBAS CS No. 3387/18 | Vehicle No-DL1RTB2176, Make & Model - MARUTI UDYOG LTD WAGON R LXI, Manu. Year-2016, Reserve Price : Rs 90000, EMD Amount:Rs 9,000 DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |

**Auction Date:** 3-February-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction sitewith original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in theauction..

Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.

The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

**परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (हमारी कड़कड़डूमा शाखा की ऋण खाता संख्या LNHEKKD000019544) बालाजी एजुकेशनल सोसायटी (कर्जदार) सचिन एस, कमलेश के, ओमपाल, सचिन डागर इलेक्ट्रीकल, बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ऐंड साइंस (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट भूमि परिमाप 104 वर्ग गज, खसरा नंबर 873 का भाग, ग्राम निस्तौली, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : 18 फीट रोड, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति | 21-06-2021 रू. 27,09,432/- | 14-01-2022 |

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 19-01-2022 हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

**परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीसीएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEMAY000020713) सुग्रीव कुमार सोलंकी (कर्जदार) ललिता (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 200 वर्ग गज, खेवट नंबर 1740, ग्राम ककोड़, जेवर रोड, तहसील सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12-07-2021 रू. 21,69,022/- | 13-01-2022 |
| 2. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCNOITL0000009106) सुनीता यादव (कर्जदार) ओम प्रकाश यादव, पावर हब (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 349 (0-2), 352 (0-2), 353 (0-2), विस्तारित लाल डोरा आबादी, ग्राम कापसहेड़ा, नई दिल्ली, मकान नंबर 101 के रूप में भी ज्ञात, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 13-09-2021 रू. 27,09,630/- | 17-01-2022 |
| 3. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNNENOI000014490) विनोद कुमार शर्मा (कर्जदार) बबली देवी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि/मकान परिमाप 146.41 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 407, शंकर विहार कालोनी, मौजा पुरामना, तहसील किरावली, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी :- पूरब : रोड, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 13-09-2021 रू. 27,58,188/- | 18-01-2022 |
| 4. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEMAY000044531) सतीश कुमार (कर्जदार) रेखा बैसोया (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 21-सी, क्षेत्रफल परिमाप 746 वर्ग फीट, खसरा नंबर 9, स्थित कोटला मुबारकपुर, अलीगंज, तहसील हौज खास (मेहरौली), नई दिल्ली, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 13-09-2021 रू. 22,13,905/- | 14-01-2022 |

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 19-01-2022 हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल)

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients, Sh. Pradeep kumar, s/o,Dharm pal , R/o,H.NO-4/47,Gautam gali, Ambedkar park, New Vishwas nagar,Shahdara, Delhi-110032, have disowned and debarred their son Parneet soni and Deepak from all their movable and immovable assets. Any person dealing with them shall do so at his/her own risk and responsibilities and my clients shall have no responsibility or liability of any kind whatsoever arising out of act(s) and/or omission(s) of Parneet soni and Deepak.

**Kushagra azad (Advocate)**
**Enrolment No.: D-1894/2020**
**Ch. No. D-218, Karkardooma Court, Delhi**

**मोदी रबर लिमिटेड**

सीआईएनः L25199UP1971PLC003392
**पंजीकृत कार्यालयः** मोदीनगर – 201204; जिला गाजियाबाद, (यूपी)
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** 4–7सी, डीडीए शॉपिंग सेंटर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली–110025; वेबसाइटः www.modirubberlimited.com
ईमेलः investors@modigroup.net; फोनः +91–11–47107398

**सूचना**

कम्पनीज अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 201 के अनुसरण, मे एतद् द्वारा सुचित किया जाता है कि मोदी रबर लिमिटेड ('कम्पनी') श्री आलोक कुमार मोदी (डीआईएन–00174374) को 01 अक्टूबर, 2021 से 30 सितंबर, 2026 तक 5 वर्ष की अवधि के लिए कंपनी के प्रबंध निदेशक के तैर पर पुर्ननियुक्ति के लिए अधिनियम की धाराओं 196, 203, अनुसूची V एवं अन्य लागू प्रावधानों के अर्न्तगत स्वीकृति प्राप्त करने के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव की रही है।

उपरोक्त प्रस्ताव के प्रति किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, यदि वे ऐसा चाहते हों, वे लिखित में आपत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर, सचिव, मंत्रालय को लिखित रूप में अपनी आपत्तियों को विधिवत प्रमाणित कर सकता है, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, "ए" विंग शास्त्री भवन गैरेज, संख्या 14, डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, दिल्ली 110001 के पास भेजें तथा उसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के उपरोक्त वर्णित पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालय में जमा करा दें।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
मोदी रबर लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
(एस के बाजपेयी)
हेड–लिगल एवं कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 18 जनवरी, 2022

**NOTICE**
**No.Duba/Cons?434/MR/2022-(07)**
**Date: 12/01/2022.,**
**Mr. Amit Mohan Thadani,**
S/o Mohan Bulchand Thadhani.
Resident of A-86 Chankya place Pankha Rd. Delhi Pin: 110059.Delhi, India,
Present Address: Sajaya 3 Flat No 404 Al Qusais, Dubai,UAE
**And Miss. Racquel Salac Basa**
Daughter of Ruben Basa
Resident of 24arayat Pampanga Philippines
Present Address: Sajaya 3 Flat No 404 Al Qusais, Dubai,UAE..
**Mr. Amit Mohan Thadani,** Indian national and **Ms. Racquel Salac Basa** Philippines National Presently Residing in UAE have given notice of intended marriage between them under the foreign marriages act. 1969. If anyone has any objection to the proposed marriage. He/She should file the same with the undersigned according to the procedure laid down under the act/rules within thirty days from the date of publication of this notice on email: Cons1.dubai@mea.gov.in, Cons3.dubai@mea.gov.in
**Jitender Singh Negi**
**Marriage Officer & consul**
**(consular & Labour)**
**Consulate General of India**
**PO Box:737, Dubai,UAE.**
**Fax no. +97143970453,**
**Email:Cons1.dubai@mea.gov.in,**
**Cons3.dubai@mea.gov.in**
**Homepage:www.cgidubai.org**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# आतंकी हमले का अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## गणतंत्र दिवस पर ड्रोन, पैरा ग्लाइडर, यूएवी, छोटा माइक्रो एयरक्राफ्ट, एयर बैलून पर पाबंदी






पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गाजीपुर फूलमंडी में आरडीएक्स से बने आईईडी मिलने व आईबी के अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी के लिए सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया है । आईबी ने दिल्ली पुलिस को कुल 32 पॉइंट के तहत गणतंत्र दिवस के परेड पर खतरे की आशंका जताई है। साथ ही सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा है।

अलर्ट मिलने के बाद पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने आदेश जारी किया कि राजधानी में 20 जनवरी से ड्रोन (यूएवी), पैराग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारों सहित उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली-एनसीआर में आतंकवादी हमले की आशंका की खुफिया एजेंसियों से जानकारी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं राजधानी में 20 जनवरी से ड्रोन (यूएवी), पैराग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारों सहित उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश 20 जनवरी से लागू होगा और 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

आईबी ने कहा कि कि कुछ आपराधिक या असामाजिक तत्वों या आतंकवादियों द्वारा आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने की कोशिश हो सकती है। आशंका की रिपोर्ट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने यह आदेश जारी किया। पुलिस उपायुक्त दीपक यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर, समारोह वाले पूरे क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, चेहरे की पहचान वाले सॉफ्टवेयर से लैस सीसीटीवी की निगरानी में समारोह आयोजित किया जाएगा। स्थानीय इकाई, विशेष प्रकोष्ठ, विशेष शाखा, यातायात, स्वाट दिल्ली पुलिस की सभी इकाइयां और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीमों के अलावा अर्धसैनिक बल भी तैनाती का हिस्सा है।

### ऊंची इमारतों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात

डीसीपी ने कहा, दो अलग-अलग जगहों पर ड्रोन रोधी प्रबंधन प्रणाली लगाई गई हैं। अतिरिक्त चौकसी के लिए ऊंची इमारतों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। किसी भी शत्रुतापूर्ण विमान पर नज़र रखने और उससे निपटने के लिए एक वायु रक्षा बंदूक भी है। अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों का टीकाकरण पूरा हो चुका है उन्हें ही कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति होगी। करीब 14,000 आमंत्रियों को इस साल अनुमति होगी जिसमें से करीब 4,000 टिकट जनता के लिए जारी किए गए हैं। प्रखर वैन में संलग्न कैमरों के साथ गश्त टीम भी सुरक्षा इंतजाम का हिस्सा होंगे।

### राजधानी में तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था



दिल्ली पुलिस के अनुसार तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और बल हमेशा सतर्कता बरत रहा है और विशेष रूप से राष्ट्रीय महत्व की किसी भी घटना से पहले आतंकवाद रोधी उपाय के साथ तैयार रहता है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, हम आतंकवाद रोधी और तोड़फोड़ रोधी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हालांकि, यह एक सामान्य प्रोटोकॉल है, लेकिन राष्ट्रीय महत्व की किसी भी घटना से पहले हम इसे विशेष रूप से करते हैं। आगामी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के साथ, हमने अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है और अतिरिक्त बल को तैनात किया है पंजाब में, हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले की सुरक्षा में सेंध का हवाला देते हुए दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी कोई घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बल अतिरिक्त सतर्क है।

### बीटिंग रिट्रीट समारोह में जलवा बिखेरेंगे ड्रोन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 29 जनवरी को होने वाले वार्षिक बीटिंग रिट्रीट समारोह में इस बार लगभग एक हजार ड्रोन जलवा बिखेरेंगे। आईआईटी दिल्ली से जुड़ा एक स्टार्टअप आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मद्देनजर इन ड्रोन के शो का प्रदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीटिंग रिट्रीट समारोह में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक की प्राचीरों पर पहली बार एक लेजर शो आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा, जब बीटिंग रिट्रीट समारोह किसी लेजर शो और ड्रोन शो का गवाह बनेगा। दोनों आयोजन बीटिंग रिट्रीट में पारंपरिक सैन्य धुनों के साथ होंगे। आईआईटी दिल्ली का स्टार्टअप बोटलैब ड्रोन प्रदर्शित करेगा जिसका आजादी के 75 वर्ष पर आधारित होगी। इसी के साथ भारत स्थानीय रूप से निर्मित ड्रोन को इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने वाला चौथा देश बन जाएगा। अभी तक चीन, रूस और अमेरिका इतने बड़े पैमाने पर ड्रोन शो आयोजित कर पाए हैं।

# क्लब हाउस ऐप के जरिए बनाया मुस्लिम महिलाओं को निशाना



● महिला आयोग ने साइबर सेल को भेजा नोटिस, आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने करने के लिए कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सुल्ली फिर बुल्ली बाई ऐप पर मुस्लिम महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी व फोटो लगाकर बोली लगाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि क्लब हाउस ऐप पर इसी तरह की अश्लील टिप्पणी की गई है।

जिसको लेकर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस और साइबर सेल को नोटिस जारी कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने तथा आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट आयोग को सौंपने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है।

आयोग ने ट्विटर पर ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो का स्वत: संज्ञान लिया, जो की क्लब हाउस ऐप पर हो रही एक अभद्र बातचीत का था जिसका विषय मुस्लिम लड़कियां हिंदू लड़कियों से ज्यादा खूबसूरत होती हैं था।

उक्त बातचीत की वीडियो में सभी प्रतिभागियों को मुस्लिम महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाते हुए अश्लील, और अपमानजनक टिप्पणी करते हुए स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है जिसे आयोग ने पुलिस को दिया।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष, स्वाति मालीवाल ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा किसी ने उन्हें ट्विटर टैग कर क्लबहाउस ऐप पर हुई इस विस्तृत अश्लील ऑडियो बातचीत के बारे में बताया, जिसमें मुस्लिम महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की गईं।

चिंताजनक बात यह है कि इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होना अति आवश्यक। उन्होंने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने एवं आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार की मांग की है।

# बीएसएफ जवानों को अस्पताल लेकर जा रही एम्बुलेंस पलटी, दो की मौत

● बीमार जवान को इबहास अस्पताल लेकर जा रही थी एम्बुलेंस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बीएसएफ जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो जवानों की मौत हो गई जबकि चालक समेत तीन जवान घायल हो गए।


एंबुलेंस पलटते ही राहगीर मदद को आगे आए। उन्होंने पीसीआर की मदद से घायलों को जीटीबी अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने जांच के बाद दो जवानों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों की शिनाख्त शामली, यूपी निवासी यशवीर मलिक और हाजीपुर, बिहार निवासी मनोज पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव उनके परिवार वालों को सौंप दिए। इस दुर्घटना में घायल हुए जवान प्रवीण, अरुण कुमार और केएस गुप्ता को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक यशवीर मलिक और मनोज पासवान बीएसएफ में तैनात थे। यशवीर एएसआई के पद पर तैनात थे जबकि मनोज हवलदार था।

इनकी तैनाती दिल्ली, रोहिणी स्थित सेक्टर-26 में मौजूद बीएसएफ की 165 बटालियन में थी। दोनों जवानों का शाहदरा स्थित मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) में इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह चालक जवान प्रवीण एंबुलेंस में दोनों को लेकर बाकी जवानों के साथ शाहदरा के लिए निकले थे। इस बीच जैसे ही एंबुलेंस शास्त्री पार्क मेट्रो डिपो के सामने पहुंची, अचानक सड़क पार कर रहा एक शख्स उसके सामने आ गया और एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई राहगीर मदद के लिए वहां पहुंचे। इस बीच सूचना मिलने के बाद पीसीआर और कैट्स एंबुलेंस की मदद से घायलों को जीटीबी अस्पताल भर्जी कराया गया। जहां डॉक्टरों ने यशवीर मलिक और मनोज पासवान को मृत घोषित कर दिया गया जबकि घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# आप की शराब नीति पर कांग्रेस-भाजपा हमलावर

## शराब पर जनता से रायशुमारी करें सीएम : चौधरी



**नई दिल्ली।** पंजाब में मुख्यमंत्री पद के लिए आम आदमी पार्टी की गई रायशुमारी दिखावटी है, यह जनता को भ्रमित करने वाला है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में आबकारी की शराब नीति लागू करने से पहले दिल्लीवालों से कोई रायशुमारी नही की। यह आरोप दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब में रायशुमारी के नाम पर पंजाब की जनता को भ्रमित करके मुख्यमंत्री पद के लिए भगवंत मान के नाम की घोषणा कर रहे है। जबकि पंजाब की जनता को पहले से यह सब पता था।

चौधरी ने कहा कि कोविड महामारी की बढ़ती संक्रमितों की संख्या को नजरअंदाज करके, पंजाब में फर्जी रायशुमारी करके मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कर रहे है, जबकि भगवंत मान का नाम पहले से ही तय था। केजरीवाल गोवा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में रायशुमारी की बात क्यों नहीं करते।

## मान के जरिए शराब नीति घोषित: तरुण

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सांसद भगवंत मान को पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने पर आप को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस घोषणा के साथ ही पाटर्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी है। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला जनता अपने मतों से करती है ना कि मिस्ड कॉल्स से। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। जो पंजाब नशे से लड़ रहा है, उसे यह पार्टी नशे की तरफ धकेलना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, ''जिस व्यक्ति के खिलाफ उसी की पार्टी के दूसरे सहयोगी ने लिखित दरख्वास्त दी थी कि उसके साथ बैठना मुश्किल है, क्योंकि उसके मुंह से शराब की बदबू आती है। ऐसे लोग पंजाब का क्या करेंगे यह जनता बखूबी जानती है और अपने वोटों से वह इसका जवाब देगी।

# मंत्री राजेंद्र पाल गौतम कोरोना वायरस से हुए संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने मंगलवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और फिलहाल घर पर पृथक-वास में हैं। उन्होंने अपने संपर्क में आए लोगों से कोविड जांच कराने का अनुरोध भी किया।

गौतम ने ट्वीट किया, ''बीते चार दिनों से हल्के बुखार और खांसी की शिकायत के बाद घर पर ही पृथक-वास में हूं। सोमवार को कोविड जांच करवाई थी, जिसकी रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। गौतम ने हालांकि कहा कि उन्हें पहले से बेहतर महसूस हो रहा है। इससे पहले, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चार जनवरी को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। उनमें मामूली लक्षण उभरे थे। नौ जनवरी को वह संक्रमणमुक्त पाए गए थे। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कोविड महामारी की पिछली लहर में वायरस की चपेट में आए थे।

# आरएमएल के डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोरोना के खिलाफ लड़ाई में विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के एक साल सफलतापूर्वक पूरा होने पर मंगलवार को आरएमएल अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्स एवं सुरक्षा कर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

भाजपा नेता वी सतीश, सांसद एवं प्रदेश भाजपा के कार्यकताओं ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को फूल देकर उनका धन्यवाद देते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर वी सतीश ने कहा कि विश्व के सामने कोविड-19 महामारी एक चुनौती बनकर आई लेकिन प्रधानमंत्री की सूझबूझ और कुशल नेतृत्व बड़े संकट से उबारा है। उधर प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा ने विवेकानंद की जीवन शैली पर एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी को किया गया था, जिसके विजेताओं का ऐलान मंगलवार को किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि स्वामी एक कुशल व्यक्तित्व और विद्वान थे। रास्तों पर चलकर हम जीवन के मूल्यों को समझ सकते हैं।

# संक्रमण दर घटी, 24 घंटे में 11684 नए मरीज सामने आए



● मौत का आंकड़ा बढ़ा, कोरोना से 38 लोगों की गई जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के नए मामलों में पिछले कुछ दिनों से गिरावट दर्ज की जा रही है।

पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 11684 नए मामले सामने आए हैं। यही वजह है कि कोरोना की संक्रमण दर घट कर 22.47 फीसदी पर पहुंच गई। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 11,684 नए मामले मिले तथा 38 और संक्रमितों की मौत हो गई। राजधानी दिल्ली में सोमवार को संक्रमण दर 27.99 फीसदी थी और 12,527 नए मामले आए थे। सोमवार को 50,002 नमूनों की जांच की गई थी, जबकि रविवार को 44,762 नमूनों का परीक्षण किया गया था। अस्पतालों में कुल 2730 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 139 वेंटिलेटर पर हैं।

दिल्ली में कुल मामले बढ़कर 17,34,181 पर पहुंच गए हैं जबकि कोविड के कारण मृतकों की संख्या 25,425 पहुंच गई है। संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 78,112 है, जबकि 63,432 मरीज घर में पृथक-वास में हैं।

# जंगपुरा आरआरटीएस स्टेशन के निकट अंडरपास तैयार

## स्टेशन तक आम लोगों की पहुंच आसान बनाने के लिए मथुरा रोड से जोड़ा गया

संजय राय। नई दिल्ली



जंगपुरा रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) स्टेशन के पास बने अंडर पास से वाहन जल्द फर्राटा भरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने स्टेशन तक आम लोगों की पहुंच आसान बनाने के लिए इस स्टेशन को मथुरा रोड से जोड़ने का का काम पूरा कर लिया है।

चार लेन वाला यह अंडर पास मथुरा रोड के नीचे से गुजर रहा है जिससे जंगपुरा आरआरटीएस स्टेशन तक भारी मोटर वाहनों सहित सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही संभव हो जाएगी। जंगपुरा में स्टेशन के साथ ही आरआरटीएस नेट वर्क के फेज वन के तहत बनने वाले तीनों कॉरिडोर के लिए ट्रेन की स्टैबलिंग व मेंटेनेंस यार्ड का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा मथुरा रोड से जंगपुरा आरआरटीएस स्टेशन की ओर जाने के लिए चार लेन के एक कनेक्टिंग रोड का निर्माण कर रहा है जिससे आश्रम, महारानीबाग, निजामुद्दीन और जंगपुरा में रहने वाले लोग आसानी से बिना ट्रैफिक जाम में फंसे आरआरटीएस की सेवाओं का फायदा उठा सकेंगे। इस अंडर पास का निर्माण बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा किया गया है।

इस तकनीक में प्रीकास्ट बने हुए बॉक्स को हाइड्रोलिक जैक की मदद से पुश करके तय जगह पर फिट कर दिया जाता है और इस प्रक्रिया में वाहनों का आवागमन प्रभावित नहीं होता। मथुरा रोड के व्यस्त ट्रैफिक को देखते हुए यह तकनीक कारगर साबित हुई है। अंडरपास को पैदल चलने वालों के अनुकूल भी बनाया है। लगभग 1.5 मीटर चौड़ी जगह दोनों ओर के पैदल चलने वालों के लिए ही रखी गयी है। अंडर पास के दोनों तरफ बॉक्स लगभग 8.5 मीटर चौड़ा है।

### आवासीय टावरों का होगा निर्माण



जंगपुरा आरआरटीएस स्टेशन 82 किमी लंबी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 वां स्टेशन है, जिसके निर्माण के साथ साथ यहां पर आरआरटीएस ट्रेन के रुकने व रखरखाव के लिए यार्ड, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, कार्यालय परिसरों और आवासीय टावरों आदि का निर्माण भी किया जा रहा है।

जंगपुरा तक की कनेक्टिविटी को पूरा करने के लिए रैंप और लूप बनाए जाएंगे और इन्हें सड़क के बाकी हिस्सों से जोड़ दिया जाएगा। ये कार्य इस साल की पहली तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

वर्तमान में इस साइट की कनेक्टिविटी अच्छी नहीं है क्योंकि यह तीन रेलवे लाइनों से घिरा हुआ है। रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के माध्यम से मौजूदा कनेक्टिविटी कम ऊंचाई के वाहनों के अलावा हल्के वाहनों (एलएमवी) के लिए होगा। एक बार अंडर पास शुरू हो जाने पर, जंगपुरा आरआरटीएस स्टेशन परिसर के साथ-साथ ट्रेन स्टेबलिंग यार्ड की मथुरा रोड से निर्बाध कनेक्टिविटी हो जाएगी। उचित ऊंचाई होने के कारण इससे हल्के, भारी व अग्निशमन के वाहनों की आवाजाही भी सुगम हो जाएगी। इससे दिल्ली के इस भाग में आरआरटीएस के बुनियादी ढांचे तक लोगों की पहुंच बढ़ने के साथ ही यातायात के बुनियादी ढांचे में भी एक नया आयाम जुड़ जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार



'मेरे हमसफ़र पुस्तक' का लोकार्पण करते पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार।

### 'मेरे हमसफ़र पुस्तक' का लोकार्पण

**नई दिल्ली/देहरादून।** 'मेरे हमसफ़र पुस्तक' का लोकार्पण उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर मेरे हमसफ़र पुस्तक के लेखक एसएस डोगरा सहित प्रसिद्ध फिल्मकार शिवनारायण सिंह रावत, प्रमुख शिक्षाविद स्वर्लीन कौर तथा मीनाक्षी भी उपस्थित रहीं। गौरतलब है कि पुस्तक के लेखक एसएस डोगरा कि इस पुस्तक में उनके द्वारा लिए गए शिक्षा, राजनीति, साहित्य, खेल, सिनेमा, समाज सेवा आदि क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों के 47 साक्षात्कार शामिल हैं। एसएस डोगरा, गुरु गोविंद सिंह आईपी यूनिवर्सिटी के मान्यता प्राप्त फेयर फील्ड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कालेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं। साथ ही काठमांडू नेपाल से प्रकाशित हिंदी मासिक पत्रिका के ब्यूरो प्रमुख भी हैं।

### राजेंद्र तोमर के नाम से गली का नामकरण



**नई दिल्ली।** महापौर सांसद मनोज तिवारी श्याम सुन्दर अग्रवाल ने गोरखपार्क वार्ड की गली का नामकरण राष्ट्रपति पदक से सम्मानित राजेंद्र सिंह तोमर के नाम से गली का नामकरण किया गया, उनके बेटों विपिन तोमर, आशीष तोमर, नितिन तोमर, रोबिन तोमर एवम परिवार के सदस्य ने अतिथियों को शॉल पहनाकर व रामदरबार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय निगम पार्षद कुसुम तोमर ने की, निगम पार्षद को राजेंद्र तोमर का स्वागत श्रद्धा तोमर ने किया। सांसद मनोज तिवारी ने कहा पुलिस सेवा में अपने अच्छे कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपति पदक मिलना दर्शाता है कि उन्होंने अपना काम सच्ची लगन और ईमानदारी से करते हुए अपराधियो को जेल का रास्ता दिखाया। कार्यक्रम में जोन चेयरमैन प्रवेश शर्मा,जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद जी भी उपस्थित रहे एवम देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

### तापमान बढ़ा, खराब श्रेणी में पहुंचा वायु प्रदूषण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 90 प्रतिशत रहा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 339 दर्ज किया गया। सोमवार की शाम चार बजे भी एक्यूआई इसी श्रेणी में था। सोमवार का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम, 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 जनवरी, 2022



# गंदे पानी व कीचड़ भरी गली में कैसे आएगी बारात...

## शादी वाले घर के बाहर बह रहा सीवरेज का पानी

## बदबूदार पानी और गली में कीचड़ से परेशान हैं लोग



गुरुग्राम के गांव बसई में बह रहा गंदा पानी व ओवरफ्लो सीवरेज का मेन होल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फरीदाबाद** में एक युवती द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ट्वीट करके कहा गया कि उसकी शादी है और घर के बाहर गली में गंदा पानी बह रहा है। ऐसे में कैसे बारात उसके दरवाजे तक आएगी और वह कैसे विदा होगी। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए, जिसके बाद उनकी गली में सुधार हुआ। ऐसा ही स्थिति अब गुरुग्राम के गांव बसई में भी बनी है। देखना है कि यहां पर क्या सुधार होता है।

बसई गांव निवासी युवती मानसी पुत्री स्वर्गीय सजन सिंह कटारिया ने बताया कि उसकी शादी 22 जनवरी 2022 की है। अगले दिन 23 जनवरी को उसके भाई मनीष की शादी है। घर में शादी की तैयारियां चल रही हैं। इन तैयारियों के बीच परिवार को शादी से ज्यादा चिंता घर के बाद रोजाना बह रही गंदगी की है। यहां सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। जिस कारण सीवरेज से गंदगी निकलकर दिन-रात गली में ही फैली रहती है। कहने को तो गांव नगर निगम गुरुग्राम का हिस्सा है, लेकिन गांव में स्थिति नरक जैसी बनी हुई है। शादी वाला परिवार गरीब है। उसकी गुहार कोई नहीं सुन रहा। गांव के कुछ लोगों से आग्रह किया तो वे इस समस्या को लेकर मीडिया तक पहुंचे। गांव बसई निवासी राजेश शर्मा, रोहित शर्मा, तेजपाल कटारिया, रणधीर सिंह कटारिया, धर्मबीर शर्मा आदि का कहना है कि गांव की कई गलियों की हालत इसी तरह की है। जिस घर में शादी है, वहां तो परिवार परेशान है। बारात कैसे उनके दरवाजे तक पहुंचेगी और कैसे बेटी की विदाई होगी, यह बहुत बड़ी समस्या है। नगर निगम प्रशासन को कई बार शिकायत की जा चुकी है। कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### करोड़ों खर्च के बाद भी बसई में है पानी-पानी

**उन्होंने** यह भी कहा कि कहने को तो बसई गांव में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए हैं। महीनों तक यहां मुख्य सड़क पर बड़ी-बड़ी पाइप दबाने का काम चला, लेकिन हालात आज भी पहले जैसे ही हैं। कई-कई दिन तक पानी भरा रहता है। झज्जर की तरफ से आकर गुरुग्राम में प्रवेश का मुख्य रास्ता बसई गांव से ही है। ऐसे में यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

# बूस्टर डोज के नाम पर फर्जी फोन कॉल और ई-मेल से सतर्क रहें

## पिन नंबर बताने पर बैंक खातों में लग सकती है सेंध

**गुरुग्राम।** देशभर में 10 जनवरी से शुरू हुए बूस्टर डोज अभियान के साथ ही साइबर ठगों ने ठगी का अब नया तरीका अपनाया है। साइबर ठग लोगों को फोन कर कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से बचाव के लिए टीके का बूस्टर डोज लगवाने का झांसा दे रहे हैं।

ठग पंजीकरण कराने के लिए मोबाइल पर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) भेजते हैं। यह ओटीपी बताते ही खाते से पैसे निकाल लिए जा रहे हैं। ऐसे में सभी जिलावासियों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। देश के अन्य हिस्सों में कोविड-19 की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे वेक्सीनेशन अभियान के नाम पर लोगों के साथ साइबर फ्रॉड कर उनको आर्थिक चपत लगाई जा रही है। वर्तमान में गुरुग्राम जिला में अभी ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन फिर भी हम सभी को एहतियातन सतर्क रहने की जरूरत है।

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि साइबर ठग ई-मेल, मैसेज भेजकर कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन से बचाव के लिए बूस्टर डोज की सलाह दे रहे हैं। इसके लिए बूस्टर डोज के रजिस्ट्रेशन का लिंक भेजा जाता है। फिर आपकी डिटेल भरवाकर लिक को क्लिक और ओटीपी शेयर करने को कहते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मामले देखने को मिल रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मूलभूत सुविधाएं देने के लिए डीसी को सौंपा मांग पत्र



गुरुग्राम के गांव चमनपुरा में मूलभूत सुविधाएं देने के लिए उपायुक्त को मांग पत्र सौंपते शिक्षाविद् कल्याण सिंह भारत।

**गुरुग्राम।** अनुसूचित जाति के गांव चमनपुरा निवासी शिक्षाविद् कल्याण सिंह भारत ने गांव की मुख्य समस्याओं का समाधान करने, गांव चमनपुरा का बुनियादी विकास करवाने के लिए तथा हरियाणा राज्य की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए मंगलवार को जिला उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2018-19 में लोह सिंघानी ग्राम पंचायत में जब चमनपुरा लगता था, तब चमनपुरा गांव की अनुसूचित जाति आबादी होने के कारण गांव व ग्राम पंचायत लोहसिंघानी का चयन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में हुआ था। जिसकी अनुदान राशि 20 लाख रूपये आई, लेकिन चमनपुरा गांव को उसका लाभ अब तक भी नहीं मिला है। लोह सिंघानी ग्राम पंचायत के लिए आदर्श ग्राम योजना का जो अनुदान राशि आई है, उसको गांव चमनपुरा के विकास कार्यों के लिए खर्च किया जाए, क्योंकि 2011 की जनगणना के अनुसार गांव चमनपुरा की समस्त आबादी अनुसूचित जाति की है। जिसकी जनसंख्या 700 है। इसके अलावा अब 23 फरवरी 2021 को हरियाणा सरकार ने गांव चमनपुरा को लोहसिंघानी ग्राम पंचायत से अलग करते हुए ग्राम पंचायत चमनपुरा की अलग से पंचायत बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गांव चमनपुरा लैंडलैस विलेज है। गांव में लगभग 150 राशनकार्ड होल्डर परिवार रहते हैं। जिनमें लगभग 120 परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। गांव में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। चमनपुरा लोहसिंघानी गांवों की शामलात ग्राम पंचायत में लोहसिंघानी द्वारा जो शमशान घाट चमनपुरा को दिया, उसके लिए लोहसिंघानी के मौजिजान मुखिया ने चकबंदी के दौरान रास्ता नहीं लगवाया था। इसलिए शमशान घाट के लिए रिवेन्यू रिकार्ड में कोई रास्ता नहीं है।

## चांदला डुंगरवास में ऑनलाइन हुई पानी पर पंचायत

**गुरुग्राम।** जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को गुरुजल सोसायटी द्वारा गांव चांदला डुंगरवास में ऑनलाइन पानी पंचायत हुई। इस ऑनलाइन पंचायत में गांव के युवाओं, महिलाओं वरिष्ठ नागरिकों, आंगनबाडी कार्यकर्ता, स्वच्छ भारत मिशन, स्वयं सहायता समूह व अटल भू-जल टीम ने भागीदारी की। गांव में राजा की ढाणी में स्थित जोहड़ का गुरुजल सोसायटी व पावरग्रिड कंपनी द्वारा संयुक्त रूप से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। ऑनलाइन पंचायत का शुभारंभ करते हुए गुरुजल सोसायटी के रिलेशनशिप मैनेजर ओशो ने कहा कि गांववासियों के जल संरक्षण के प्रति समर्पण भाव व प्रतिबद्धता को देखते हुए गांव में स्थित जोहड़ का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। गुरुजल की सदस्य प्रकृति ने लघु डाक्यूमेंट्री के माध्यम से गुरुग्राम की वर्तमान भूजल स्थिति प्रदर्शित की। गुरुग्राम को वाटर रेड जोन से बाहर निकालने के उपायों के बारे में बताया। सोसायटी के सिविल इंजीनियर आशीष तिवारी ने गांव वासियों को गांव में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के फायदों के बारे में बताया और कहा कि इससे भूजल स्तर ऊंचा उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी जोहड़ के पुनर्निर्माण से पहले वहां एक बेसलाइन सर्वे करते हैं, ताकि जोहड़ की वर्तमान स्थिति को जाना जा सके। फिर उसी अनुसार तकनीक का प्रयोग कर वहां पर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाता है। जोहड़ का पुनर्निर्माण होने के बाद गांव के घरों से आने वाला गन्दा पानी शोधित होने के बाद ही जोहड़ में डाला जाएगा और इसके कारण भूजल का स्तर भी ऊंचा उठेगा।

## सरेआम सट्टा खाई करने वाला गिरफ्तार

**सोहना।** सीआईए पुलिस ने सरेआम पार्क के अंदर सट्टा खाई करने वाले को दबोचा। आरोपी के पास से 2610 रुपये नकदी बरामद की है। सीआईए पांच पुलिस में तैनात एएसआई हरपाल ने बताया कि शहर के वार्ड 17 पठानवाड़ा निवासी विजय सट्टाखाई कर रहा था। जिसे मौके पर जाकर दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के 2610 रुपये पेंट की जेब से मिले। यह राशि कई लोगों ने सट्टा के नंबर पर लगाई हुइ थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# स्वरोजगार करके युवा जीवन को दें सही दिशा



गुरुग्राम की न्यू कालोनी में यूनिसेक्स सैलून का उद्घाटन करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** स्वरोजगार के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के दरवाजे युवाओं के लिए खुले हैं। युवा नौकरी लेने की बजाय देने वाले बनें, इस उद्देश्य से सरकार काम कर रही है। युवाओं को स्किल्ड बनाकर सरकार आगे बढ़ा रही है। सरकारी व निजी क्षेत्र के साथ मिलकर देश-प्रदेश में प्रशिक्षण केंद्रों को स्थापित किया जा रहा है। ऐसे में युवा पूरी लगन के साथ इस काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

यह बात पर्यावरा संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां न्यू कालोनी में परी यूनिसेक्स सेलून के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बीच आज अनेक लोग नया काम शुरू करने से हिचक रहे हैं। ऐसा होना लाजिमी है। क्योंकि कोरोना महामारी ने सभी काम-धंधों को इतना अधिक प्रभावित कर दिया है कि लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आपदाओं में भी अवसर तलाशे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को दिशा की जरूरत है। हमारी सरकार ने इस पर विशेष तौर पर काम किया है। आज स्मार्ट बनकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने परी यूनिसेक्स सेलून संचालिका सरिता हुड्डा का उदाहरण देकर कहा कि उन्होंने कोरोना की तमाम चुनौतियों के बीच यहां इस कार्य की शुरुआत की है। परिणाम हर काम में अच्छे आते हैं। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। श्री गोयल ने कहा कि हमारे देश युवाओं का देश है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल, कार व ट्रक की हुई भिड़ंत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सिलानी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सामने आ रही कार को सीधी टक्कर मारी। कार सवार पिता पुत्र समेत चालक घायल हो गया। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे से दो दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मौके पर खड़ा ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

जिला नूंह थाना तावडू के गांव सूंध निवासी रवि ने सोहना सदर थाना पुलिस को अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफकार में सीधी टक्कर मारने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि 15 जनवरी को वह और उसके ताऊ का लड़का मुकेश तथा मुकेश का लड़का आयुष उर्फपीयूष बैठे हुए थे। वे सब पलवल से सोहना आ रहे थे। गांव सिलानी के पास सोहना से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक आया। उसके चालक द्वारा बरती गई लापरवाही से उनकी कार से सीधा टकरा गया। इस हादसे में कार चला रहा मुकेश व उसक बेटा को गंभीर चोटें आई। कार अगला हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया।

# कोरोना सर्वे के दौरान आशा वर्कर्स को फोन पर मिल रही धमकियां

## धमकी भरे फोन के आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कोरोना** सर्वे के दौरान आशा वर्कर्स को फोन जानकारी लेने के दौरान धमकियां मिल रही है। धमकी देने के दौरान नौकरी से निकलवाने तथा घर आने पर पिटाई कराने तक की धमकियां दी जा रही हैं। निराश आशा वर्कर्स ने एसएमओ को ज्ञापन सौंपते सर्वे के दौरान धमकियां देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के दिए गए दिशा-निर्देशों पर आशा वर्कर्स सर्वे का कार्य कर रही है। सभी आशा वर्कर्स को उसका कार्य क्षेत्र बांटा हुआ है। सर्वे के दौरान आशा वर्कर्स को जानकारी देने की बजाय उन्हें नौकरी से निकलवा देने, घर आने पर परिजनों से पिटवाने देने समेत गंदी-गंदी गालियां दी जा रही हैं। वार्ड-6 में कार्य करने वाली आशा वर्कर्स कविता ने बताया कि उसने नागरिक अस्पताल से प्राप्त मोबाइल नंबर से सर्वे के दौरान काजल को फोन किया।

फोन करने के दौरान काजल नामक महिला ने उसे डॉक्टर होने के साथ-साथ नौकरी से निकलवा देने की धमकियां दी। आशा वर्कर्स पूजा का कहना है कि कोरोना की दूसर लहर में नगर परिषद के मृतक कर्मचारी के परिजन उसे घर के बाहर आते व जाते समय गालियां देते हैं।

मृतक कर्मचारी की मौत होने का कारण पूछते हैं। उसके बार-बार मना करने पर भी मृतक के परिजन उसे बार-बार परेशान कर रहे है।



नागरिक अस्पताल में एसएमओ को अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते आशा वर्कर्स।

### एसएमओ को सौंपा ज्ञापन

**नागरिक** अस्पताल में आशा वर्कर्स ने मिलकर अपनी समस्या को लेकर एसएमओ डॉ. नवल किशोर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान गलत व्यवहार करने वालों के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सर्वे के दौरान आशा वर्कर्स से गलत शब्दों में धमकियां देने तथा जानकारी सही न देने वालों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई जाएगी। आशा वर्कर्स कविता की शिकायत पर विभाग की तरफसे पुलिस को पत्र लिखते हुए आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की गई हैं।

**डॉ. नवल किशोर**
**( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

# गुरुग्राम में सब कमेटी बना जल संचयन की रोजाना बनाएं रिपोर्ट: केशनी आनंद

## एचडब्ल्यूआरए की चेयरपर्सन ने जिला में वाटर एक्शन प्लान को लेकर ऑनलाइन ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** जल संसाधन प्राधिकरण (एचडब्ल्यूआरए) की चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा ने मंगलवार को कहा कि गुरुग्राम में भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने व वेस्ट वाटर के प्रबंधन के लिए एक अच्छे एक्शन प्लान को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने की जरूरत है, तभी सुखद परिणाम सामने आएंगे। वे मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुग्राम जिला के वाटर प्लान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

बैठक में जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व जिला में जल संचयन के लिए कार्य कर रही स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि भी जुड़े थे। केशनी आनंद अरोड़ा ने कहा कि गुरुग्राम शहर में वेस्ट वाटर का सदुपयोग करने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने होंगे। आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बेहतर वाटर प्लान के साथ अभी से प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिलेनियम सिटी का दर्जा प्राप्त गुरुग्राम शहर पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक राजधानी भी है। ऐसे में यहां जल संचयन के लिए विशेष फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में घटते भूजल स्तर व जल संचयन को लेकर ठोस रणनीति अपनानी होगी। इसके लिए जल संचयन से जुड़े विभागों को गंभीरता से कार्य करने के साथ साथ जल संचयन प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रहे है एनजीओ व अन्य संस्थानों से सहयोग लेना चाहिए ।

बैठक में एचडब्ल्यूआरए के मेंबर संजय मारवाह ने जिला में जल संचयन की मौजूदा स्थिति व भविष्य को लेकर एक संक्षिप्त प्रेजेंटेशन भी दी। उन्होंने कहा कि हमें गुरुग्राम में सभी बड़े संस्थानों की बिल्डिंग से निकलने वाले वेस्ट वाटर का उपयोग उसी के कैचमेंट एरिया में करना होगा।

# शहीद सचिन डागर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## लांस नायक सचिन डागर की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

## प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार लछीराम ने श्रद्धांजलि दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जम्मू** कश्मीर के कूपवाड़ा क्षेत्र में शहीद हुआ लांस नायक सचिन डागर का पैतृक गांव अलीपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार लछीराम ने श्रद्धांजलि दी।

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**शहीद** सचिन डागर का राजकीय सम्मान के साथ गांव के शमशान घाट में किया गया। प्रशासन की तरफ से सोहना के नायब तहसीलदार लछीराम ने श्रद्धांजलि दी। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार ने भी श्रद्धाजंलि दी। शहीद के पिता हवासिंह ने भी बेटा को अमर रहे के जयघोष के साथ श्रद्धांजलि दी। वहीं सेना की तरफ से गार्ड ऑफ आर्नस दिया गया।

**बड़े भाई ने दी मुखाग्नि :** शहीद सचिन डागर के बड़े भाई नीतिन डागर ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। नीतिन भी सेना में कार्यरत हैं। शहीद के पिता हवासिंह किसान और जिन्दगी भर अपने खेतों में फसलें पैदाकर के अपने दोनों बेटों को पाला है। पिता हवासिंह ने बताया कि सचिन का रिश्ता जल्द ही करना था। 12 दिसम्बर को सचिन डागर अपनी चचेरी बहन की शादी धूमधाम से करके सेना में चला गया था। उसके बड़े भाई की शादी भी करीब एक साल पहले की थी।



शहीद लांस नायक सचिन डागर को प्रशासन की तरफ से सलामी देते नायब तहसीलदार लछीराम।

### शहीद के बड़े भाई नितिन ने चिता को मुखाग्नि दी

**सोमवार** की सुबह जम्मू-कश्मिर के कूपवाड़ा में तैनात आरआर-21 कंपनी में तैनात अलीपुर निवासी 24 वर्षीय लांस नायक सचिन डागर की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। जिसका पार्थिव शरीर मंगलवार की सायं 5 बजे कूपवाड़ा से अलीपुर उनके पैतृक गांव में लाया गया। जहां पर शहीद के रिश्तेदार, परिजन, गांव के लोग समेत आस पास के गांवों से आए सैकड़ों की संख्या में लोग पलके बिछाकर आने का इंतजार कर रहे थे। शहीद सचिन डागर का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव में पहुंचा। उसके अमर रहे के गगन चुम्बी नारों से गांव की एक-एक गलियां गूंज उठी। अपने लाडले के अंतिम दर्शन करने के लिए गांव की महिलाएं, बच्चें उस रास्ते के मकानों की छत पर खड़ें हो गए। जिस रास्ते से सचिन डागर का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए घर से लेकर जवान चले थे।

# महामारी में रियल एस्टेट क्षेत्र को आम बजट से हैं बेहतरी की उम्मीद

## युवाओं के देश भारत में बजट देगा विकास लगाएगा पंख, ऐसी उम्मीद

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी के दौरान समस्याओं के कारण सामने आई चुनौतियों ने व्यापार विस्तार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया है। हम नए साल में प्रवेश करते हुए भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए नई विकास संभावनाओं को आशावादी रूप से देखते हैं।

बढ़ते निवेश से उत्साहित रियल एस्टेट क्षेत्र ने सभी चुनौतियों को पार किया है। यह भविष्य में अनिश्चितताओं का सामना करते हुए पहले से कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरा है। रियल एस्टेट में निवेश की रफ्तार बढ़ती रहे, इसके लिए आम बजट में सरकार द्वारा ऐसे प्रावधान रखने होंगे। आखिर क्या कुछ हो बजट में, इस पर रियल एस्टेट सेक्टर के अग्रणी सदस्यों ने अपनी बात रखी।



पंकज बंसल।



संतोष अग्रवाल।



मोहित जैन।



विवेक सिंघल।

### लोन लेकर घर खरीदने में महिलाएं अग्रणी: पंकज बंसल

**एम3एम** इंडिया के निदेशक पंकज बंसल का कहना है कि रियल-एस्टेट खरीदार टैक्स छूट में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। भारत युवाओं का देश है। भारत की 66 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। युवा होम लोन के उधारकर्ता के रूप में उभर रहे हैं। यह भी सच है कि होम-लोन बाजार लगभग 25 फीसदी 26-35 वर्ष के आयु वर्ग के युवा उधारकर्ताओं द्वारा संचालित होता है। लगभग 28 फीसदी 36-45 वर्ष के आयु वर्ग के लोग भी होम लोन लेकर जीवन में घर खरीदने का सपना पूरा करते हैं। पिछले 5 वर्षों में 6.2 फीसदी की सीएजीआर के साथ युवा उधारकर्ताओं के होम लोन की औसत में वृद्धि जारी है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं द्वारा अधिक लोन लिए जा रहे हैं।

### आयकर लाभों का विस्तार करने पर हो विचार: संतोष अग्रवाल

**अल्फा** कॉर्प के सीएफओ एवं कार्यकारी निदेशक संतोष अग्रवाल का कहना है कि हम ऐसे केंद्रीय बजट की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास में रियल एस्टेट क्षेत्र की भूमिका को और मजबूत करने व साथ ही बाजार को निवेशकों और ग्राहकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने पर केंद्रित हो। होम लोन के कम इंटरेस्ट रेट के साथ-साथ ग्राहक-अनुकूल योजनाओं और पहलों ने 2021 में इस क्षेत्र के विस्तार को स्पष्ट रूप से लाभ प्रदान किया है। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य की घोषणाओं और उपायों का लाभकारी और दीर्घकालिक प्रभाव होगा।

### सड़क परिवहन कनेक्टिविटी में सुधार की उम्मीद: मोहित जैन

**क्रियुमी** कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन आने वाले बजट से उम्मीद करते हैं कि बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र की इनपुट-लागत में जीएसटी ब्रैकेट में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे। जैसा कि सरकार कच्चे माल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने और रियल एस्टेट विकास पहल को प्रोत्साहित करने के लिए देख रही है, हम उम्मीद करते हैं कि बुनियादी ढांचा पुनर्विकास परियोजनाओं को भी तेजी से ट्रैक किया जाएगा। भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि आगामी बजट सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार पर जोर देगा। इन रियल एस्टेट डेवेलपमेंट के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने से निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी बढ़ावा मिलेगा।

### कोरोना की तीसरी लहर के बीच अच्छे की उम्मीद: विवेक सिंघल


**स्मार्ट** वर्ल्ड डेवेलपर के सीईओ विवेक सिंघल का कहना है कि गंभीर स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद सरकार वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप सक्रिय उपायों के साथ महामारी से निपटने के लिए तैयार है।

# कोरोना महामारी ने लोगों का ध्यान फिजिकल फिटनेस की तरफ आकर्षित किया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इस** महामारी के बाद बड़ी संख्या में लोग फिटनेस फ्रीक बन गए हैं। जिम जाने में खतरा है और पिछले दो सालों में ज्यादातर समय जिम बंद रहते हैं, ऐसे में घर पर इस्तेमाल किए जाने वाले फिटनेस इक्विटमेंट की मांग तेजी से बढ़ी है. इनमें से एक है फिटनेस बाइक, कल्टबाइक.फिट. कल्टबाइक.फिट एक स्पिनिंग वर्कआउट इक्विपमेंट है जिसे काफी हाईटेक बनाया गया है. कल्टबाइक.फिट में 21.5 सेंटीमीटर का टचस्क्रीन भी दिया गया है, जिसकी मदद से घर में अलग-अलग तरह के वर्कआउट किए जा सकते हैं।

**लाइव क्लासेज** कल्टबाइक.फिट के फीचर्स पर गौर करें तो टचस्क्रीन की मदद से आप वर्क आउट के दौरान अपने ट्रेनर या एक्सपर्ट की लाइव मदद ले सकते हैं. इसमें आप किसी भी फिटनेस फ्रीक फॉलो कर सकते हैं. इंटरनेट पर वह जिस तरीके से गाइड करेगा, आप वर्क आउट के दौरान उसे आसानी से फॉलो कर पाएंगे।



**ऑन डिमांड वर्कआउट:** इस बाइक में 200 से ज्यादा ऑन डिमांड वीडियोज की सुविधा दी गई है. इसके अलावा वर्क आउट के दौरान अपनी पसंद का गाना सुन सकते हैं और प्लेलिस्ट तैयार कर सकते हैं. इसके अलावा अपने वर्क आउट प्रोग्रेस को भी ट्रैक किया जा सकता है।

**सीनिक राइड्स:** टचस्क्रीन में 100 से ज्यादा शहरों का वीडियो अपलोड किया गया है. आप अपने मूड के हिसाब से शहर का चयन कर सकते हैं और फिर साइकिलिंग का आनंद उठा सकते हैं. ऐसे एक्सरसाइज करने में परेशानी भी नहीं होगी.

**वीकली अपडेट:** टेक्नोलॉजी की मदद से आपको वर्क आउट संबंधी साप्ताहिक अपडेट भी मिलता है. आप यह आसानी से पता लगा सकते हैं कि हर सप्ताह कितने कैलरीज बर्न किए हैं. आपकी औसत स्पीड कितनी है और आप कितनी तेजी से फिट हो रहे हैं.

अगर आप रोजाना कल्टबाइक.फिट पर प्रैक्टिस करते हैं तो इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स है। आप दिल संबंधी बीमारियों से दूर रहेंगे। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे. कल्टबाइक.फिट की कीमत बहुत ज्यादा नहीं है. आप इसे महज 49900 रुपये में खरीद सकते हैं. रोजाना अगर आप इस बाइक को चलाते हैं तो फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल स्ट्रेन्थ भी मिलेगा।

# बूथ बंद कर बूस्टर डोज को दिया जा रहा बढ़ावा

कविता। फरीदाबाद

### बूस्टर डोज न लगवाने वालों के पास पहुंच रही जिले की वैक्सीनेशन टीम

**कोरोना** की तीसरी लहर को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मी, फ्रंट लाइन कर्मचारी व सीनियर सिटीजन को बूस्टर डोज लगाने के अभियान की शुरुआत हुए आठ दिन हो चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य कर्मी बूस्टर डोज लगवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

विभाग द्वारा सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए पत्र जारी किया जा चुका हैं। लेकिन अधिकतर चिकित्सकों और स्टाफ ने अब तक बूस्टर डोज नहीं लगवाई। कुछ कर्मचारियों ने तो अभी तक पहली डोज तक नहीं लगवाई है। पुलिस कर्मी भी बूस्टर डोज नहीं लगवा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रतिदिन कुछ लोग ही बूस्टर डोज लगवा रहे हैं। जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने वैक्सीनेशन टीम को स्वास्थ्य सेंटरों में जाकर कर्मचारियों को बूस्टर डोज लगाने के निर्देश दिए हैं। जिन स्वास्थ्य कर्मियों की डोज बकाया है, उनका रिकॉर्ड तैयार करने को कहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन टीम ने बीके


वैक्सीनेशन टीम बीके अस्पताल में पहुंच स्टाफ को बुस्टर डोज लगाते हुए।

अस्पताल के वार्डों में तैनात कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई। ऐसे में महिला वैक्सीनेशन सेंटर को बंद रखा गया।

दस जनवरी से शुरू हुए अभियान में अब तक 7137 ने बूस्टर डोज लगवाई है। इसमें सभी स्वास्थ्य कर्मी व फ्रंट लाइन कर्मचारियों से ज्यादा सीनियर सिटीजन बूस्टर डोज लगवा रहे हैं। जबकि हजारों स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन कर्मचारियों को डोज लगनी है। पहले स्वास्थ्य विभाग ने एक सप्ताह में ही इन्हें बूस्टर डोज लगाने का प्लान तैयार किया था। लेकिन कर्मचारियों के आगे नहीं आने के चलते प्लान पर पानी फिर गया है।

**34.70 लाख ने लगवाई डोज** : शुरुआत में वैक्सीनेशन का कार्य ढीला चल रहा था। लेकिन जिला वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. मान सिंह के बनने के बाद न तो वैक्सीन की कमी हुई और न ही वैक्सीनेशन करवाने आ रहे लोगों की संख्या। रोजाना आठ से दस हजार लोगों को वैक्सीन लगाए जाने के टारगेट को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने जिले में एक दिन में 20 से 30 हजार वैक्सीन लगाने का टारगेट पूरा किया।

डॉ. मान सिंह की माने तो टारगेट से काफी अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। जिसमें पहली और दूसरी डोज 3470493 लोगों को अब तक लग चुकी है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन ने वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के बिना सरकारी और निजी कार्यालयों में एंट्री बंद कर दी।

# कोविड-19 की व्यवस्था में प्रशासन की तरफ से कोई ढिलाई न रहे: मंडलायुक्त

### मंडल आयुक्त संजय जून ने मेडिकल अथवा अन्य मदद के लिए प्रशासन को दिये तैयार रहने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कोविड -19 की व्यवस्था को लेकर मंडल आयुक्त संजय जून द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेते जिला के आला अधिकारी।


**मंडल** आयुक्त संजय जून ने कहा कि कोविड-19 के मामले पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमें प्रत्येक मामले पर गंभीरता से नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि इस बार यह अच्छी बात है कि ज्यादातर मामले होम आईसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं लेकिन इसके बावजूद जिस भी व्यक्ति को मेडिकल या अन्य मदद की आवश्कता है तो प्रशासन को दिन-रात तैयार रहना है।

मंडल आयुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में जिला में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति व तैयारियों को लेकर जिला के वरिष्ठ अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग में सीएमओ डा. विनय गुप्ता ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पांच हजार से अधिक सैंपल प्रतिदिन लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में मौजूदा समय में पाजीटिविटी दर 30.09 प्रतिशत है। अब तक जिला में ओमिक्रान के 45 मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी लहर के दौरान 9 मई को 1991 मामले सामने आए थे और वर्तमान में 15 जनवरी को 1764 मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन से मामले कम आ रहे हैं। सीएमओ डा. विनय गुप्ता ने बताया कि जिला में फिलहाल सभी व्यवस्थाएं बेहतर हैं। उन्होंने जिला में बैड की स्थिति, आक्सीजन की व्यवस्था व दवाओं की व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस पर मंडल आयुक्त ने कहा कि जिला में बैड मैनेजमैंट, आक्सीजन की स्थिति व अन्य सभी कार्यों के लिए अलग-अलग वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में कमेटियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी कमेटियां अपने से संबंधित कार्यों का माईक्रो प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि स्थिति कोई भी रहे हमें हमेशा अपनी तरफ से प्रत्येक तैयारी पूरी रखनी है। उन्होंने कहा कि कोविड कंट्रोल रूम सभी लगातार एक्टीवेट रखें और कर्मचारियों की रोटेशन के आधार पर ड्यूटियां लगाएं।

उन्होंने कहा कि लोगों में किसी भी तरह का पैनिक न हो और उन्हें सुविधाएं भी समय पर मिलें। मीटिंग में उपायुक्त जितेंद्र यादव, स्मार्ट सिटी की सीईओ डा. गरिमा मित्तल, नगर निगम आयुक्त यशपाल, एचएसवीपी के प्रशासक जितेंद्र दहिया, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब सिंह, सीएमओ डा. विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डा. रामभगत, डिप्टी सीएमओ डा. राजेश श्योकंद और डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुशील कुमार अहलावत सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# कोरोना: जिले में 1136 नए संक्रमित, 557 हुए ठीक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बीके अस्पताल में कोरोना की जांच करवाते लोग।

**जिले** में मंगलवार को कोरोना वायरस के 1136 मामले पॉजिटिव आए हैं। अच्छी बात यह है कि 557 मामले ठीक होने पर अपने घर में भेज दिए गए हैं। वहीं मंगलवार को जिले में रिकवरी रेट भी 89.38 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में 1136 नए मामले सामने आने से जिले में फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 11407 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में जिले में 11196 मरीज है।

वहीं कोरोना पॉजिटिव के 211 केस अस्पताल में भर्ती है। जिसमें ऑक्सीजन पर 40, आईसीयू में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त 26 और वैंटीलेटर पर 6 मरीजों को भर्ती किया गया है। जिले में कोरोना महामारी को समाप्त करने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। पिछले 24 घंटे में 4537 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि 1393996 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 114198 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1274622 लोग नेगेटिव मिले। वहीं पिछले दिनों में लिए गए सैम्पलों में सरकारी में 3971 और निजी प्रयोगशालाओं में 1205 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है। आंकड़ों के अनुसार जिले में सैंपल पॉजिटिव रेट 8.19 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 89.38 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 9.99 प्रतिशत है।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी बरतते रहें और कोशिश करें कि अपने घर के अंदर ही रहे। कोरोना के बारे में कोई भी जानकारी लेनी हो तो स्वास्थ्य विभाग के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2415623 या 8882916056 डायल करें। इसके अलावा, जिला प्रशासन के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2221000 पर भी संपर्क कर सकते हैं। सरकार द्वारा जारी की गई कोविड-19 की हिदायतों की पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण बढ़ा रहा कोरोना रोगियों के लिए दिक्कत

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रदूषण का स्तर भी खराब हो रहा है। ऐसे में रोगियों को श्वास लेने में दिक्कते हो रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ऑक्सीजन पर भर्ती मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई। जहां सोमवार तक ऑक्सीजन पर 35 मरीज थे, वहीं मंगलवार को मरीजों की संख्या 35 से बढ़कर 40 पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक जिले में प्रदूषण का स्तर लगातार बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। मंगलवार को भी एयर क्वालिटी इंडेक्स सामान्य से लगभग साढ़े 6 गुना अधिक दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 334 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से फरीदाबाद की हवा काफी खराब हो रही है। धुंध के साथ ही हल्का स्मॉग रहता है, जिसके लोगों को दिक्कत होती है। जिले में पिछले कई दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के ऊपर बना हुआ है। मंगलवार को भी यह 334 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण की बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि बल्लभगढ़ क्षेत्र में फिलहाल एयर क्वालिटी इंडेक्स थोड़ा कम बना हुआ है। मंगलवार को यहां का एक्यूआई 184 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण की माध्यम श्रेणी में आता है।

### बूस्टर डोज के नाम पर फर्जी कॉल व ईमेल से सतर्क रहें

**फरीदाबाद।** देशभर में 10 जनवरी से शुरू हुए बूस्टर डोज अभियान के साथ ही साइबर ठगों ने ठगी का अब नया तरीका अपनाया है। साइबर ठग लोगों को फोन कर कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से बचाव के लिए टीके का बूस्टर डोज लगवाने का झांसा दे रहे हैं। पंजीकरण कराने के लिए मोबाइल पर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) भेजते हैं। यह ओटीपी बताते ही खाते से पैसे निकाल लिए जा रहे है। ऐसे में सभी जिलावासियों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि देश के अन्य हिस्सों में कोविड 19 की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे वेक्सीनेशन अभियान के नाम पर लोगों के साथ साइबर फ्रॉड कर उनको आर्थिक चपत लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फरीदाबाद जिला में अभी ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन फिर भी हम सभी को एहतियातन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग ई मेल, मैसेज भेजकर कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन से बचाव के लिए बूस्टर डोज की सलाह दे रहे हैं। इसके लिए बूस्टर डोज के रजिस्ट्रेशन का लिक भेजा जाता है। फिर आपकी डिटेल भरवाकर लिक को क्लिक और ओटीपी शेयर करने को कहते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मामले देखने को मिल रहे हैं।

### 16 डिग्री तापमान के बीच निकली कड़क धूप

**फरीदाबाद।** जिले में मंगलवार को सुबह के समय जहां बादल छाए हुए थे, वहीं दोपहर को धूप निकल गई, जो पिछले कुछ दिनों की तुलना में कड़क थी। जिससे जिलेवासियों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली, लेकिन शाम को अचानक से एक बार ठंड बढ़ने लगी। जानकारी के मुताबिक जिले का मौसम फिलहाल परिवर्तनशील बना हुआ है। कभी आसमान में हल्के बादल छा जाते हैं, तो भी धूप निकल आती है। हालांकि की ठंड का कहर अभी भी जारी है। मंगलवार को भी फरीदाबाद का अधिकतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया है। कृषि यूनिवर्सिटी की तरफ से दो दिन बाद फिर से हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। मंगलवार को सुबह के समय हल्के बादल छाए हुए रहे। दोपहर को धूप लिखी, जो पिछले कुछ दिनों की तुलना में कड़क थी। ऐसे में अधिकतम तापमान में कोई गिरवाट दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि यूनिवर्सिटी हिसार की तरफ से आने वाले कुछ दिनों के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसके अनुसार 20 जनवरी की रात से 22 जनवरी तक गरज-चमक व हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावनाएं हैं। बारिश के दौरान न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होगी, उसके बाद तापमान में फिर से गिरवाट आने का अनुमान है।

### जिले के कंटेनमेंट जोन की संशोधित सूची जारी

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में कंटेनमेंट जोन की सूची संशोधित की है, जिसके तहत नए क्षेत्र कंटेनमेंट जोन में शामिल किए हैं। इसलिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कंटेनमेंट जोन की सूची को संशोधित किया गया है। अत: एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि मंगलवार तक जिला फरीदाबाद में इन स्थानों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है। कंटेनमेंट जोन के संबंध में जिला प्रशासन, हरियाणा सरकार और भारत सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का नीचे दिए गए कंटेनमेंट जोन में सख्ती से पालन किया जाएगा। बनाये गए नये कन्टेनमेंट जोन की सूची इस प्रकार है। जिसमें मकान नम्बर चार के अंतिम घर-बाबू लाल आरके टावर, त्रिखा कॉलोनी बल्लभगढ़, वहीं पहला मकान-एफ-88 से अंतिम घर-राज कुमार, त्रिखा कॉलोनी, नियर आधारशिला स्कूल बल्लभगढ़, तीसरे नम्बर पर पहला मकान-प्रमोद कुमार से अंतिम घर-हुकुम चंद वार्ड नंबर-9, ब्राह्मणवाडा बल्लभगढ़, चौथे नम्बर पर पहला मकान-नेतेश शर्मा से अंतिम घर-अंकित अग्रवाल ब्राह्मणवाडा और पांचवें नम्बर पर मकान. 465 से 483 भीकम कॉलोनी बल्लभगढ़, छठें नम्बर पर 2200 से 2240 सेक्टर 55, सातवें नंबर पर 1035 से 1070 सेक्टर 55, आठवें नम्बर पर 2246 से 2275 सेक्टर 55, नौवें नम्बर पर 2486 से 2520 सेक्टर 55, दसवें नम्बर पर 235 से 260 सेक्टर 55, 11वें नंबर पर 1209 से 1240 सेक्टर 55, 12वें नम्बर पर 2448 से 2480 सेक्टर 55, 13वें नम्बर पर 1826 से 1848 सेक्टर 55, 14वें नम्बर पर 580 से 607 सेक्टर 55, 15वें नम्बर पर 66 से 90 सेक्टर 55, 16 वें नम्बर पर 616 से 640 सेक्टर 55 को शामिल किया है। वहीं दूसरी तरफ किसी भी जोन को लिस्ट से हटाया नहीं गया है।

# स्कूल मालिक अपहरण मामले में टेकचंद गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

### सितंबर 2021 में स्कूल मालिक का अपहरण कर मांगी थी 10 लाख की फिरौती

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र की टीम ने फिरौती के उद्देश्य से स्कूल मालिक के अपहरण मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम निशांत उर्फ निशु है, जो गांव घुड़सान का निवासी है। सितंबर 2021 में आरोपी के खिलाफ फिरौती के लिए अपहरण की धाराओं के तहत थाना छांयसा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में जेसीएम स्कूल के चेयरमैन राजबीर ने बताया कि वह गांव पुनहेड़ा खुर्द का निवासी है और स्कूल के साथ-साथ मोहना रोड पर उसका एक पेट्रोल पंप भी है। 30 जून को पीड़ित के पास एक नंबर से फोन आया जिसमें आरोपी ने खुद को टेकचंद बदमाश बताते हुए उससे 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। इस मामले में आरोपी का एक अन्य साथी विकास भी शामिल था। जो गैंगस्टर टेकचंद और पीड़ित राजबीर के बीच मिडिएटर का काम कर रहा था और टेकचंद की बात फोन पर राजबीर से करवाता था। आरोपी टेकचंद और मनोज ने मिलकर इसके पश्चात कई बार राजबीर को फिरौती के लिए फोन किया। कुछ समय तक पश्चात फोन आने बंद हो गए।

एक सितंबर की रात 10 बजे जब राजबीर अपने पेट्रोल पंप पर मौजूद था। तभी आरोपी निशांत, मनोज तथा दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बिना नंबर की स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर आया और बंदूक की नोक पर राजबीर को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए और उससे 10 लाख की फिरौती मांगी। परिजनों की सूचना पुलिस ने 13 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने मामले में शामिल आरोपी विकास को 26 सितंबर को ही गिरफ्तार कर लिया था।

# जाम लगाकर उठाई टूटी सड़कों की मरम्मत की मांग


अजरौंदा गांव की टूटी सड़क।


गांव अजरौंदा के लोगों द्वारा लगाए गए जाम खुलवाते पुलिस अधिकारी और निगम के अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर स्थित अजरौंदा गांव के निवासियों ने समस्याओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को उन्होंने मुख्य सड़क को जाम करके टूटे हुए रास्तों को जल्द बनवाने की मांग शुरू कर दी। ग्रामीणों द्वारा सड़क पर जाम लगवाने के बाद वहां वाहनों की लम्बी कतारें लग गई।

जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और जाम को खुलवाया। गांव अजरौंदा के ग्रामीणों ने समस्याओं का समाधान ना होने के चलते नेशनल हाईवे से लगती सड़क को जाम कर दिया।

सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। गुस्साएं ग्रामीणों ने कहा कि गांव मे विकास न के बराबर है। गांव के अंदर टूटी सड़कें और सीवर के गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है की गांव मे पिछले पांच सालों से समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। निगम अधिकारी, पार्षद जो की जिले के डिप्टी मेयर भी हैं और इलाके के विधायक इन समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम को बार-बार शिकायत करने के बावजूद ग्रामीण नर्क की स्थिति में जीने को मजबूर हैं।

इसलिए मजबूर होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर अब भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में नेशनल हाईवे को भी जाम करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मौके पर पुलिस और निगम अधिकारी:** जाम लगने की सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई और नगर निगम के अधिकारियों को भी बुलाया गया। इस मौके पर नगर निगम के एक्सईएन ओमदत्त ने कहा कि ग्रांव में मौजूद समस्याओं का जल्दी निराकरण किया जाएगा।

उनके द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल कर मौके के हालात नगर निगम के अधिकारियों को दिखाए। जिसके बाद अधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही ग्रामीणों की समस्या का हल कर दिया जायेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम एजुकेशन समिट 2022 का हुआ एलान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### 20 से 22 जनवरी, 2022 के दौरान तीन दिवसीय वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के साथ होगी तीन महीने तक चलने वाले वर्चुअल आयोजन की शुरुआत

**टेक** अवांत-गार्डे (टीएजी) के गठजोड़ से समिट इंडिया ने मंगलवार को भारत में शिक्षा के परिदृश्य में बदलाव के लिए तीन महीने तक चलने वाले वसुधैव कुटुंबकम एजुकेशन समिट 2022 की लॉन्चिंग का ऐलान किया। इस समिट की शुरुआत 20 से 22 जनवरी, 2022 तक चलने वाले तीन दिवसीय वर्चुअल कॉन्फ्रेंस से की जाएगी। इस दौरान देश में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद उद्घाटन संदेश देंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस समिट के लिए शुभकामनाएं दी हैं और इस पहल की सराहना की है।

समिट की शुरुआत के रूप में होने जा रहे तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में नीति निर्माताओं, विचारकों और देशभर से प्रख्यात शिक्षाविद नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और हाइब्रिड लर्निंग के प्रभाव पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में भारत की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कौशल विकास, उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, जनजातीय मामले राज्य मंत्री रेणुणा सिंह, नई शिक्षा नीति 2020 की ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य एमके श्रीधर, एआईसीटीई चेयरमैन प्रोफेसर अनिल डी सहस्त्रबुद्धे, एनईसीआरटी डायरेक्टर प्रोफेसर श्रीधर श्रीवास्तव, स्किल एंड ट्रेनिंग सीबीएसई डायरेक्टर डॉ. बिस्वजीत साहा, एएसआईएससी के राष्ट्रीय सचिव श्री केवी विंसेंट, शिक्षा संस्कृति उत्थान के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की एजुकेशन एडवोकेसी डायरेक्टर डॉ. विन्नी जौहरी और नैसकॉम की सीईओ कीर्ति सेठ समेत कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहेंगी। यह समिट डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है।

इस समिट को लेकर समिट इंडिया के चेयरमैन श्याम जाजू ने कहा, 'नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य एवं उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए हम समिट का आयोजन कर रहे हैं, जहां एनईपी और इसके महत्व पर चर्चा होगी। एनईपी से हमारी शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनने में मदद मिलेगी, जिससे अगली पीढ़ियों को लाभ होगा।' तीन दिवसीय कॉन्फ्रें स के बाद 29 जनवरी से 9 अप्रैल, 2022 तक साप्ताहिक पैनल चर्चा होगी। इनमें महामारी के दौर में डिजिटल की ओर कदम बढ़ाती शिक्षा के समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। तीन महीने तक चलने वाले समिट में नई शिक्षा नीति, 2020, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड होलिस्टिक लर्निंग (डीटीएचएल) और हाइब्रिड लर्निंग के प्रभावों को फोकस में रखा जाएगा।

# आयुक्त कार्यालय पर निगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते निगम कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** ने कर्मचारियों के ज्ञापन लेने में की देरी तो कर्मचारियों ने निगम आयुक्त कार्यालय के समक्ष दरी बिछाकर दिया धरना गौरतलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों ने 311 एप व अनावश्यक रूप से बनाई गई कमेटियों के विरोध में तथा कर्मचारियों की न्याय उचित मांग के समर्थन में नगर निगम के लगभग चार हजार कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए ज्ञापन को निगम आयुक्त को देना था।

जब नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वाधान में संघ के कार्यकर्ता निगम आयुक्त के कार्यालय पर पहुंचे तो वे मौजूद नहीं थे। थोड़ी देर बाद निगम आयुक्त कार्यालय पहुंचे और कर्मचारियों का ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। इस पर कर्मचारियों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने निगम आयुक्त कार्यालय के समक्ष दरी बिछाकर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद निगमायुक्त ने बाहर आकर कर्मचारियों का ज्ञापन लिया और कर्मचारियों को शांत करते हुए जल्द बात करने का समय भी देने का आस्वासन भी दिया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया ने की। तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया।

# अतिक्रमण और कचरा मुक्त बनाने में मिल रही सफलता: निगमायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम फरीदाबाद शहर को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिये निगमायुक्त के द्वारा पिछले कुछ समय से भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 5 दिसंबर, 2021 से 40 वार्डों में नोडल नोडल अधिकारियों, वार्ड कमेटी के सदस्यों, एनजीओ, सीएसआर पार्टनर संबंधित पार्षदों के नेतृत्व मे अभियान चलाये जा रहे हैं। इसमें ''31 दिसंबर याद है ना'' मुहिम के तहत फरीदाबाद शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिये शहर में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न विधायकों ने भी अपने-2 क्षेत्र में शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिये श्रम दान किया।

निगमायुक्त ने बताया कि 31 दिसंबर के स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त मुहिम के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 3500 टन कचरा उठाकर शहर से बाहर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। निगमायुक्त ने आगे बताया कि इस अभियान में निगम के 32 वार्डों में एक साथ 12 जनवरी को लगभग 71 अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। 1 जनवरी, 2022 से 16 जनवरी, 2022 तक निगम क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये निगम के सभी 40 वार्डों में नोडल अधिकारियों, वार्ड कमेटी के सदस्यों, एनजीओ, सीएसआर पार्टनर संबंधित पार्षदों के नेतृत्व मे अभियान चलाकर लगभग 1725 टन कचरा उठाकर शहर से बाहर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। इसी दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 22 लाख रुपये जुर्माना लगाते हुए 1053 चालान लगभग जारी किये गये। जिसमें से लगभग 6.50 लाख रुपये वसूल कर लिये गये हैं। निगमायुक्त ने आगे बताया कि नगर निगम ने इंजीनियरिंग एवं बागबानी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखे गये पार्कों की सफाई, रख-रखाव एवं सोंदर्यीकरण करने के लिये 30 पार्कों को चिन्हित किया गया और इस कार्य को 12 जनवरी, 2022 को कार्यान्वित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिये संबंधित वार्ड समितियों के अधिकारियों/सदस्यों, आरडब्ल्यू/एमडब्ल्यूए/ मास्टर प्रशिक्षकों के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा गया।


यशपाल यादव।

निगमायुक्त ने कहा कि ऐसे अभियान निगम द्वारा आगे भी चलाये जाते रहेगें, उन्होंने आम जन से अपील की है कि वे अपने-2 घरों, दुकानों आदि का कचरा ईकोग्रीन के अधिकृत वाहन चालक को ही दें और इधर-उधर न फैलाऐं अन्यथा ऐसी अनियमितताओं पर नगर निगम द्वारा भरी भरकम जुर्माना लगाया जायेगा।

## वैक्सीन का विरोध

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता

**जनसंख्या** के एक हिस्से को ऐसा लगता है कि वैक्सीन अभियान मानवाधिकारों व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। आस्ट्रेलिया से नोवाक जिकोविक को बाहर करने पर गुस्सा टेनिस प्रशंसकों की तुलना में वैक्सीन-विरोधी अधिक बढ़ गए हैं। आस्ट्रेलिया में अचानक लाकडाउन-विरोधी व वैक्सीन-विरोधी समूह उभरने से आश्चर्य होता है कि क्या प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी टीकाकरण के खिलाफसंघर्ष करने वालों के लिए 'उम्मीद की किरण' बन गया है। ऐसे समूह आज दुनिया भर में हैं। उनके लिए यह सवाल नहीं है कि गैर-टीकाकृत व्यक्ति अपने, परिवार, मित्रों तथा सहकर्मियों के लिए खतरा पैदा करता है। उनके लिए टीकाकरण का विरोध एक प्रकार से दक्षिणपंथी किस्म का राजनीतिक मुद्दा है। पश्चिमी वैक्सीन-विरोधी अपनी हिचक को सरकारी संस्थानों व नीतियों के प्रति बढ़ते अविश्वास से जोड़ते हैं। लोगों की निराशा बढ़ रही है क्योंकि 2020 से लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण उनका जीवन एकदम उलट-पलट गया है। उनकी निराशा अक्सर टीकाकरण अभियानों पर दिखती है जो कोरोनावायरस संक्रमण रोकने को लक्षित हैं। समान रूप से यह भी सच है कि अतीत में टीकाकरण के कुछ मामलों में वैज्ञानिक सोच का अभाव था और कुछ यूरोपवासियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से चिन्ता पैदा हुई थी। तुर्की में जिकोविक-समर्थक लोग एक टीकाकरण-विरोधी पार्टी का हिस्सा हैं जिसे भय है कि टीकाकरण निर्देश मानवाधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं का उल्लंघन करते हैं। आस्ट्रिया की एक पार्टी को इसी कारण लोकप्रियता मिल रही है। अमेरिका में डेमोक्रेटिकों के उलट रिपब्लिकन




टीकाकरण के खिलाफ हैं। रूस जैसे कुछ देशों ने टीकाकरण-विरोधी राजनीति को कुचलने का प्रयास किया है। वे गैर-टीकाकृत लोगों को सार्वजनिक स्थानों में जाने से रोकने के लिए एक क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। फ्रांस सरकार इस मामले पर विभाजित है। राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने टीकाकरण-विरोधियों के प्रति अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की तो बहुत से लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

लेकिन उनके खेल मंत्री ने आश्चर्यजनक रूप से कहा है कि वे गैर-टीकाकृत जिकोविक को फ्रेंच ओपेन में खेलने देंगे। इस प्रकार टीकाकरण अभियान एक राजनीतिक झगड़े में फंस गया है। भारत इस वैश्विक आंदोलन से अप्रभावित नहीं है। जिकोविक के मामले पर राय अलग-अलग है। भारत सरकार ने पहली बार सर्वोच्च न्यायालय में कहा है कि 'किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छाओं के विरोध में टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।' सरकार किसी भी उद्देश्य के लिए टीकाकरण सार्टीफिकेट रखना अनिवार्य नहीं करेगी। यह बयान कुछ राज्यों व बिजनेसमैनों के बयानों के बाद आया है कि वे टीकाकरण न करवाने वाले जोगों को हतोत्साहित करना चाहते हैं। निश्चित रूप से गैर-टीकाकृत लोग अपने और दूसरों के लिए खतरा हैं। लेकिन गौर करना चाहिए कि भारत तथा पश्चिम के टीकाकरण-विरोधियों में अंतर है। भारत में इस समूह में टीकाकरण-विरोधी लोग नहीं, बल्कि टीकाकरण से हिचकने वाले शामिल हैं। अब तक वे यूरोप की तरह किसी राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा नहीं हैं। सुरक्षा, पार्श्व प्रभावों, वैक्सीन मंजूरी में जल्दबाजी, त्वरित मानव परीक्षण तथा वैज्ञानिक संदेह, आदि कुछ कारण हैं जिनके चलते वे वैक्सीन लेने से डर रहे हैं। यह हिचक वहां कम हुई है, जहां उनके सरोकारों को संबोधित किया गया है। अचानक आए अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रान स्वरूप के कारण उन्होंने टीकाकरण के बारे में जल्दी से अपनी सोच बदली भी है। ऐसे में विश्वास बहाली के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है ताकि गैर-टीकाकृत लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचा जा सके। इस मामले में नियम के बजाय तर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# विनिवेश व बजट को अलग रखना जरूरी

सहमति देने में विलंब तथा नौकरशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया और लाल फीताशाही अक्सर विनिवेश प्रक्रिया को पटरी से उतार देती है।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)






दो महीने में यह वित्त वर्ष समाप्त हो जाएगा और सरकार अभी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम संस्थानों में 1,75,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य से बहुत दूर है जिसे 2021-22 के केन्द्रीय बजट में तय किया गया था। अब तक वह 10,000 करोड़ से भी कम प्राप्त कर सकी है। यदि भारतीय जीवन बीमा निगम में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की उम्मीदों को शामिल कर लिया जाए तो भी यह लगभग 1,00,000 करोड़ होगा। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया वित्त वर्ष समाप्त होने के पहले पूरी हो जाएगी, लेकिन फिर भी 65,000 करोड़ की कमी बचेगी। यह बात नई नहीं है।

यह मोदी सरकार के अंतर्गत पिछले छः साल से जारी एक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें 2017-18 एक अपवाद है। उस साल विनिवेश से 1,00,000 करोड़ से थोड़ा अधिक प्राप्त हुआ था जो लक्ष्य से अधिक था। यह तेल कंसोंटियम सीपीएसयू हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन का 51.11 प्रतिशत हिस्सा दूसरे सीपीएसयू ओएनजीसी को बेचने से प्राप्त हुआ था। सरकार ने 'रणनीतिक विनिवेश' पर ज्यादा जोर दिया है जिसका अर्थ पीएसयू में हिस्सा 50 प्रतिशत से नीचे रखने के लिए शेयरों की बिक्री है। इस मोर्चे पर भी स्थिति निराशाजनक है। 2015-16 में इस रास्ते से बिक्री कुछ नहीं थी, जबकि इसके लिए बजट में 28,500 करोड़ रखे गए थे। 2016-17 में इस लक्ष्य को 20,500 करोड़ से घटा कर 5,500 करोड़ कर दिया गया था। इसके बाद के दो वर्षों में 'रणनीतिक विनिवेश' का लक्ष्य मोटे तौर से एक पीएसयू में सरकार के बहुसंख्य शेयर दूसरे में बेच कर पूरा किया गया।

2017-18 में एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर ओएनजीसी को तथा 2018-19 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी के 52.63 शेयर विद्युत वित्त निगम-पीएफसी को बेच कर यह काम हुआ। 2019-20 में नीपको में 100 प्रतिशत शेयर तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 75 प्रतिशत शेयर राष्ट्रीय ताप बिजली निगम-एनटीपीसी को बेचे गए जो बिजली क्षेत्र का सीपीएसयू है। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इनकी खरीद एक पीएसयू ने की।

अनेक रणनीतिक बिक्रियां नहीं हो सकीं जिनमें भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में 53.29 प्रतिशत, कंटेनर कार्पोरेशन-कंकार में 30 प्रतिशत तथा शिपिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया-एससीआई में 63.73 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पिछले साल के लिए लक्षित ये बिक्रियां 2020-21 में भी नहीं हो सकीं। आलएटआल को सितंबर, 2021 में बेच दिया गया, पर बीपीसीएल-एससीआई की बिक्री वर्तमान वित्त वर्ष में भी नहीं हो सकी। विनिवेश का लक्ष्य पूरा न होने का कारण इनको राजस्व का स्रोत मानना है जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटा पूरा करना है। यह गलत अवधारणा है। लगभग निश्चित रूप से मिलने वाले कर राजस्व के उलट यह नहीं कहा जा सकता है कि विनिवेश से कितनी रकम प्राप्त होगी। इस मामले में काफी कुछ बाजार के परिदृश्य व खासकर निवेशकों के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है जो पीएसयू में निवेश करना चाहते हों जिसके शेयर बिक्री के लिए उपलब्ध हों। रणनीतिक बिक्री वाले मामलों में सरकार को अच्छी बाजार के साथ ही अमीर बोलीकर्ताओं की भी जरूरत होती है। बीपीसीएल के विनिवेश की योजना पहले 2019-20 में बनाई गई थी जिसके लिए 60,000 करोड़ निवेश करने वाले निवेशक की जरूरत थी। सहमति तथा नौकरशाही लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रिया सरकारी प्रयासों में बाधा बनती है क्योंकि रणनीतिक निवेशकों से समय रहते संपर्क नहीं हो पाता है।

नीति आयोग ने विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान की थी जिनको उस समय कोर ग्रुप आफ सेक्रेटरीज़ आन डिस्इन्वेस्टमेंट-सीजीडी द्वारा अनुमति मिलनी थी। यह लंबी प्रक्रिया है जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था-एएम का भी स्थान है। इसमें मंत्रालयों का समूह शामिल है जिसमें वित्त, सहक परिवहन व राजमार्ग, प्रशासनिक सुधार, आदि हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-डीपम प्रस्ताव तैयार करता है जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए स्वीकार करती है। कुल मिला कर रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण होते हैं। इस कारण विलम्ब होता है और सारी सहमतियां प्राप्त करने के बाद बाजार का परिदृश्य बदल जाता है। बीपीसीएल के मामले में 2019-20 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 70 डालर प्रति बैरल थी, लेकिन नौकरशाही उस समय तैयार नहीं थी। 2020-21 में कोविड-19 के कारण कच्चे तेल की कीमत औसतन 40 डालर प्रति बैरल से गिर कर 20 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वर्तमान वर्ष में यह फिर 70 डालर से अधिक हो गई है। लेकिन अधिकारी अभी भी तैयार नहीं हैं जिनके कारण 2022-23 का विनिवेश लक्ष्य अनिश्चित है।

अतीत में अनेक सरकारों ने बजटीय आवश्यकतायें पूरी करने के लिए पीएसयू का प्रयोग दुधारू गाय की तरह किया है। अधिक डिवीडेंट, विशेष डिवीडेंट व बोनस लेने की व्यवस्था के कारण 2004-2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम उठाया था। ओएनजीसी को भारतीय तेल निगम-आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को कच्चे तेल पर छूट देने को कहा गया था ताकि वे डीजल, पेट्रोल, एलपीजी व केरोसीन का दाम कम रख सकें। ओएनजीसी ने इस कालखंड में 2,00,000 करोड़ की छूट दी थी। उद्यमों के विनिवेश के मामले में भी राजस्व प्राप्त करने की यही सोच थी। मामला केवल इतने तक नहीं है।

सरकारी थिंक टैंक लगातार चाहता है कि रणनीतिक बिक्री पूरी होने के बाद भी सरकार ड्राइवर सीट पर बनी रहे। इसका स्पष्ट संकेत वित्त मंत्री ने अपने 2019-20 के बजट भाषण में दिया। उन्होंने कहा कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा रखने के बजाय ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां अधिकार 'सीधे' के साथ 'परोक्ष' भी हो। इस प्रकार का संकेत संभावित निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को विनिवेश को बजट से अलग रखने पर विचार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में राजस्व प्राप्ति का अनुमान करते समय सरकार को विनिवेश लक्ष्यों का योगदान उसमें शामिल नहीं करना चाहिए। शेयरों की बिक्री के लिए उसे एक होल्डिंग कंपनी बनानी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के विनिवेश के लिए आरबीआई द्वारा गठित पी. नायक समिति ने ऐसी कंपनी का सुझाव दिया था जिससे पीएसयू में सभी शेयरों को बेचा जा सकता है। होल्डिंग कंपनी में प्रख्यात पेशेवर होने चाहिए जो प्रबंधन से बातचीन के माध्यम से सभी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हों।

इनमें बाजार की स्थितियों का ध्यान रखते हुए मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री का समय, आदि शामिल हैं। 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार गैर-रणनीतिक क्षेत्र के सभी सीपीएसयू का निजीकरण करेगी तथा रणनीतिक क्षेत्र में भी निजीकरण के कदम उठाएगी, बशर्ते कि हर क्षेत्र में एक सार्वजनिक उद्यम बना रहे। इन प्रयासों को सफलता तभी मिल सकती है जब इनको नौकरशाही, लाल-फीताशाही तथा बजट बनाने की प्रक्रिया से अलग रखा जाए।

# जनजातियों में व्याप्त दिव्यता की अवधारणा

**सरदेंदु मुखर्जी**
(लेखक एक अकादमिक एवं इतिहासकार हैं)



पूर्व केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री किशोर चंद्र देव ने दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा था : "आदिवासी किसी भी धर्म में पैदा नहीं होते हैं और उन्हें स्वदेशी संस्थाओं के रूप में माना जाता है। इसलिए, जब अनुसूचित जनजातियों के कुछ वर्ग किसी भी धर्म का पालन करना चुनते हैं - जैसे, पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म या बौद्ध धर्म, या लक्षद्वीप, या हिंदू, सिख या किसी अन्य धर्म में इस्लाम - यह कभी भी धर्म परिवर्तन का मामला नहीं है क्योंकि, चूंकि आदिवासी एक धर्म में पैदा नहीं होते हैं, इसलिए उनके धर्मांतरण का मामला नहीं हो सकता है।" यह, संयोग से, एक महत्वपूर्ण राजनेता की राय है जो आदिवासी समुदाय से भी संबंधित है; यह कर्नाटक धर्मांतरण विरोधी विधेयक के संदर्भ में कहा गया था।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त एलएम श्रीकांत ने 21 फरवरी, 1952 को एक नोट में बताया था कि भारत में जनजातियों की तीन सामान्य विशेषताएं हैं- क) जनजातीय मूल; बी) दूरस्थ और कम सुलभ क्षेत्रों में जीवन और निवास का आदिम तरीका; और, ग) सभी प्रकार से सामान्य पिछड़ापन। उन्होंने पूरे भारत में व्यापक यात्रा के बाद पता लगाया कि कैसे आदिवासी गरीबी के बीच अर्ध-गुलामी परिस्थितियों में रहते थे। उन्होंने 1926 के आपराधिक जनजाति अधिनियम से हुए नुकसान को भी नोट किया। विभिन्न रिपोर्टों में, किसी ने कभी भी यह उल्लेख नहीं किया है कि जनजातियों में 'विश्वास प्रणाली' या धर्म का अभाव है।

अब, आइए देखें कि क्या आदिवासियों का कोई "धर्म" है, जैसा कि किशोर चंद्र देव ने बताया है। धर्म की अवधारणा धर्म से अलग है, जैसा कि हम सभी जानते हैं। यह मान लेना भी कि आदिवासियों का कोई धर्म नहीं होता, ऐतिहासिक रूप से गलत है। यहाँ, मैंने आदिवासी आबादी के संथाल खंड से कुछ उदाहरण चुने हैं। निश्चित रूप से, यह अन्य आदिवासी समाजों का भी सच है।



सभी मनुष्य एक 'विश्वास प्रणाली' के बिना पैदा हुए हैं या धर्म सत्य है, लेकिन वे अपने माता-पिता और तत्काल पड़ोस से प्रथाओं, अनुष्ठानों और समग्र धार्मिक-सांस्कृतिक लक्षणों को अपनाते हैं। मातृभाषा को उठाने की तरह, यह सहजता से और बिना किसी शिक्षण के होता है। कोई यह दावा कर सकता है कि भारत में आदिवासियों की एक विश्वास प्रणाली है जो भारत में प्रचलित अन्य धर्मों / धर्मों की तुलना में कम गहन और आध्यात्मिक नहीं है। जैसा कि सुनीति कुमार चटर्जी ने बताया था : "भारत में सभी ऑस्ट्रियाई जनजातियों के पास थोड़ा सा मौखिक साहित्य था, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंप दिया गया था, जिसमें उनकी पौराणिक और अर्ध-पौराणिक किंवदंतियों और परंपराओं, और कुछ लोक कविताएं शामिल थीं, जो आंशिक रूप से उनसे संबंधित थीं। धार्मिक समारोह ('भारत की सांस्कृतिक विरासत', खंड 5, पृष्ठ 670)। चटर्जी ने आगे कहा था "बंगाल में, अपने स्वयं के पारंपरिक धर्म का पालन करने वाले संताल की एक बड़ी आबादी है, जो एक तरह से पौराणिक हिंदू धर्म के समान है। ब्राह्मणवाद की कक्षा के भीतर होने के कारण, संताल हिंदू धारणाओं से काफी हद तक प्रभावित हुए हैं (पृष्ठ 671)।"

चटर्जी ने रामदास मांझी टुडू को उनके खेड़ावल-वंश (या धर्म-पुथी या 'खेरावल जाति की पवित्र पुस्तक') के लिए भी बधाई दी, जिसमें उनके लोगों की परंपराएं "और उनकी धार्मिक और सामाजिक संस्कृति" (पृष्ठ 672) शामिल हैं। उन्होंने साधु रामचंद मुर्मू ठाकुर का भी उल्लेख किया है, जिन्हें "धार्मिक सुधारक और धर्म के संताल दर्शन के शिक्षक" (पृष्ठ 673) के रूप में वर्णित किया गया है। यह दिखाने के लिए उदाहरणों की कोई कमी नहीं है कि कैसे आदिवासी कभी धर्म से रहित नहीं थे। मानव जाति की मूल 'विश्वास प्रणाली' प्रकृति पूजा के इर्द-गिर्द घूमती है - सूर्य, चंद्रमा, नदियाँ, पहाड़, पेड़ और पूर्वज पूजा। ये सभी आदिवासियों की दैवीय धारणा में महत्वपूर्ण तत्व हैं। दुर्भाग्य से, धर्म का पारंपरिक दृष्टिकोण मानवता के "विश्वासियों" और "गैर-विश्वासियों" में विभाजन पर आधारित है, जहां 'दूसरे' की विजय अनिवार्य है। महाद्वीपों में सनातन धर्म, बुतपरस्ती, जीववाद और शिंटोवाद में प्रकट विश्वास प्रणाली भारत में आदिवासी पवित्र मानते हैं।

जैसा कि इरावती कर्वे ने बताया था, भारत में चल रहे "सांस्कृतिक समझौता" को संभव बनाया गया था क्योंकि इसे "बहुदेववाद और इसके तार्किक सहवर्ती - अन्य देवताओं, अन्य पंथों और अन्य रीति-रिवाजों के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण" द्वारा मदद मिली थी। निर्मल बोस, घुर्ये और कुमार सुरेश सिंह जैसे भारत के आदिवासी समाज का अध्ययन करने वाले सभी विद्वानों ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के आदिवासियों पर लिखते हुए जेम्स कोवान ने देखा था कि वे "हम सभी के विवेक का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे हर समय मानव आत्मा की आध्यात्मिक उत्पत्ति को पहचानते और स्वीकार करते हैं।"

हम इस लघु निबंध को एक किस्सा के साथ समाप्त करते हैं। यह 1902 में बेलूर मठ में था, जहाँ संथाल मजदूर काम के लिए आते थे। स्वामी विवेकानंद को उनकी कंपनी बेहद पसंद थी। उन्होंने न केवल उन्हें भोजन दिया, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखा कि वह बिना नमक के हो। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उनके द्वारा उनसे कहा गया था कि वे ऐसा भोजन नहीं करते हैं जिसमें नमक हो या जिसे दूसरों ने छुआ हो। स्वामीजी ने कहा : "आप नारायण हैं, भगवान प्रकट। आज मैंने नारायण को भोजन कराया है।" भोजन के बाद संताल आराम के लिए सेवानिवृत्त हो गए, स्वामीजी ने अपने शिष्यों से कहा कि उन्होंने संताल को "भगवान का वास्तविक अवतार" ('स्वामी विवेकानंद का पूर्ण कार्य', खंड 7, पृष्ठ 244-245) के रूप में पाया। शायद यह घटना एक बार फिर साबित करेगी कि कैसे आदिवासियों को उनकी 'विश्वास प्रणाली' के बारे में आंका जाता है और वह भी, सभी समय के महानतम भारतीयों में से एक और एक सच्चे हिंदू द्वारा।

## आप की बात

### प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** रोकने के लिए सर्वप्रथम हमें कम से कम वाहन का उपयोग करना चाहिए, प्राइवेट वाहन के बजाय सरकारी वाहन का प्रयोग करना चाहिए। प्रदूषण कई तरह का हो सकता है। जल प्रदूषण, वायु, ध्वनि प्रदूषण आदि। आज के वायु प्रदूषण की काफी चर्चा है। पिछले दिनों कोलकाता उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिसमें दीपावली से लेकर नव वर्ष तक पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। ऐसे आदेश हमारे उत्सवों के उल्लास को कम करते ही हैं परंतु प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक नहीं होते हैं ।क्योंकि यह समझना कि दीपावली पर पटाखे चलाने से प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है यह उचित नहीं है क्योंकि हमारे देश में तो पूरे साल भर किसी न किसी रूप में पटाखों का इस्तेमाल होता रहता है फिर केवल पटाखों से प्रदूषण फैलता है अतः यह भी उचित नहीं है। फैक्ट्रियों की चिमनियों से भी निकलता धुआं हो या सड़कों पर वाहनों से निकलने से उड़ने वाली धूल का गुबार। ये भी वातावरण प्रदूषित करते हैं आजकल फैक्ट्रियों से निकलने वाला विषैला जहरीला पानी भी प्रदूषण को बढ़ाता है स्वयं नगरपालिका भी मच्छर भगाने के लिए नगर में विषैले धोने का छिड़काव करती है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### टीकाकरण अभियान

**कोरोना** वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान का एक वर्ष 16 जनवरी को पूरा हुआ। रास्ता काफी लम्बा और ऊबड़-खाबड़ था लेकिन सफर फिर भी जारी है। यह कोरोना रुपी वैश्विक महामारी के खिलाफ एक महायुद्ध था, जिससे लड़ने के अस्त्र-शस्त्र भी दुनिया के पास नहीं थे। महान और योग्य वैज्ञानिकों ने टीकों के अनुसंधान किए, नतीजतन कोरोना की लगातार लहरों के बावजूद भी दुनिया बहुत कुछ सुरक्षित है। संक्रमण फैला है तो उसका उपचार भी संभव हुआ है। इस अभियान पर राजनीतिक टीका-टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि एक ही साल में भारत की 138 करोड़ से अधिक की आबादी को दोहरा टीकाकरण कोई आसान लक्ष्य नहीं है। यह अभियान विश्व का सबसे बड़ा व सफल अभियान है। इस अभियान के दौरान भारत ने कई मिल के पत्थर हासिल किये है, और यह विश्व के लिए मिसाल है। भारत के आंकड़े सिर्फ राष्ट्रीय हि नहीं बल्कि वैश्विक उपल्ब्धि है। लेकिन आज भी करीब 11 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली है,इन लोगो के मन मे टिके को लेकर कई भर्म हैं। सरकार को इसको लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए। टीकाकरण का इतिहास करीब 200 साल पुराना है।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र


### सुविधा व स्वच्छता की दरकार

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता की आवश्यकता है । फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। ,इंदौर, उज्जैन ,भोपाल,ग्वालियर जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओ को लोकेशन हेतु विदेश जाकर फिल्माने पर काफी लागत आती थी। उसमे कमी आई है। स्वच्छता के लिए लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे। क्योकि सोंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते है। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह विकसित हो ऐसा स्वछता का कार्य हमें मिलकर जागरूकता से करना होगा । ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का सोंदर्य एवं ऐतिहासिक धरोहरे की आकर्षणता पर्यटकों के दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**मुझे** नहीं पता किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ और क्यों तस्वीर को शामिल नहीं किया गया। कुछ तो कारण रहे होंगे।

– **अनिता बोस**
नेता जी बोस की पुत्री



**भारत** की प्रगत की यह अवधि हरित एवं स्वस्छ होने के साथ-साथ टिकाऊ तथा भरोसेमंद भी होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में 16.5 लाख युवाओं की नौकरी चली गई और चार करोड़ लोगों ने नौकरी की उम्मीद छोड़ दी।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# चुनावी व्यस्तता के बीच कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हैं योगी

**● सीएम की हर दिन के हालत पर है सीधी नजर**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चुनावी** दौर में, जबकि नेताओं के बीच मतदाता, वोटिंग, जनसभा जैसे विषयों की व्यस्तता होती है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर डटे हुए हैं। किस जिले में टीकाकरण की रफ्तार कम है, कहाँ ऑक्सीजन प्लांट के कर्मचारी कोविड पॉजिटिव हो गए, तो निगरानी समितियों ने दिन भर क्या काम किया, सीएम योगी को हर जानकारी है। हर जिले पर उनकी सीधी नजर है।

उन्होंने मतदान से पहले सबको कोविड टीकाकवर दिलाने का लक्ष्य भी रखा है। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि चुनावी समर के बीच कोरोना के खिलाफ लड़ाई कतई कमजोर नहीं होने पाएगी। प्रतिबद्धता का शायद यही भाव है कि कोरोना की अब तक की लड़ाई में यूपी सुरक्षित रहा है और योगी के कोविड प्रबंधन मॉडल की दुनिया कायल हो रही है। विशेषज्ञों की मानें तो इन दिनों कोरोना की तीसरी लहर अपने चरम पर आ रही है। ऐसे मौके पर सीएम योगी खुद ग्राउंड जीरो पर हैं और कोविड प्रबंधन की कमान खुद संभाल रखी है। चुनावी गहमागहमी के बावजूद गोरखपुर हो या गजियाबाद सीएम योगी का जिलों का निरीक्षण जारी है। फ्रंटलाइन कोरोना वॉरियर से बातचीत, इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण, टेलीकन्सल्टेशन सुविधा की पड़ताल, मेडिकल किट वितरण की स्थिति का परीक्षण, होम आइसोलेशन में मरीजों का हाल चाल लेना, उनकी दिनचर्या में शामिल हो चला है। बीते 24 मार्च 2020 से शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जबकि सीएम योगी ने कोविड की समीक्षा न की हो। वह लखनऊ में हों या गोरखपुर में या फिर पार्टी के कामकाज से दिल्ली में, कोरोना प्रबंधन के कार्यों की अपडेट लेते रहते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का एक दल सीधा सीएम के संपर्क में रहता है।

अब जबकि सभी राज्यों में ओमिक्रोन संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं, मंगलवार को उत्तर प्रदेश से एक अच्छी खबर आई। विगत 24 घंटों में 2 लाख 8 हजार 308 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 14,803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। नए केस और डिस्चार्ज होने वालों में इतना अंतर प्रदेश की बेहतर हालात का संकेतक है। यही नहीं, कोरोना के अब तक पिछले रिकॉर्ड को देखें तो बीते साल एक दिन में अधिकतम 38 हजार नए केस दर्ज किए गए थे वहीं इस बार की लहर में अब तक एक दिन में अधिकतम 17 हजार केस आए हैं। ओमिक्रोन की तीव्रता और पॉजिटिविटी दर को देखें तो स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। बीते साल को याद करें जबकि अप्रैल.मई के दौरान एक ऐसा समय भी आया जब यूपी में प्रतिदिन 30,000 से अधिक मामले सामने आए थे। ऐसे में योगी सरकार ने अस्पताल के बिस्तरों और चिकित्सा ऑक्सीजन की बढ़ी माँगों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। राज्य ने तेजी से स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे में वृद्धि की, स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या में वृद्धि की, ऑक्सीजन की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी से काम किया, महत्वपूर्ण दवाओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की, पॉजिटिव मामलों की पहचान करने के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षण किया और राज्यव्यापी लॉकडाउन के बजाय कन्टेनमेंट जोन बनाए। उन्होंने ठीक होने के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना में भी मदद की। स्वास्थ्यकर्मियों को ऑडियो, वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए हैं। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए कैस्केड मॉडल भी बनाए। बेहतर प्रबंधन के लिए जिला स्तर और प्रखंड स्तर के अधिकारी केंद्रीय नीतियों से तालमेल में थे। योगी सरकार ने राज्य में आईसीयू बेड की उपलब्धता में वृद्धि की बल्कि सबसे अधिक वेंटिलेटर भी लगाए। कोविड रोगियों के लिए बेडए आईसीयू और वेंटिलेटर उपलब्ध कराते हुएए राज्य ने गैर.कोविड सेवाओं को बनाए रखना भी सुनिश्चित किया।

## मेरठ मामले में एसआईटी जांच के निर्देश

**लखनऊ।** मेरठ में कल ईएनए से भरे दो ट्रकों के पकड़े जाने के मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। सीएम योगी ने पूरे प्रकरण में एसआईटी गठित कर सघन जांच के निर्देश दिये हैं। सीएम ने कहा है कि चुनाव के दृष्टिगत ऐसी संभावना है इसका इस्तेमाल अवैध शराब बनाने में किया जाना था। यह प्रकरण गम्भीर है। ऐसे में एडीजी मेरठ की अध्यक्षता में एसआईटी गठित कर प्रकरण की गहन जांच कराई जाए।

# गुंडों को टिकट देकर गरीबों के हक पर डकैती डालना चाहती है सपाः बृजलाल




## जनता को डराने के लिए गुंडों, दंगाइयों को दिए सपा ने टिकट, हिस्ट्रीशीटर सदन में जाएंगे तो लूटने का ही काम करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भाजपा सांसद बृजलाल ने मंगलवार को कहा कि गुंडों, दंगाइयों को अपना टिकट देकर समाजवादी पार्टी ने गुण्डाराज और दंगाराज की वापसी कराने का अपना मंसूबा जाहिर कर दिया है। सपा ने प्रदेश की जनता को डरा धमकाकर वोट लेने की नीयत से गुंडों, दंगाइयों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। ये गुंडे, माफिया गरीब कल्याण की योजनाओं में डाका डालने की नीयत से मैदान में उतरे हैं, सपा प्रमुख का इन्हें खुला संरक्षण है। कहा कि अखिलेश यादव ने जिन अब्दुल्ला आजम को अपने बगल बैठाकर सम्मानित किया वे खुद फ्रॉड में अपनी सीट गंवा चुके हैं, वे 43 मुकदमों में बेल पर हैं। उनके पिता प्रदेश के बड़े भूमाफियाओं में से एक हैं, उन्होंने ईमानदारी से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं की नौकरियों पर डाका डाला था। वे खुद जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि सपा ने कैराना से नाहिद हसन, धौलाना से असलम चौधरी, बुलंदशहर से हाजी यूनुस, मेरठ से रफीक अंसारी, लोनी से मदन भैया, साहिबाबाद से अमरपाल, स्याना से दिलनवाज को चुनाव में उतारा है। ये कौन लोग हैं? ये हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर और शातिर अपराधियों की सूची है। ये लोग विधानसभा में जाएंगे तो जनता के लिए क्या काम करेंगे? इसका जवाब अखिलेश यादव को देना चाहिए। सहारनपुर दंगों के आरोपी मास्टरमाइंड मोहर्रम अली पप्पू को पार्टी में शामिल कर वे प्रदेशवासियों को क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि सपा ने गुंडों और माफियाओं को मोदी और योगी सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों पर ब्रेक लगाने के लिए टिकट दिया है। ये गरीबों के मकानों, दुकानों, उनकी जमीनें और बहन-बेटियों पर अत्याचार करने के लिए खुली छूट के साथ सत्ता में वापसी का सपना पाले हुए हैं। इनको समाजवादी पार्टी का खुला संरक्षण है। समाजवादी पार्टी गरीबों को मिल रहे राशन पर डाका डालने के लिए सत्ता में वापसी चाहती है। क्योंकि योगी जी की सरकार में इनकी डकैती पर रोक लगी है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 2012 से 2017 तक हर उस काम में लूट और डाका डाला जो आज मोदी जी और योगी जी गरीबों के कल्याण के लिए कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी गठबंधन के टिकट से आज हर सीट पर गुंडा, दंगाई चुनाव लड़ रहा है या फिर सारे गुंडे पर्दे के पीछे से गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में हैं। ये सभी लोग कानून व्यवस्था के दुश्मन हैं। उन्होंने जनता से भी सवाल किया कि वह अपने दरवाजे पर असीम अरुण को देखना चाहते हैं या नाहिद हसन, हाजी यूनुस, रफीक अंसारी, मोहर्रम अली पप्पू को। आप कतई नहीं चाहेंगे कि दंगाइ, गुंडे आपके दरवाजे पर आएं। कहा कि आपकी सुरक्षाए संरक्षा का जिम्मा ईमानदार सरकार ही दे सकती है जो केवल भाजपा के राज में संभव है। गरीबों का कल्याण कोई कर सकता है तो वह केवल भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार ही कर सकती है। जो केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दमदारी से काम कर रही है।

# आम आदमी पार्टी ने जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

**● सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को दिया मौका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और केन्द्रीय नेतृत्व ने 20 प्रत्याशियों के नामों पर मंगलवार देर शाम मुहर लगा दी। पहली लिस्ट की तरह इन उम्मीदवारों में सामान्य वर्ग की सीटों पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ों को मौका दिया गया है। पहली लिस्ट की तरह आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट में घोषित उम्मीदवार एलएलबी, एमबीए और पोस्टग्रेजुएट किये हुए हैं। आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट के नामों की घोषणा होने के बाद पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने घोषित प्रत्याशियों से अपील की कि वो आम आदमी पार्टी के मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक पहुंचाएं। उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई राजनीति चाहने वाली आम आदमी पार्टी ने चुनावी मैदान मे दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवार और घोषित कर दिए है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार वीरपाल सिंह को हापुड़ से, जीवन लाल जाटव को मथुरा के बलदेव विधानसभा से आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी और मेरठ के हस्तिनापुर से अनमोल पर दांव लगाया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ गंदगी की राजनीति पर झाड़ू लगाएं। नौजवानों को नौकरी देने और रोजगार भत्ते, महिलाओं को भत्ता, फ्री बिजली जैसी केजरीवाल गारंटी की जानकारी दें। एक एक घर में सम्पर्क पर दिल्ली के केजरीवाल मॉडल का उल्लेख करें।

# बसपा को दस छोटे दलों ने दिया समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बहुमत में लाने के उद्देश्य से मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती की नीतियों से प्रेरित होकर पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए दस छोटे दलों ने समर्थन दिया है। राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के कार्यालय पर इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए अपना समर्थन दिया। इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने कहा कि प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा और सपा से प्रताड़ित हो चुकी है। एक पार्टी है जो गुंडों का समर्थन करती है और दूसरी पार्टी गुंडों को संरक्षण देती है। विकास इन दोनों पार्टियों के शब्दकोष में नही है। बसपा को समर्थन देने वाले छोटे दलों में इंडिया जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश पांडेय, पच्चासी परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश बागी, विश्व शांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद सोनकर , संयुक्त जनादेश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव, आदर्श संग्राम पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती, अखंड विकास भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव, सर्वजन आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल राजेन्द्र यादव, आधी आबादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुणा सिंह, जागरूक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथलेश चौब, सर्वजन सेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल पाशा इस मौके पर उपस्थित रहे।

## विज्ञापन के बजाय भाजपा गरीब जनता पर खर्च करती तो बेरोजगारी नहीं होतीः मिश्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा द्वारा जारी विज्ञापनों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विज्ञापन के बजाए, भाजपा गरीब जनता के लिए खर्च करती तो आज बेरोजगारी नहीं होती। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्होंने लिखा है कि ये है 300 करोड़ रुपये, जिसे जनता की भलाई के बजाय भाजपा सरकार हर महीने अपनी पार्टी के प्रचार में खर्च करती रही है। अगर इस बड़ी रकम का उपयोग यूपी की जनता के लिए किया जाता तो, प्रदेश में इतनी भुखमरी व बेरोजगारी न होती। उन्होंने बेसिक शिक्षा स्कूलों के बच्चों को बंटने वाले स्वेटर में हुए भ्रष्टाचार और शिक्षा मित्रों को न्याय न मिलने को लेकर भी सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा पर जमकर हमला किया है।

## रालोद ने सिवालखास और मेरठ कैंट की सीट पर उतारे प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन के तहत मंगलवार को मेरठ की सिवालखास और कैंट की सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। सिवालखास सीट से पूर्व में सपा से विधायक रहे गुलाम मोहम्मद को और कैंट से पूर्व विधायक चन्द्रवीर सिंह की पुत्री मनीषा अहलावत को रालोद ने मैदान में उतारा है। गुलाम मोहम्मद पार्टी की स्थापना के समय से सपाई हैं। कुछ समय तक बसपा में भी रहे मगर फिर सपा में आ गए। वह सपा के महानगर अध्यक्ष भी रहे हैं। कैंट से सपा से चुनाव लड़ चुके। 2012 में सिवालखास से विधायक बने थे। विधायक रहते हुए 2014 में उन्हें सपा ने लोकसभा चुनाव में बागपत से प्रत्याशी बनाया लेकिन हार गए। 2017 में भी सिवालखास से विधानसभा चुनाव हार गए थे।

## सपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्रए निष्पक्षए निर्भीक सम्पन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने तथा सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। श्री चौधरी के अनुसार गुजरात सहित अन्य राज्यों के बाहरी लोग बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों की विधान सभाओं में चुनाव को प्रभावित करने में संलग्न हैं, उन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाय तथा ऐसे लोगों को उत्तर प्रदेश से बाहर किया जाय। पूर्व आईपीएस असीम अरूण तथा उनके साथ पिछले पांच वर्षो से तैनात रहे अधिकारियों और पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण लोगो की जांच की जाय तथा चुनाव के दौरान पदों से मुक्त किया जाय और ऐसे लोगो पर तत्काल रोक लगाई जाय और जांच करके संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। मुख्य चुनाव आयुक्त के संज्ञान में लाया गया है कि समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों और कार्यालय पर पूरी पाबन्दी लगा दी गई है और गाड़ियों के चालान किये जा रहे है जब कि सत्तारूढ़ दल भाजपा के मंत्रीगण, विधायकगण, नेता और कार्यकर्तागण खुलेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं।

# महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती हैः प्रियंका

### कांग्रेस महासचिव ने वर्चुअल संवाद कर साधा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने फेसबुक से लाइव संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ महिलाओं की ऊर्जा को नियंत्रित करने की बात करते हैं। यह भाजपा, योगी आदित्यनाथ और उनकी पार्टी के नेताओं की महिलाओं के प्रति विचारधारा को स्पष्ट करता है। मैं इससे सहमत नहीं हूं, महिलाओं की ऊर्जा देश को बदल सकती है, महिलाओं की ऊर्जा, उनकी करुणा, प्रेम, विवेक, दृढ़ता उनके विशेष गुण हैं।

कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपनी बहनों को कहना चाहती हूं कि जहां जहां महिला प्रत्याशी हैं, वहां वहां आप उन्हें सपोर्ट कीजिए। उनका संघर्ष आपका भी संघर्ष है। जो आज यहां तक पहुंची हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है। कानून व्यवस्था पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा हमारी कई प्रत्याशियों पर पुलिस ने और सरकार ने अत्याचार किया। हमने फैसला किया है कि हम उनके हाथ से सत्ता छीनेंगे और उनको देंगे जिन पर आपने अत्याचार किया है।

हस्तिनापुर सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार अर्चना गौतम पर कीचड़ उछालने वाले मामले में प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा, हस्तिनापुर में जो चुनाव लड़ रही हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है और इस जगह पहुंची हैं। उनपर कीचड़ उछाला जा रहा है, मीडिया जिस तरह सवाल कर रहा है, मैं कहना चाहती हूं कि आप नरेंद्र मोदी या किसी पुरुष से ऐसा सवाल क्यों नहीं पूछते, मैं ऐसी राजनीति चाहती हूं जिसमें सकारात्मक बातें हों, जिसमें विकास की बातें हों, जिसमें आपकी बातें हों। हो सकता है कि विपक्षी ये समझें कि हमारे प्रत्याशी कमजोर हैं लेकिन हमने उनको टिकट इसलिए दिया है ताकि जो लोग अपने जीवन में पीड़ित हैं और संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें मजबूत किया जा सके।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोविड के चलते मैराथन कैंसिल करनी पड़ीए लेकिन हमने ऑनलाइन प्रतियोगिताएं कराने का फैसला किया है। आप में से जो भी लड़कियां इसे लेकर उत्साहित हैंए वे ऑनलाइन भाग ले सकती हैं। उन्होंने कहा हमारी और दूसरी पार्टियों की राजनीति में अंतर है कि हम समझते हैं कि हम आपके प्रति जवाबदेह हैं। जो जवाबदेह नहीं हैं वे जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगते हैं।

# लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही सरकारः सुप्रिया श्रीनेत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पेंशन बहाली में सरकार के ढीले रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संयुक्त कर्मचारी संगठन के 150 अलग अलग धड़े करीब 20 लाख पूर्व और वर्तमान सरकारी कर्मचारी पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इनका ये आंदोलन 17 साल से चल रहा है। भाजपा सरकार ने राज्य कर्मियों की मांगों को नजरअंदाज किया और लाखों कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 13 लाख कर्मचारी पेंशन बहाली की राह देख रहे हैं, लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी भाजपा सरकार ने उनकी सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में विभिन्न पदों पर बैठे अधिकारियों, कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। जनता के लिए हितकारी कामों को वह जनता तक पहुंचाते हैं। नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन ही सरकारी कर्मचारियो, अधिकारियों की जिंदगी का आर्थिक सहारा होती है। आज कर्मचारियों के तमाम संगठनों के लोग धरने, आंदोलन पर बैठे हैं। पूरे जीवन सरकार, आमजन की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्ति पर कार्मिक को पेंशन विहीन करना गलत है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माना है कि एक दैनिक वेतन भोगी जो नई पेंशन योजना के बाद (2005 के बाद) नियमित हुआ है, उसे अपनी पिछली सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन पाने का हक़ है। बीते कुछ वर्षों से कर्मचारी संगठन लगातार राज्य और केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते रहे हैं। लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को न सिर्फ नजरअंदाज किया है बल्कि उनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# समाजवादी शिक्षक सभा ने शुरू किया शिक्षक चला शिष्य के द्वार अभियान

**● राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक में की गयी पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वर्चुअल बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव का चुनावी बिगुल बज चुका है। अब हम सभी शिक्षकों का नैतिक दायित्व है कि हम शिक्षक सभा के पदाधिकारी विधानसभा वार शिष्यों के बीच जाकर समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों, नीतियों तथा समाजवादी सरकार में किए गए जनहितकारी कार्यों को बताया जाए। इसी के तहत प्रो बी पांडे ने शिक्षक चला शिष्य के द्वार अभियान की शुरुआत किया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी अपनी विधानसभा क्षेत्र में अपने शिक्षण काल के दौरान पढ़ाए जाने वाले शिष्यो एवं विधानसभा में क्षेत्र में रहने वाले शिक्षकों के घर घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताने का काम करेगा और पार्टी के द्वारा घोषित प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने की अपील करेंगे।

बैठक में 2022 में उत्तर प्रदेश से झूठी गुमराह करने वाली लोगों के हितों पर कुठाराघात करने वाली सरकार को हटाने तथा उत्तर प्रदेश में विकासवादी सरकार तथा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ आफताब आलम खान, कुलदीप यादव, डॉ सीपी गुप्ता, डॉ सुरेश यादव, डॉ राजीव यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, कौशल किशोर भदौरा, डॉ अरविंद, देवर्षि यादव, डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव, चंद्र शेखर सिंह, सुनील कुमार बाजपेई, डॉ प्रकाश यादव, महफूज़ आलम, डॉ राहुल समेत समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सपा का आज से 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान शुरू

### अब्दुल्लाह आजम पर भाजपा व कांग्रेस ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाएः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली पाओ, नाम लिखाओ अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि 19 जनवरी से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अभियान का फॉर्म भराएंगे। यह अभियान डिजिटल प्लेटफार्म पर भी चलेगा। अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह घोषणा की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के पुत्र अब्दुल्लाह आजम भी मौजूद थे।




सपा मुखिया अखिलेश ने अपील की कि जिन लोगों के पास बिजली का कनेक्शन है, वह उसी नाम से फॉर्म भरें, जिस नाम से बिजली कनेक्शन है। जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं है वह राशन कार्ड या आधार कार्ड में उल्लेखित नाम लिखाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता को ठगा है। बिजली का बिल बढ़ा-चढ़ाकर भेजा जा रहा है। आम जनता बहुत परेशान हैं। कई लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। समाजवादी पार्टी ने जनता को राहत देने के लिए 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की पहले ही घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बात जनता के बीच रखनी है। अब रैली सभा तो होनी नहीं है। चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हमारे कार्यकर्ता और प्रत्याशी जनता के बीच इस अभियान में जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली कनेक्शन है। कुछ महीनों से बिजली के बिल नहीं आने की खबरें हैं। कहीं बढ़े हुए हजारों के बिल आ रहे हैं। इस बार जनता का ऐसा करंट लगेगा कि भाजपाइयों की जमानतें जब्त हो जाएगी। खराब मीटर की जगह गुणवत्ता वाले मीटर लगना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे भाजपा नेताओं के ऊपर हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के ऊपर गंभीर धाराएं हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट क्यों दिया और मुख्यमंत्री क्यों बनाया, अगर गंभीर मुकदमों की बात हो तो भाजपा कभी चुनाव नहीं लड़ पाएगी। अब्दुल्लाह आजम पर लगे मुकदमों को लेकर श्री यादव ने कहा कि इनके खिलाफ भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर झूठे मुकदमे लगवाए।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अन्नदाता को आतंकवादी कहते हैं तो किसानों द्वारा पैदा किया गया अनाज क्यों खाते हैं। आज किसानों के धान की लूट हो रही है, अभी गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। आज कमाई आधी हो गई है, महंगाई दोगुनी हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ राष्ट्रीय लोक दल, ओमप्रकाश राजभर, कृष्णा पटेल, महान दल, संजय चौहान की पार्टी का गठबंधन है। भाजपा डरी हुई है। अब तो हमारे साथ स्वामी प्रसाद मौर्य समेत और भी कई बड़े नेता आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ जनता भाजपा से बहुत नाराज हैं। भाजपा हार के डर से बौखलाई हुई है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और सहयोगी दलों पर झूठे मुकदमे लगाकर परेशान कर रही है। प्रदेश का किसान, नौजवान, बेरोजगार, भाजपा के इस अन्याय अत्याचार का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सबको न्याय और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

समाजवादी पार्टी समाजवादी सिद्धांत लागू करना चाहती है जिसमें सबको रोटी, कपड़ा और मकान मिले। पिछली बार सपा सरकार के दौरान हमने मेट्रो चलाई और ऐसी संस्थानों का विकास किया जिसके जरिए नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला। आम जनता का फायदा हुआ। हम बीपीएड टीईटी, शिक्षामित्र समेत तमाम उन संगठनों के साथ हैं, जो नौकरी और रोजगार के लिए लगातार अपनी मांग कर रहे हैं। हम उनके ज्ञापन और मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

# कुमुदिनी यादव सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नामित

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने इं कुमुदिनी यादव सुल्तानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो फहद द्वारा दाउद खान उन्नाव, चौधरी नजाकत अली अमरोहा एवं अमित यादव सुल्तानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के सिद्धार्थ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अरकान अहमद उन्नाव को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो इकबाल कादरी द्वारा राजिन्दर सिंह उर्फ नीटा कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में आशुतोष सिंह यादव सुनील गाजीपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

# हिन्दुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को प्रोत्साहित करने की स्पर्धा है कांग्रेस, सपा में

## ●भजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लगाया आरोप

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच हिन्दुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को प्रोत्साहित करने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान द्वारा कांग्रेस को समर्थन किए जाने और सपा द्वारा कई विवादित नेताओं को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने का हवाला देते हुए दोनों दलों पर हमला किया। पात्रा ने कहा कि खान ने हाल में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए एक भाषण दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए ऐसे लोगों का समर्थन कोई नई बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस ने हिन्दुओं के खिलाफ आग उगलने वालों से गठजोड़ किया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सपा ने जेल में बंद नाहिद हसन और दंगा फैलाने के आरोपी मुहर्म अली को टिकट दिए है। उन्होंने कहा, हिंदुओं के खिलाफ घृणा फैलाने वालों को कौन अधिक प्रोत्साहित करता है, इसकी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में प्रतिस्पर्धा चल रही है। भाजपा प्रवक्ता ने महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई एक कथित टिप्पणी का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जो चूक हुई थी, वह संयोग नहीं था बल्कि एक प्रयोग था। ज्ञात हो कि एक वायरल वीडियो में पटोले को यह हुए सुना जा सकता है कि वह मोदी को पीट सकते हैं और गाली दे सकते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा सांसद भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बारे में पूछ जाने पर पात्रा ने चुटकी लेते कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्यपाल की तरह मान की उम्मीदवारी की घोषणा की और मान ने भी ऐसा किया मानों वह मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे थे। पंजाब में हुई ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। 26 ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके खिलाफ पंजाब की कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकी दर्ज की थी। इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

## मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाकर आप ने पंजाब में घोषित की अपनी शराब नीति : भाजपा

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगरूर के सांसद भगवंत मान को आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर आम आदमी पार्टी (आप) को आड़े हाथों लिया और कहा कि इस घोषणा के साथ ही राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला जनता अपने मतों से करती है ना कि मिस्ड कॉल्स से। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी ने अपनी शराब नीति भी घोषित कर दी। जो पंजाब नशे से लड़ रहा है, उसे यह पार्टी नशे की तरफ धकेलना चाहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को घोषणा की कि पंजाब विधानसभा चुनाव में भगवंत मान पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के लिए आप ने मिस्ड कॉल्स के जरिए जनता चुनेगी अपना सीएम नामक अभियान चलाया था। चुग ने कहा कि पंजाब की जनता तय करेगी कि नायक किसे बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया, जिस व्यक्ति के खिलाफ उसी की पार्टी के दूसरे सहयोगी ने लिखित दरख्वास्त दी थी कि उसके साथ बैठना मुश्किल है, क्योंकि उसके मुंह से शराब की बदबू आती है। ऐसे लोग पंजाब का क्या करेंगे यह जनता बखूबी जानती है और अपने वोटों से वह इसका जवाब देगी।

मान संगरूर से दो बार के लोकसभा सांसद और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख है। पंजाब में चुनाव लड़ने वाले प्रमुख दलों में आप एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा की है। गौरतलब है कि पंजाब की 117 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 10 मार्च को की जाएगी।


सूरत में कार्यकर्ता भाजपा के नारों वाली साड़ी और पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के चित्र को दिखाते कारीगर

## मप्र में बाघ व चीतल की खाल के साथ सात गिरफ्तार

**भाषा**। बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाघ और एक चीतल की खाल जब्त की गई है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समृद्ध और धनी बनने की कामना के साथ आरोपी कुछ तांत्रिक अनुष्ठान कर रहे थे। उपमंडल वन अधिकारी (एसडीओएफ) अमित पाटोदी ने पत्रकारों से कहा कि सूचना मिलने पर वन दल ने चंगुटोला गांव से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाघ और एक चीतल की खाल को बरामद किया। आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बाद में चार और लोगों को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया।


मुंबई में पांच महीने का ऑस्कर मुंबई के भायखला चिड़ियाघर में पेंगुइन बाड़े के अंदर तैरता हुआ

## अदालत ने अनिल देशमुख की जमानत अर्जी खारिज की

**धन शोधन मामला**

**भाषा**। मुंबई

**एक** विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें कथित धन शोधन मामले में तकनीकी आधार पर जमानत देने का अनुरोध किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख को दो नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

देशमुख ने अपनी अर्जी में दलील दी थी कि धन शोधन निवारण कानून के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उन्हें आगे की न्यायिक हिरासत में भेजने से पहले ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र का संज्ञान नहीं लिया।

अर्जी में कहा गया था कि चूंकि गिरफ्तारी से 60 दिन की निर्धारित अवधि में आरोप पत्र का संज्ञान नहीं लिया गया, इसलिए उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167 के तहत तकनीकी आधार पर जमानत मिलनी चाहिए। ईडी ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि आरोप पत्र निर्धारित समय के भीतर दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश आर एन रोकडे ने राकांपा नेता की याचिका खारिज कर दी। धारा 167 के अनुसार यदि 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया जाता है और इसका संज्ञान नहीं लिया जाता है तो आरोपी तकनीकी आधार पर जमानत का अनुरोध कर सकता है। हालांकि केंद्रीय एजेंसी ने दलील दी कि आरोप पत्र पर अदालत के संज्ञान लेने का सवाल ही प्रासंगिक नहीं है। साथ ही कहा कि समय पर मूल आरोप पत्र और पूरक जमानत दाखिल होने के बाद डिफॉल्ट जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता है। ईडी ने 29 दिसंबर 2021 को देशमुख और उनके बेटों के खिलाफ 7,000 पन्नों का पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। इससे पहले ईडी ने देशमुख के निजी सचिव (अतिरिक्त कलेक्टर-रैंक के अधिकारी) संजीव पलांडे और निजी सहायक कुंदन शिंदे सहित 14 अन्य आरापियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अप्रैल 2021 में राकांपा के वरिष्ठ नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया, जिसके बाद ईडी ने देशमुख के खिलाफ एक अलग जांच शुरू की।

## असम-मेघालय सीमा विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान का खाका तैयार: हिमंत

**भाषा**। गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि मेघालय के साथ सीमा विवाद के छह क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण समाधान का खाका तैयार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि दोनों राज्य सरकारों ने शीर्ष स्तर पर विचार-विमर्श के जरिए रास्ता निकाला है। हालांकि विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मुद्दे पर और चर्चा किए जाने का आह्वान किया है। कांग्रेस ने विधानसभा में चर्चा की मांग करते हुए कहा कि सरकार के दृष्टिकोण के मुताबिक दोनों राज्यों को कुछ क्षेत्र मिलेगा और कुछ छोड़ना होगा।

असम-मेघालय सीमा विवाद पर राज्य के राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के बाद सरमा ने ट्वीट किया, असम-मेघालय सीमा विवाद को सुलझाने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं क्योंकि पहले चरण में 12 विवादास्पद क्षेत्रों में से छह को सुलझाने के लिए चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में जिन क्षेत्रों को अंतिम समाधान के लिए चुना गया है, उनमें हाहिम, गिजांग, ताराबाड़ी, बोकलापारा, खानापारा-पिलिंगकाटा और रातचेरा शामिल हैं। सरमा ने कहा कि दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों वाली तीन क्षेत्रीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर सौहार्दपूर्ण समाधान का रोडमैप तैयार किया गया है।

इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्तर की कई दौर की बातचीत के बाद हम इस चरण में पहुंचे हैं। बैठक के दौरान कांग्रेस, माकपा, असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट जैसे राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने पीटीआई-भाषा से कहा कि दोनों राज्यों के बीच विवादास्पद क्षेत्र का बहुत छोटा से हिस्से को समाधान के लिए चिन्हित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार के प्रस्ताव के मुताबिक, दोनों राज्यों को लगभग बराबर हिस्सा मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले इस पर विधानसभा में चर्चा की जानी चाहिए।

## एसीबी के सामने पेश होने में फिर नाकाम रहे मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त

**मुंबई**। जबरन वसूली के आरोपों से घिरे मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह मंगलवार दोपहर तक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के सामने पेश होने में नाकाम रहे। एसीबी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसीबी एक पुलिस इंस्पेक्टर की ओर से दायर भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर परमबीर के खिलाफ खुली जांच कर रही है।

इस संबंध में परमबीर के बयान दर्ज करने के लिए उन्हें मंगलवार को तलब किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जबरन वसूली के आरोप में निलंबित परमबीर को इससे पहले दस जनवरी को एसीबी के सामने पेश होने का समन जारी किया गया था। हालांकि तब परमबीर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई लंबित होने का हवाला देते हुए एसीबी के सामने पेश नहीं हुए थे।

अधिकारी ने कहा कि हाल ही में एक जांच दल परमबीर के मुंबई स्थित आवास पहुंचा था।

## कोल्हापुर : बच्चों के अपहरण, हत्या की दोषी बहनों की फांसी उम्रकैद में बदली

**भाषा**। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कोल्हापुर की उन दो बहनों (रेणुका शिंदे और सीमा गावित) की मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया, जिन्हें 1990 से 1996 के बीच 14 बच्चों का अपहरण करने और इनमें से पांच की हत्या करने के अपराध में कोल्हापुर की एक अदालत ने दोषी करार दिया था।

न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एसवी कोतवाल की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने दोनों महिलाओं की मौत की सजा पर अमल में अत्यधिक विलंब किया है जबकि राष्ट्रपति के समक्ष दाखिल उनकी दया याचिका 2014 में ही खारिज हो गई थी।

पीठ ने कहा कि ऐसी देरी कर्तव्यों के निर्वहन के मामले में केंद्र और राज्य सरकार का ढीला रवैया उजागर करती है तथा इसी वजह से दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलना पड़ा है। रेणुका शिंदे और सीमा गावित अक्तूबर 1996 से हिरासत में हैं। उन्होंने 2014 में उच्च न्यायालय से अपनी मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील करने की अपील की थी। इस बाबत दोनों ने उनकी दया याचिकाओं के निस्तारण में बेवजह होने वाले विलंब का हवाला दिया था।

शिंदे और गावित ने दावा किया था कि ऐसा विलंब जीवन जीने के उनके मौलिक अधिकार का हनन करता है। इस याचिका में दोनों महिलाओं ने कहा था कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के उनकी मौत की सजा पर मुहर लगाने के बाद वे 13 साल से भी अधिक समय से पल-पल मौत के डर के साए में जी रही हैं। शिंदे और गावित ने याचिका में कहा कि दया याचिकाओं पर निर्णय में विलंब की जिम्मेदारी पूरी तरह से कार्यपालिका की है, जिसमें महाराष्ट्र के राज्यपाल, राज्य सरकार, गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति तक शामिल हैं। पीठ ने अपने फैसले में कहा, सरकारी तंत्र ने मामले में उदासीनता दिखाई। फाइलों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने में सात साल से अधिक समय लग गया, जो अस्वीकार्य है। कर्तव्यों की यही अवहेलना मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने का कारण है। कोल्हापुर की सत्र अदालत ने 2001 में शिंदे और गावित को बच्चों के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। बंबई उच्च न्यायालय ने 2004 में औरउच्चतम न्यायालय ने 2006 में दोनों की मौत की सजा बरकरार रखी थी। दोषी बहनों ने 2008 में राज्यपाल के सामने दया याचिका दाखिल की थी, जो 2012-13 में खारिज हो गई।

## गोवा के संबंध में पवार की योजना की लेकर फड़णवीस, राकांपा नेताओं के बीच जुबानी जंग

**भाषा**। नई दिल्ली

**ऐसे में जब राकांपा** गोवा में नए सिरे से पैठ बनाने की जुगत में है, शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच एक मौखिक वाकयुद्ध छिड़ गया है।

गोवा में भाजपा के प्रभारी फडणवीस ने तटीय राज्य में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ गठबंधन करने के पवार के प्रयासों का मखौल उड़ाया है। राज्य में विधानसभा चुनाव 14 फरवरी को होना है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कोई पार्टी अपने नाम में केवल राष्ट्रवादी जोड़कर राष्ट्रीय स्तर हासिल नहीं कर सकती। हालांकि इसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कहा जाता है, वास्तव में, पार्टी पश्चिमी महाराष्ट्र तक ही सीमित है। राकांपा नेताओं अजीत पवार, सुप्रिया सुले और नवाब मलिक ने भाजपाके नेता पर पलटवार किया और उनसे शरद पवार के बारे में बोलते हुए संयम बरतने को कहा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता मलिक ने फडणवीस को याद दिलाया कि कैसे अनुभवी नेता पवार ने उन्हें 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री के रूप में लौटने से रोक दिया था। उन्होंने परोक्ष तौर पर भाजपा नेता के राजनीतिक करियर के खत्म होने की ओर इशारा करते हुए ट्वीट किया, यदि वह इसी तरह बोलना जारी रखेंगे, तो शरद पवार उन्हें काशी के घाट दिखाने से नहीं हिचकिचाएंगे। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले फडणवीस ने घोषणा की थी कि शरद पवार का राजनीतिक युग समाप्त हो गया है। शरद पवार जी की राजनीति का दौर खत्म हो गया है। वह (पार्टियां) बनाने और तोड़ने की जिस तरह की राजनीति करते थे, वह अब खत्म हो गया है। ऐसी राजनीति नहीं चलेगी। पीढ़ियां बदल गई हैं, लोग अब ऐसी राजनीति को स्वीकार नहीं करते हैं। 2019 के महाराष्ट्र चुनावों के बाद शिवसेना जब भाजपा के साथ गठबंधन से बाहर हो गई थी, फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

## चंद्रबाबू नायडू कोरोना वायरस से संक्रमित

**अमरावती**। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्विटर पर खुद यह जानकारी दी। नायडू ने लिखा, मेरी कोविड जांच में संक्रमण की पुष्टि हुई है। मैं हल्के लक्षणों से जूझ रहा हूं। मैंने खुद को घर में पृथक कर लिया है और सभी जरूरी एहतियात बरत रहा हूं। मैं उन सभी लोगों से जल्द से जल्द कोविड जांच कराने का आग्रह करता हूं, जो मेरे संपर्क में आए थे। सुरक्षित रहें और अपना खयाल रखें। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने कहा, चंद्रबाबू का कोरोना वायरस से संक्रमित होना दुखद है।

## न्यायालय ने पूनम पांडे की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

**पोर्नोग्राफी मामला**

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने पोर्न फिल्म रैकेट मामले में अभिनेत्री पूनम पांडे को गिरफ्तारी से मंगलवार को संरक्षण दे दिया। न्यायमूर्ति विनीत सरण और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने पांडे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उनकी ओर से दायर एक अपील पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करे। इस बीच याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

अश्लील फिल्म मामले में दर्ज प्राथमिकी अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा के साथ पांडे को आरोपी बनाया गया है। उच्च न्यायालय ने 25 नवंबर, 2021 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका रद्द कर दी थी। दिसंबर में, शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर अश्लील वीडियो के वितरण के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में राज कुंद्रा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

कुंद्रा के खिलाफ कथित रूप से स्पष्ट यौन वीडियो वितरिता प्रसारित करने के लिए भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की कुछ धाराओं, महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (रोकथाम) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तारी के डर से, कुंद्रा ने पहले सत्र अदालत से अग्रिम जमानत मांगी, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया, फिर उन्होंने यह दावा करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी कि उन्हें फंसाया गया है।


नादिया में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती से पहले एक कार्यशाला में एक कलाकार ने मिट्टी की मूर्तियां तैयार करता हुआ

## मोदी से जुड़े विवादित वीडियो पर पटोले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**ठाणे**। ठाणे और पालघर में भाजपा ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन एक वीडियो को लेकर किया गया जिसमें पटोले कथित रूप से यह कहते हुए सुने गए कि वह मोदी को पीटेंगे और गाली देंगे। टीवी चैनलों पर इसे दिखाए जाने और नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस की तरफ से ट्वीट किए जाने के बाद वीडियो को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। पटोले ने सफाई देते हुए कहा कि भंडारा जिले के ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने जिस मोदी का उल्लेख किया, वह प्रधानमंत्री ना होकर एक स्थानीय गुंडा है।

## ध्वज संहिता के बारे में सरकारी निकायों, एजेंसियों में जागरूकता की कमी : गृह मंत्रालय

**भाषा**। नई दिल्ली

**केंद्र** ने गणतंत्र दिवस से पहले सरकारी संगठनों, एजेंसियों और लोगों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने संबंधी नियमों एवं परंपराओं के बारे में जागरुकता के स्पष्ट अभाव को रेखांकित किया है और राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि तिरंगे का अपमान नहीं हो। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भेजे एक संवाद में कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि लोग सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों में भाग लेते समय केवल कागज के झंडों का इस्तेमाल करें और इन झंडों को जमीन पर फेंकने के बजाय गरिमा के अनुरूप निजी तौर पर इनका निस्तारण किया जाए। भारत की ध्वज संहिता के अनुसार आमजन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सामाजिक एवं खेल समारोहों में कागज का बना राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को दर्शाता है और इसलिए इसका एक सम्मानजनक स्थान होता है तथा ध्वज के प्रति सार्वभौमिक प्रेम एवं सम्मान तथा वफादारी होती है। उसने कहा कि इसके बावजूद राष्ट्रीय ध्वज को फहराने पर लागू होने वाले कानूनों एवं परंपराओं के संबंध में लोगों के साथ-साथ सरकार के संगठनों या एजेंसियों में अक्सर जागरुकता की स्पष्ट कमी देखी जाती है। गृह मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से कहा कि वे इस संबंध में जागरुकता अभियान चलाएं और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के जरिए इसका व्यापक प्रचार करें।

इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और राष्ट्रीय ध्वज को फहराने संबंधी नियमों से जुड़ी एवं 2021 में संशोधित भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की प्रति मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 554 अंक टूटा, निफ्टी में 195 अंक की गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**रियल्टी, वाहन** एवं धातु कंपनियों के शेयरों में नुकसान और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली के दबाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को करीब एक प्रतिशत की बड़ी गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों का सेंसेक्स कारोबार के अंत में 554.05 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 60,754.86 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के तीस में से 23 शेयर नुकसान में रहे। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 195.05 अंक यानी 1.07 अंक की गिरावट के साथ 18,113.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से 43 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में चार प्रतिशत के साथ मारुति सुजुकी के शेयर में सबसे ज्यादा नुकसान रहा। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एलएंडटी को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, डॉ रेड्डीज, टाइटन और नेस्ले इंडिया के शेयर लाभ में रहे।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल के दाम में आई तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बिकवाल रहने से घरेलू बाजार में उठापटक देखी गई। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका के बीच बांड प्रतिफल बढ़ने से वैश्विक स्तर पर बाजारों में बिकवाली का दबाव रहा। इसके साथ ही तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से कच्चे तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू कारोबारियों ने मुनाफावसूली की। इससे निफ्टी पिछले चार कारोबारी दिवसों के निचले स्तर से भी कम पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.2 प्रतिशत गिरा जबकि स्मालकैप में 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार आधार पर बुनियादी सामान, दूरसंचार, वाहन, रियल्टी एवं धातु सूचकांकों में 2.76 प्रतिशत तक की गिरावट आई।


कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बिकवालों का जोर रहने से बाजारों में हालिया बढ़त का दौर थमा और निवेशकों ने मुनाफा कमाने पर जोर दिया। निकट भविष्य में भी निफ्टी के स्तर में कमजोरी देखी जा सकती है। एशियाई बाजारों में हांगकांग, तोक्यो और सियोल नुकसान में रहे, जबकि शंघाई सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय देशों के बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान भारी बिकवाली का दबाव देखा गया। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.13 प्रतिशत बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। संयुक्त अरब अमीरात में एक तेल प्रतिष्ठान पर ड्रोन हमले के बाद आपूर्ति चिंताएं बढ़ने से कच्चे तेल में तेजी देखी जा रही है। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 855.47 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## बीबीएनएल जून तक सीमा नक्सल प्रभावित 6,929 पंचायतों को सैटकॉम सेवाओं से जोड़ेगा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण ब्रॉडबैंड अवसंरचना संगठन बीबीएनएल को उम्मीद है कि वह इस साल जून तक सीमावर्ती, नक्सल प्रभावित और द्वीप क्षेत्रों में स्थित 6,929 पंचायतों को उपग्रह आधारित संचार सेवाओं से जोड़ लेगा। दूरसंचार मंत्रालय के तहत इस विशेष इकाई ने पहले ही गलवान घाटी, डोकलाम, लेह, तवांग आदि क्षेत्रों में स्थित 4,682 ग्राम पंचायतों (जीपी) में उपग्रह सेवाएं शुरू कर दी हैं। बीबीएनएल के एक अधिकारी ने कहा, वर्तमान में, 6,929 में से सभी 4,682 ग्राम पंचायतों को उपग्रह सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। इसमें रक्षा के नियंत्रण वाले 1,389 स्थान भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, सीमा और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सभी 6,929 ग्राम पंचायतों को जून तक उपग्रह संचार सेवाओं से जोड़ दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि कि गलवान घाटी और डोकलाम जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में उपग्रह आधारित संचार सेवाओं को 2020 में चालू किया गया था।

### बीएसई सेंसेक्स जनवरी 2022 18

**60,754.86**




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| ऐक्सिस बैंक | 1.83 | मारुति सुजुकी | -4.05 |
| एचडीएफसी बैंक | 0.53 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | -3.83 |
| आईसीआई. बैंक | 0.48 | टेक महिन्द्रा | -3.54 |
| कोटक महिन्द्रा | 0.34 | एचसीएल टेक | -3.09 |
| डॉ रेड्डीज़ लैब्स | 0.25 | टाटा स्टील | -2.86 |

### एनएसई निफ्टी जनवरी 2022 18

**18,113.05**




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| ऐक्सिस बैंक | 1.78 | मारुति सुजुकी | -4.07 |
| आईसीआई. बैंक | 0.45 | Tata Consumer | -3.94 |
| एचडीएफसी बैंक | 0.43 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | -3.81 |
| डॉ रेड्डीज लैब्स | 0.40 | आयशर मोटर्स | -3.67 |
| नेस्ले | 0.39 | ग्रासिम | -3.62 |

पीटीआई ग्राफिक

## सीबीएम ब्लॉकों के लिए बोलियां 15 फरवरी से 15 मार्च तक दी जा सकेंगी : डीजीएच

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक दशक** से अधिक समय में पहली कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) दौर की बोली के तहत पेश 15 ब्लॉकों के लिए बोलियां 15 फरवरी से 15 मार्च तक जमा की जा सकेंगी। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विशेष सीबीएम बोली दौर - 2021 के तहत बोली की शुरुआत पिछले साल सितंबर में हुई थी, और पहले इसे 20 फरवरी, 2022 तक पूरा किए जाना था, लेकिन बाद में इस समयसीमा को आगे बढ़ा दिया गया।

डीजीएच ने एक नोटिस में कहा, विशेष सीबीएम बोली दौर - 2021 के लिए बोलियां 15 फरवरी, 2022 से 15 मार्च, 2022 तक दाखिल की जा सकेंगी। सरकार ने कोल सीम (सीबीएम) से गैस निकालने के लिए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 15 ब्लॉक की पेशकश की है। एक दशक से अधिक समय में यह पहली सीबीएम दौर की बोली है। अंतिम दौर, 2010 में आयोजित किया गया था।

सीबीएम कोयला क्षेत्रों में कोयले की परतों के नीचे पाई जाने वाली गैस या मीथेन है। यह प्राकृतिक गैस के समान है और इसका इस्तेमाल बिजली संयंत्रों, उर्वरक इकाइयों को चलाने या वाहनों में सीएनजी के रूप में किया जा सकता है। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक पांच ब्लॉक हैं। इसके अलावा झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा में दो-दो ब्लॉक की पेशकश की गई है। छत्तीसगढ़ में तीन और पश्चिम बंगाल में एक ब्लॉक की पेशकश की गई है। सरकार ने पिछले चार दौर की बोली में 29 सीबीएम ब्लॉक आवंटित किए हैं।

## भारत कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने की राह पर: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत को कारोबारी सुगमता की राह पर अग्रसर बताते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार राजस्व के बजाय उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। अग्रवाल ने एक ट्वीट में कहा कि भरोसा, प्रतिभा एवं प्रौद्योगिकी विकास के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान से सहमति जताते हुए कहा कि यह समय भारत में निवेश के लिए सबसे अच्छा है। अग्रवाल ने विश्व आर्थिक मंच की ऑनलाइन शिखर बैठक में प्रधानमंत्री के सोमवार को दिए गए संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा, हम प्रधानमंत्री की बात से पूरी तरह सहमत हैं। उद्यमियों के लिए साझेदारों एवं निवेशकों की पहचान कर उनके साथ गठजोड़ बनाने का यह बेहतरीन मौका है। सामान्य समझ है कि वे स्थानीय उद्यमियों के साथ काम करना चाहेंगे। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि भारत कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने की राह पर अग्रसर है।

## आभूषण उद्योग निकाय का सरकार से जीएसटी को घटाकर 1.25 प्रतिशत करने का अनुरोध

**भाषा।** मुंबई

**अखिल भारतीय** रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने मंगलवार को सरकार से जीएसटी (माल एवं सेवा कर) की दर को घटाकर 1.25 प्रतिशत करने का आग्रह किया। रत्न और आभूषण उद्योग के प्रमुख निकाय जीजेसी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपनी बजट-पूर्व सिफारिशों में सोने, कीमती धातुओं, रत्नों और ऐसे सामान से बने आभूषणों पर राजस्व समानता सिद्धांत के आधार पर 1.25 प्रतिशत की संचई जीएसटी दर तय करने की मांग की है।

वर्तमान में रत्न एवं आभूषण पर जीएसटी की दर तीन प्रतिशत है। जीजेसी ने वित्त मंत्री से पैन कार्ड की सीमा दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने का भी आग्रह किया है, क्योंकि ग्रामीण भारत में कई घरों में पैन कार्ड नहीं है और जरूरत के समय विशेषकर वैश्विक महामारी के समय में न्यूनतम आवश्यक आभूषण की व्यवस्था करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

जीजेसी ने सरकार से अनुरोध किया है कि सोने की न्यूनतम मात्रा पर उपयुक्त स्पष्टीकरण जारी किया जाए, जिसे कोई व्यक्ति किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए बिना स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (जीएमएस) के तहत जमा कर सकता है। इसके अलावा उद्योग निकाय ने अनुरोध किया कि रत्न और आभूषण उद्योग को 22 कैरेट सोने के आभूषणों की खरीद के लिए ईएमआई सुविधा की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे महामारी के बाद उद्योग के कारोबार में पर्याप्त वृद्धि होगी।

जीजेसी के अध्यक्ष आशीष पेठे ने कहा, महामारी के इन मुश्किल समय के दौरान हमारे उद्योग को बहुत नुकसान हुआ है, और इसे के वी कामत की रिपोर्ट में तनावग्रस्त क्षेत्रों में से एक के रूप में भी चिन्हित किया गया है।

उन्होंने कहा, इसलिए, हमने आयकर अधिनियम की धारा चालिस ए में बदलाव का प्रस्ताव दिया है ताकि प्रतिदिन 10,000 रुपए की मौजूदा दैनिक नकद सीमा को बढ़ाकर 1,00,000 रुपए किया जा सके। उन्होंने कहा कि जीजेसी ने सरकार से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आभूषणों की खरीद पर बैंक कमीशन (01-1.5 प्रतिशत) को माफ करने का भी आग्रह किया है। इससे रत्न और आभूषण उद्योग डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने में भूमिका निभा सकेगा।

## क्विक न्यूज

### कोल इंडिया बिजली क्षेत्र की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धः अधिकारी

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड आयात पर निर्भर तटीय संयंत्रों सहित बिजली क्षेत्र की कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोल इंडिया को उम्मीद थी कि पिछले साल दिसंबर तक मांग कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा नही हुआ। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब पूछा गया कि क्या कंपनी इंडोनेशिया की आपूर्ति बाधाओं के कारण उत्पन्न कमी को पूरा कर पाएगी, तो उन्होने कहा कि हम बिजली क्षेत्र की कोयले की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वह घरेलू हो या आयात पर निर्भर संयंत्र हों। उन्होंने कहा, हमने आयात मे कटौती करने के लिए तटीय संयंत्रो को थोड़ी बहुत मात्रा मे कोयले की आपूर्ति शुरू कर दी है। इंडोनेशिया ने घरेलू कमी के कारण एक जनवरी से कोयले के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और गतिरोध अभी भी बना हुआ है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कीमतों मे तेजी आई है। अधिकारी ने कहा कि भारत इंडोनेशिया से प्रति माह 50-90 लाख टन कोयले का आयात करता है। दुनिया की सबसे बड़ी खनन कंपनी कोल इंडिया बिजली क्षेत्र को प्रतिदिन 17.5 लाख टन से अधिक कोयला भेजकर मांग को पूरा करने की कोशिश कर रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ो के अनुसार, दिसंबर, 2021 मे भारत की बिजली की खपत एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 4.5 प्रतिशत बढ़कर 110.34 अरब यूनिट (बीयू) हो गई।

### श्रीलंका ने बड़ी चूक टाली, 50 करोड़ डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को कहा कि द्वीपीय देश ने 50 करोड़ डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान कर दिया है। इसके साथ ही श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा संकट के बीच एक बड़ी चूक को टालने मे कामयाबी हासिल की है। इस महीने की शुरुआत मे भारत ने श्रीलंका को विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने और खाद्य आयात के लिए 90 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर अजित कैब्राल ने ट्वीट किया, श्रीलंका ने आज (18 जनवरी) परिपक्व होने वाले 50 करोड़ डॉलर के सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियो ने मंगलवार को परिपक्व हो रहे 50 करोड़ डॉलर सहित कुल 1.5 अरब डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड का भुगतान करने की श्रीलंका की क्षमता पर संदेह जताया था। देश मे विदेशी मुद्रा संकट के मद्देनजर कारोबारी समुदाय, आर्थिक विश्लेषको और विपक्षी राजनेताओ ने 2012 मे जारी किए गए इन बॉन्डो के भुगतान को टालने की अपील की थी। उनका कहना था कि इस धनराशि का इस्तेमाल आवश्यक वस्तुओं के आयात मे करना चाहिए। इसके बावजूद ए भुगतान किया गया। एक अरब डॉलर का अगला बॉन्ड भुगतान जुलाई मे बकाया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने सुबह संसद मे स्वीकार किया कि उनकी सरकार के सामने मौजूदा विदेशी मुद्रा संकट को हल करने की गंभीर चुनौती है। अगले दो वर्षो मे छह अरब डॉलर से अधिक के विदेशी ऋण का भुगतान किया जाना है।

### बीते साल भारतीय कंपनियों में पीई, वीसी निवेश 62 प्रतिशत बढ़कर 77 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** निजी इक्विटी (पीई) एवं उद्यम पूंजी (वीसी) कोषो ने बीते साल यानी 2021 मे भारतीय कंपनियो मे 77 अरब डॉलर का निवेश किया जो इससे एक साल पहले की तुलना मे 62 प्रतिशत अधिक है। 2021 मे पीई एवं वीसी कोषो ने 1,266 सौदे किए जो वर्ष 2020 की तुलना मे 37 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई ने तैयार की है। बीते साल महामारी से उबर रही दुनिया मे तरलता की प्रचुरता रही, जिससे कई परिसंपत्तियो मे निवेश बढ़ा और मूल्यांकन भी बेहतर हुआ। ईवाई के साझेदार विवेक सोनी ने कहा कि वर्ष 2021 मे शुरुआत से ही निवेश मे तेजी का रुख रहा और दूसरी छमाही मे इसकी रफ्तार और बढ़ गई। स्टार्टअप कंपनियो मे निवेश का बढ़ना वर्ष 2021 की सबसे अहम बात रही। स्टार्टअप मे 28.8 अरब डॉलर का कोष आया। जो भारत मे आए कुल पीई एवं वीसी निवेश का 37 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल 44 स्टार्टअप यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने मे सफल रही। सार्वजनिक इक्विटी सौदो मे पीई निवेश 46 प्रतिशत बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया। वही ऋण निवेश 2.6 अरब डॉलर के स्तर पर रहा।

## कोरोना काल के दौरान बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ साइबर हमले भी बढ़े : डब्ल्यूईएफ

**भाषा।** नई दिल्ली/दावोस

**कोविड-19** महामारी की शुरुआत के साथ डिजिटलीकरण के बढ़ते चलन के बीच साइबर हमलों की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इस संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में रैंसमवेयर के हमलों में रिकॉर्ड 151 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मतलब है कि एक संगठन को औसतन 270 साइबर हमलों का सामना करना पड़ा है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन दावोस एजेंडा 2022 शिखर सम्मेलन के दौरान जारी वैश्विक साइबर सुरक्षा आउटलुक 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले साल किसी भी एक सफल साइबर हमले की जद में आने वाली कंपनी को 36 लाख डॉलर (लगभग 27 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है।

वहीं किसी कंपनी पर हुए साइबर हमले के सार्वजनिक होने के बाद नैस्डेक पर कंपनी के शेयर की औसत कीमत छह महीने बाद भी लगभग तीन प्रतिशत तक कम रही। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ी है। हालांकि इसी के साथ साइबर हमले भी बढ़े हैं और साइबर सुरक्षा से जुड़े लगभग 80 प्रतिशत दिग्गज अब रैंसमवेयर को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा और चेतावनी मानते हैं। इसके अलावा व्यावसायिक अधिकारियों के बीच धारणा का एक बड़ा अंतर भी आया है। वे सोचते हैं कि उनकी कंपनियां सुरक्षित हैं जबकि साइबर सुरक्षा जानकार उनसे असहमत हैं।

## महामारी के बावजूद 82 प्रतिशत भारतीय पेशेवर 2022 में नौकरी बदलना चाहते हैं : लिंक्डइन

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के बावजूद बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर 2022 में नौकरी बदलने पर विचार कर रहे है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। ऑनलाइन पेशेवर नेटवर्क लिंक्डइन ने नई नौकरी तलाशने वालों पर शोध शुरू किया है। कंपनी ने अपने शोध में पाया कि 2022 में करीब 82 प्रतिशत पेशेवर नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। लिंक्डइन ने भारत में 1,111 पेशेवरों के साथ किए सर्वेक्षण में पाया कि कर्मचारी खराब कार्य-जीवन संतुलन, पर्याप्त वेतन नहीं होने या अपने पेशे को लेकर बड़ी महत्वाकांक्षाओं के कारण अपनी वर्तमान नौकरी छोड़ना चाहते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में नौकरी बदलने की इच्छा जताने वाले पेशेवरों ने कहा कि लचीली कार्य व्यवस्था उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। लिंक्डइन न्यूज के प्रबंध संपादक-भारत अंकित वेंगुर्लेकर ने कहा, कोरोना महामारी ने लोगों को अपने करियर के बारे में पुनर्विचार करने और जीवन में नए उद्देश्य और प्राथमिकताओं को पूरा करने को लेकर नौकरी के नए अवसरों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है।

## सिंधिया ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए वाणिज्य मंत्रालय के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को भारत में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब की शुरुआत के लिए अपने मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। ट्वीट किया कि जरूरी बुनियादी ढांचे के साथ ही हमारी माल ढुलाई व्यवस्था को निर्बाध और ग्राहकों के अनुकूल बनाना भी महत्वपूर्ण है। भारत में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब की शुरुआत के लिए नागर विमानन मंत्रालय और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

## पेज एक का शेष

### कोरोना टेस्ट...

ने कहा कि रणनीतिक टेस्ट करने से बीमारी को गंभीर श्रेणी में पहुंचने से रोका जा सकता है। आईसीएमआर द्वारा 10 जनवरी को जारी परामर्श को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उन सभी लोगों का परीक्षण किया जाना चाहिए जो प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए मामलों के सभी जोखिम वाले संपर्कों का भी टेस्ट किया जाना चाहिए। भारत में अब तक 3,76,18,271 कोरोना वायरस के मामले दर्ज किए गए हैं और इसके कारण 4,86,761 मौतें हुई हैं। देश में मंगलवार को 14.43 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ 2,38,018 नए मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में लगभग 11 हजार और उत्तर प्रदेश में 14 हजार केस आए हैं।

### तीन हफ्ते...

खतरा रहता है खासकर तब जब हम इस थेरेपी का इस्तेमाल समय से पहले शुरू कर देते हैं या फिर तय समय से अधिक अवधि तक दवा की अधिक खुराक देते रहते हैं, तो भी दुष्प्रभाव पड़ता है। संशोधित दिशानिर्देश में रेमडेसिविर के उपयोग की सिफारिश केवल 'मध्यम से गंभीर' बीमारी वाले रोगियों पर करने की गई है, लेकिन इस दवा का इस्तेमाल उन्हीं मरीजों पर किया जाए जिन्हें लक्षण की शुरुआत से 10 दिनों के भीतर गुर्दे या हेपेटिक अक्षमता की समस्या ना रही हो। उन रोगियों को रेमडेसिविर देने को लेकर चेतावनी दी गई है जो ऑक्सीजन सपोर्ट पर नहीं हैं या घर में रह रहे हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार टोसीलिजुमाब दवा का उपयोग कोविड रोगियों की हालत गंभीर होने पर या आईसीयू में भर्ती होने पर 24 से 48 घंटे के भीतर किया जा सकता है।

### छह अर्ध...

सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में 586 मामले, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) में 149 मामले और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में 77 मामले हैं। इन छह बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 731 मामले दर्ज किए। सीआईएसएफ में 240, सीआरपीएफ में 239 और एसएसबी में 117, आईटीबीपी में 90, बीएसएफ में 28, एनडीआरएफ में 10 और एनएसजी में सात मामले सामने आए। सीआरपीएफ और आईटीबीपी ने पिछले तीन हफ्तों के दौरान कोविड -19 के कारण एक-एक कर्मी को खो दिया। सीआरपीएफ में अब तक सबसे अधिक 133 मौतें हुई हैं। इसके बाद बीएसएफ में 90 और सीआईएसएफ में 83 जवानों की मौत हुई है। एसएसबी ने 23, आईटीबीपी ने 18, एनडीआरएफ ने दो और एनएसजी ने अपना एक जवान खोया है।

### पंजाब में...

ने सरदार भगवंत मान का नाम दिया था। वहीं, दूसरे नंबर पर (कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख) नवजोत सिंह सिद्धू का नाम 3.6 प्रतिशत लोगों ने दिया। केजरीवाल ने कहा कि भगवंत मान को औपचारिक रूप से 'आप' का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाता है। इस घोषणा के बाद मान भावुक हो गए। मान (48), संगरूर से दो बार लोकसभा सांसद और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। अक्टूबर 1973 में सतोज में जन्मे, व्यंग्यकार और हास्य कलाकार मान की राजनीतिक यात्रा तब शुरू हुई जब वह 2011 में मनप्रीत सिंह बादल के नेतृत्व वाली पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब में शामिल हुए। बादल ने शिरोमणि अकाली दल से अलग होने के बाद पार्टी बनाई थी। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। मान ने 2012 के पंजाब विधानसभा चुनाव में संगरूर की लहरागागा सीट से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता राजिंदर कौर भट्टल के खिलाफ चुनाव लड़ा और हार गए थे। वह 2014 में आप में शामिल हुए और संगरूर लोकसभा सीट से अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींडसा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे। उन्होंने ढींडसा को दो लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से हराया। वर्ष 2014 में आप ने पंजाब में चार लोकसभा सीटें जीती थीं। पत्रकारों और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि वह लोगों के लिए काम करते रहेंगे और पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। लाखों लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया है और यह मेरी दोहरी जिम्मेदारी बन गई है।

### चन्नी के...

अधिकारियों ने मोहाली (होमलैंड हाइट्स), लुधियाना और यहां तक कि पंचकूला (हरियाणा में) सहित विभिन्न जगहों पर मुख्यमंत्री के रिश्तेदारों के करीब एक दर्जन परिसरों पर छापेमारी की है। ईडी ने छापेमारी पंजाब पुलिस द्वारा 2018 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई। इस मामले में मुख्य आरोपी कुदरत दीप सिंह है, जो नवांशहर में एक खदान का मालिक है। जानकारी के अनुसार कुदरत दीप सिंह ने दो कंपनियां बनाई थीं और एक कंपनी के निदेशक मुख्यमंत्री चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह हनी थे। पंजाब पुलिस द्वारा नवांशहर के राहों थाने में अवैध बालू खनन का मामला शुरू में खनन अधिकारी की शिकायत पर खान और खनिज (विकास नियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(1) और 4(1) के तहत दर्ज किया गया था।

### प्रतिनियुक्ति पर...

को वापस लेने का अनुरोध किया और दावा किया कि इससे राज्यों के प्रशासन पर असर पड़ेगा। बनर्जी ने मंगलवार शाम को मोदी को लिखे पत्र में कहा, मैं कैडर नियमों में इस तरह के संशोधन का प्रस्ताव करने में केंद्र सरकार द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करती हूं, जो एकतरफा रूप से राज्य सरकार के लिए प्रतिनियुक्ति के वास्ते केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व के तहत निर्धारित संख्या में अधिकारियों को उपलब्ध कराना अनिवार्य करता है। नियमों में बदलाव के लिए केंद्र ने प्रस्ताव दिया है कि प्रत्एक राज्य सरकार मौजूदा नियमों के तहत निर्धारित केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व की सीमा तक विभिन्न स्तरों के पात्र अधिकारियों को केंद्र सरकार को प्रतिनियुक्ति के लिए उपलब्ध कराएगी।

### वित्त मंत्री...

कहा कि विवाद बढ़ने पर संप्रग सरकार ने छह साल बाद इस सौदे को निरस्त किया लेकिन देवास की तरफ से शुरू की गई मध्यस्थता कार्यवाही से निपटने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा, सरकार अब करदाताओं के पैसे बचाने के लिए हर अदालत में लड़ रही है अन्यथा यह राशि मध्यस्थता फैसले के भुगतान में चली जाती, जो देवास ने सौदे को रद्द करने पर जीता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब देवास के शेयरधारकों ने 1.29 अरब डॉलर की वसूली के लिए विदेशों में भारतीय संपत्तियों को जब्त करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। देवास को इस धनराशि की भरपाई का आदेश अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरणों ने दिया था। देवास को पेरिस में भारतीय संपत्तियों को जब्त करने के लिए फ्रांसीसी अदालत ने आदेश दिया है और वह कनाडा में भी एयर इंडिया की संपत्ति जब्त करने की मांग कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अब उच्चतम न्यायालय के इस आदेश को आधार बनाते हुए विदेशों में भारतीय संपत्तियों की जब्ती को चुनौती देगी।

### चंद्रशेखर ने...

गया। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी उनको 100 सीट भी देगी तो भी उनके साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए चुनाव के बाद भी पार्टियों की मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी कुछ लोगों के सामने अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी जिनमें प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव चुनाव लड़ते हैं तो पार्टी उनके सामने प्रत्याशी नहीं उतारेगी। भीम आर्मी संगठन के मुखिया चंद्रशेखर ने 33-34 सीटों के नाम बताए और कहा कि इन सीटों पर हमारी पार्टी के लड़ने की बात हुई थी, लेकिन बाद में हमारे साथ छल हो गया। अब उनकी पार्टी उत्तरप्रदेश की सभी सीटों पर लड़ेगी।

### छत्तीसगढ़ में...

उनपर गोलियां चलानी शुरु कर दीं। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्वाई पर मुठभेड़ शुरू हो गई। सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादियों के शव बरामद किए हैं। चौथे नक्सली का शव बरामद नहीं हो सका है। मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के हताहत होने की भी आशंका है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, एक सिंगल बोर बंदूक, 10 रॉकेट लांचर और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में ग्रेहाउंड का एक जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से हैदराबाद के अस्पताल ले जाया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल के जवान घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र की तलाशी ले रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने क्षेत्र के सुकमा जिले में एक महिला नक्सली को मार गिराया है।

### नौसेना के...

नवंबर 2021 से पूर्वी नौसैन्य कमान से क्रॉस कोस्ट अभियान तैनाती पर था और जल्द ही बेस पोर्ट पर लौटने वाला था। नौसेना ने कहा कि इस घटना के कारणों की जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

### एनडीए में...

एक तदर्थ उपाय है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को मामले में हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया और बाकी पक्षकारों को उसके बाद दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने इसके साथ ही मामले की सुनवाई छह मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दी। इससे पहले, याचिकाकर्ता कुश कालरा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चिन्मॉय प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्होंने अतिरिक्त हलफनामा दाखिल किया है जिसमें उल्लेख है कि 14 नवंबर 2021 को हुई एनडीए की परीक्षा में 8,009 प्रत्याशी ने सेवा चयन बोर्ड परीक्षा और चिकित्सा जांच के लिए उत्तीर्ण हुए जिनमें से 1,002 उम्मीदवार महिलाएं हैं जबकि 7,007 प्रत्याशी पुरुष हैं।

### राजपथ पर...

में दिव्यांगजन, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां, शहीदों के परिजनों, ओलंपिक प्रतिभागियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों को को बुलाया जाए और बच्चों को बहादुरी से सम्मानित करें। इन पहलों के अलावा 75 साल के उपलक्ष्य में राजपथ पर आगंतुकों को स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि के रूप में विशाल चित्रों को देखा जाएगा। चंडीगढ़ और भुवनेश्वर के दो कैंपों में बनाई गई कलाकारों की चित्रकारी परेड मार्ग पर दर्शकों के लिए 75 मीटर लंबे और 15 फीट ऊंचे दस स्क्रॉल खड़े किए जाएंगे। पहली बार गणतंत्र परेड में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले कलाकारों का चयन रक्षा और संस्कृति मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। नंवबर और दिसंबर में जिला स्तर पर कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु और नई दिल्ली में 323 समूहों में 3,870 कलाकारों को बुलाया और 800 प्रतिभाशाली लोगों को शर्टलिस्ट किया। इन शर्टलिस्ट हुए कलाकारों के लिए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ग्रेंड फिनाले कार्यक्रम आयोजित कर 600 लोगों को राजपथ में परेड में शामिल होने के लिए चुना गया। गणतंत्र दिवस परेड सुबह 10.00 बजे के बजाय 10.30 बजे शुरू होगी। साथ ही, राजपथ पर परेड शुरू होने से पहले अर्धसैनिक बलों द्वारा स्टेटिक बैंड प्रदर्शन द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। दर्शकों के बेहतर देखने के अनुभव के लिए परेड स्थल पर 10 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।

# यूएई में हमले में मारे गए भारतीयों के परिवार को हर संभव मदद मुहैया कराएगा भारतः राजदूत

भाषा। दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास संदिग्ध हूती ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों के परिवार को भारत हर संभव सहायता मुहैया कराएगा। यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को हुए हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें दो भारतीय, एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए थे।

विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं (संभवत: ड्रोन) के संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकर पर गिरने से हुआ। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने सोमवार को द नेशनल समाचारपत्र से बात करते हुए कहा कि भारत सरकार दो मृत भारतीय नागरिकों के परिवारों को जो भी सहायता संभव होगी मुहैया कराएगा। भारतीय दूतावास ने हमले में मारे गए भारतीयों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की है। इस बीच, हमले के एक दिन बाद विभन्न क्षेत्रों के लोगों ने इसकी निंदा की और पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और यूएई सशस्त्र बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। सऊदी क्राउन प्रिंस ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने भी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। यूएई के विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के एक बयान में कहा, यूएई के पास इन आतंकवादी हमलों और आपराधिक कृत्यों के खिलाफ कार्वाई करने का अधिकार है।

विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने कहा कि अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) ईंधन सुविधाओं और हवाई अड्डे पर हुए ड्रोन हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूएई, 2015 से यमन के हुती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी के नेतृत्व वाले सैन्य अभियान का हिस्सा है। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने भी फोन किया और यूएई में सुविधाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हुती विद्रोहियों के हमले की निंदा की। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने भी शेख मोहम्मद बिन जायद को फोन किया और हमले की निंदा की।

## यूएई में ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों की पहचान हुई, छह घायलों में भी दो भारत के

**दुबई।** अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास सोमवार को हूती विद्रोहियों के संदिग्ध ड्रोन हमलों में मारे गए दो भारतीयों की पहचान हो गई है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में कई विस्फोट हुए। दूतावास ने बताया कि हमलों में घायल हुए छह लोगों में भी दो भारतीय हैं। दोनों को उपचार के बाद सोमवार रात को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सोमवार को अबू धाबी में ड्रोन हमला करने का दावा यमन के हूती विद्रोहियों ने किया था। इस हमले में दो भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं के कारण हुए, जो संभवत: ड्रोन हो सकते हैं और ए अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकरों पर गिरे।

अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि मारे गए दोनों भारतीय नागरिकों की पहचान कर ली गई है। उसने ट्वीट किया, अबू धाबी में भारतीय दूतावास के अधिकारी उनके परिवारों के साथ संपर्क में हैं। मिशन उनके शव जल्द प्राप्त करने के लिए एडीएनओसी समेत यूएई के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि, दूतावास ने उनकी पहचान उजागर नहीं की है। उसने ट्वीट किया, छह घायलों में दो भारतीय नागरिक हैं।



खार्तूम, सूडान में तख्तापलट विरोधी प्रदर्शनकारियों की हत्या के बाद सविनय अवज्ञा अभियान के हिस्से के रूप में लोगों ने बैरिकेड्स लगाए और टायर जलाए

## क्विक न्यूज

### हांगकांग में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 2000 पालतू चूहे मारे जाएंगे

**हांगकांग।** हांगकांग प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने पर करीब 2000 हैम्स्टर (चूहे जैसा जीव) मारे जाएंगे। प्रशासन ने कहा कि पालतू जीवों के एक स्टोर में कई हैम्स्टर कोविड-19 संक्रमित पाए गए, क्योंकि वहां एक कोरोना वायरस संक्रमित कर्मचारी काम कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि कुतरने वाली प्रजाति के इस जीव के आयात और निर्यात पर भी रोक लगाई जाएगी। पालतू जीवों के स्टोर के कर्मचारी के सोमवार को जांच में कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया। इसके बाद कई हैम्स्टर को भी संक्रमित पाया गया। हालांकि प्रशासन ने यह भी कहा कि जीवों से मानव में कोरोना फैलने का कोई साक्ष्य नही मिला है। लेकिन एहतियाती कदम के तौर पर प्रभावित स्टोर से 7 जनवरी के बाद खरीदे गए सभी हैम्स्टर को अनिवार्य रूप से मारा जाएगा। ऐसे लोगों को अपने-अपने हैम्स्टर प्रशासन को सौपने होंगे। सभी स्टोरों को हैम्स्टर की खरीद-बिक्री बंद करने का आदेश दिया गया है। पालतू जानवरों के स्टोर से 22 दिसंबर के बाद से हैम्स्टर खरीदने वालों को भी अनिवार्य रूप से कोविड-19 की जांच करवानी पड़ेगी।

### कोविड-19 :अबू धाबी में प्रवेश करने के लिए दिखाना होगा बूस्टर खुराक लेने का प्रमाण पत्र

**दुबई।** पूरे देश में कोरोना वायरस के अपेक्षाकृत अधिक संक्रमक स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए अबू धाबी ने नियमों में बदलाव किया है और शहर में प्रवेश करने से पहले व्यक्ति को प्रमाण देना होगा कि उसने कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक ले ली है। सरकार के स्वास्थ्य ऐप के जरिए इस सप्ताह के शुरु में कहा गया था कि संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में प्रवेश करने वाले को ग्रीन पास दिखाना होगा जिसमें उनके टीकाकरण की स्थिति की पुष्टि की गई हो। ऐप के मुताबिक, व्यक्ति के टीकाकरण को तब तक पूर्ण नही माना जाएगा जब तक वह दूसरी खुराक लेने के कम से छह महीने बाद बूस्टर खुराक नही ले लेता। इस ऐप के मुताबिक, जो लोग अबू धाबी में प्रवेश के इच्छुक है उनकी पिछले दो सप्ताह में कोविड-19 की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने पर उनका ग्रीन दर्जा कायम रह सकेगा।

### जापान संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कोविड-19 पाबंदियों में विस्तार को तैयार

**तोक्यो।** जापान की सरकार कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से और लोगों के संक्रमित होने के मद्देनजर राजधानी तोक्यो और अन्य क्षेत्रों में सामाजिक पाबंदी लगाने की तैयारी कर रही है। जापान ने महामारी की वजह से अबतक लॉकडाउन नही लगाया है लेकिन रेस्तरां और बार को समय से पहले बंद करने पर ध्यान केंद्रित किया है। कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बावजूद हालांकि, देश के कई हिस्सों में भीड़ देखी जा रही है और दुकानों और कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग जमा हो रहे है। सरकार के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आदेश को इस सप्ताह अंतिम रूप दे दिया जाएगा और इसके शुक्रवार से तोक्यों के अलावा चिबा, कांगावा, आइची और कुमामोतो सहित नौ क्षेत्रों में प्रभावी होने की संभावना है।उन्होंने बताया कि इस महीने की शुरूआत में ओकीनावा, यामागुची और हिरोशिमा क्षेत्रों के लिए आदेश जारी किया गया था। अन्य इलाकों जहां पर संक्रमण बढ़ रहा है जैसे ओसाका, उन्हें बाद में जोड़ा जा सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजी मत्सुनो ने संवाददाताओं को बताया, संक्रमण अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह चिंता बढ़ रही है कि तेजी से संक्रमण बढ़ने पर अस्पताल प्रणाली नाकाफी साबित हो सकती है। उन्होंने स्वीकार किया कि अगर मामले बढ़ते है और लोगों को पृथकवास या अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है तो अतिरिक्त कदम उठाने की जरूरत पड़ सकती है।

### हांगकांग में विमान चालक दल के दो पूर्व सदस्य कोविड-19 नियमों की अवहेलना के आरोप में गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग पुलिस ने विमान चालक दल के दो पूर्व सदस्यों को कोविड-19 संबंधी नियमों की अवहेलना करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वायरस से संक्रमित होने की आशंका के चलते दोनों पृथक-वास में रहने के बजाय कथित तौर पर घर से बाहर निकले थे। सरकार की ओर से सोमवार देर रात जारी किए गए एक बयान के अनुसार, ए दोनों लोग 24 और 25 दिसंबर को अमेरिका से आए थे। चिकित्सकीस निगरानी में रहते हुए, उन्होंने अनावश्यक गतिविधियों को अंजाम दिया। बयान में इन दोनों और नियोक्ता की पहचान उजागर नही की गई। इससे पहले, प्रमुख एयरलाइन कैथे पैसिफिक ने कहा था कि उसने चालक दल के दो सदस्यों को कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने के मामले में निकाल दिया है। दोनों कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पाए गए थे। बयान के अनुसार, दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है और उनके मुकदमे पर अदालत नौ फरवरी को सुनवाई करेगा। दोषी पाए जाने पर उन्हें छह महीने की सजा और पांच हजार हांगकांग डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पर धार्मिक अवधारणाओं के इस्तेमाल का आरोप लगाया पीएमएलएन ने

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर देश में बड़े पैमाने पर शासन और अर्थव्यवस्था संबंधी नाकामियों को ढकने के लिए धार्मिक अवधारणाओं के इस्तेमाल का आरोप लगाया। स्थानीय मीडिया में खान के लेख स्प्रिट ऑफ रियासत-ए-मदीनाः ट्रांसफॉर्मिंग पाकिस्तान (मदीना रियासत की की भावना : पाकिस्तान का रूपांतरण) पर प्रतिक्रिया देते हुए देश के मुख्य विपक्षी दल पीएमएलएन के नेताओं ने राजनीतिक फायदों के लिए धर्म का इस्तेमाल करने के लिए खान की निंदा की। पीएमएलएन के अध्यक्ष और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री जिस तरह देश में शासन और अर्थव्यवस्था संबंधी खामियों को ढकने के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे है, उससे वाकई फिक्र होती है। उन्होंने कहा, इस तरह की स्वार्थी सोच से राजतंत्र को अपेक्षा से ज्यादा नुकसान होगा।

### माल्टा की सांसद रोबर्टा मेटसोला यूरोपीय संसद की अध्यक्ष चुनी गईं

**ब्रसेल्स।** द्वीपीय देश माल्टा की नेशनलिस्ट पार्टी की नेता रोबर्टा मेटसोला को मंगलवार को यूरोपीय संघ (ईयू) की संसद का अध्यक्ष चुना गया। मेटसोला ने पिछले सप्ताह सोशलिस्ट नेता डेविड सासोली के निधन के बाद ढाई साल के कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण किया। वह इस पद पर निर्वाचित होने वाली तीसरी महिला है। मेटसोला का मंगलवार को जन्मदिन है और 43 साल की उम्र में वह यूरोपीय संसद की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष हैं। इतालवी नेता सासोली (65) कई महीनों से बीमार थे और तथा ईयू की संसद के अध्यक्ष के तौर पर एक और कार्यकाल से उन्होंने मना कर दिया था। मेटसोला संसद के सबसे बड़े समूह की उम्मीदवार थी और उन्हे मंगलवार को हुए मतदान में 616 मतों में से 458 मत मिले। सासोली के 11 जनवरी को निधन के बाद से मेटसोला कार्यकारी अध्यक्ष थी। मेटसोला यूरोपीय संघ की उस संस्था का नेतृत्व करेंगी जो पिछले कुछ वर्षों में बहुत शक्तिशाली हो गई है और डिजिटल अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन तथा ब्रेक्जिट जैसे मुद्दों पर 27 देशों के समूह का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सामरिक निर्देशित मिसाइलों का किया गया परीक्षण : उ. कोरिया

एपी। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को कहा कि उसने सामरिक निर्देशित मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया की सेना ने एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का समुद्र में प्रक्षेपण किए जाने की बात कही थी। उत्तर कोरिया का सोमवार को किया गया परीक्षण उसके द्वारा इस महीने किया गया चौथा मिसाइल प्रक्षेपण था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के उसके हालिया परीक्षण को लेकर नए प्रतिबंध लगाने के खिलाफ उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी थी और उसके बाद से यह दूसरा परीक्षण था।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन, अमेरिका और पड़ोसी देशों से रियायतें हासिल करने के लिए उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि इस समय उनका देश बदहाल अर्थव्यवस्था और कोविड-19 वैश्विक महामारी से जुड़ी कठिनाइयों का सामना कर रहा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि इस परीक्षण का लक्ष्य उन मिसाइलों का मूल्यांकन करना था, जो तैयार हैं और तैनात की जा चुकी हैं। एजेंसी ने बताया कि प्रणाली की सटीकता, सुरक्षा और दक्षता की पुष्टि करने के लिए मिसाइलों को समुद्र में दागा गया। खबर में मिसाइलें किस प्रकार की थी, यह स्पष्ट नहीं किया गया। सियोल यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कोरियन स्टडीज़ के प्रोफेसर किम डोंग-यूब ने कहा कि सरकारी मीडिया द्वारा दिखाई जा रहीं तस्वीरों से प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया ने कम-दूरी वाले हथियार का परीक्षण किया है, जो यू.एस. एमजीएम-140 आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के समान दिखता है।

मिसाइल का परीक्षण उत्तर कोरिया के कम दूरी के हथियारों की संख्या को बढ़ाने के कार्यक्रम का हिस्सा था। इसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि इसका उद्देश्य उत्तर एशिया में मिसाइल सुरक्षा को बढ़ाना है। उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल परीक्षणों के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने पिछले सप्ताह एशियाई देश के पांच अधिकारियों पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे और कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र से उत्तर कोरिया पर और प्रतिबंध लगाने का आग्रह करेंगे। वहीं, उत्तर कोरिया ने इस कार्वाई के बाद प्रशासन पर निशाना साधते हुए चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका अपने टकराव वाले रुख पर कायम रहता है, तो उसके खिलाफ कड़ी एवं स्पष्ट कार्वाई की जाएगी।

## संरा महासचिव ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, औद्योगिक क्षेत्र पर हमलों की निंदा की



**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पास के औद्योगिक क्षेत्र पर हुए संदिग्ध ड्रोन हमलों की निंदा की। इस घटना में दो भारतीय और एक पाकिस्तान नागरिक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी में सोमवार को अबु धाबी हवाईअड्डे के पास संदिग्ध ड्रोन हमले और उसके बाद हुए कई विस्फोटों में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए थे। विस्फोट छोटी उड़ने वाली वस्तुओं संभवत: ड्रोन के कारण हुए थे जिन्होंने अबु धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंक को अपनी चपेट में ले लिया।

सोमवार को जारी एक बयान में, गुतारेस ने सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और क्षेत्र में अत्यधिक तनाव के बीच किसी भी तरह से और तनाव न बढ़ने देने का आह्वान किया। बयान में कहा गया कि महासचिव ने अबु धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पास के औद्योगिक मुसफ्फाह इलाके पर हमलों की निंदा की। इन हमलों में कई असैन्य लोगों के हताहत होने और हूती विद्रोहियों द्वारा इसकी जिम्मेदार लिए जाने की खबरें आ रही हैं। असैन्य नागरिकों और असैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून द्वारा प्रतिबंधित हैं। यमन में संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है, इस बात पर जोर देते हुए गुतारेस ने पक्षों से उनके विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग के साथ रचनात्मक बातचीत करने और यमन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक समझौते तक पहुंचने के लिए राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उनकी मध्यस्थता के प्रयासों में बिना किसी पूर्व शर्त के उनका साथ देने का अनुरोध किया।

## जस्टिस उमर अता पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश होंगे

भाषा। इस्लामाबाद

**न्यामूर्ति उमर** अता बंदियाल पाकिस्तान के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति बंदियाल उन न्यायाधीशों में शामिल थे जिन्होंने वर्ष 2007 में पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्फ की ओर से देश में आपातकाल की घोषणा के बाद दोबारा शपथ लेने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सोमवार को औपचारिक रूप से शीर्ष अदालत के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति बंदियाल को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। आगामी 2 फरवरी, 2022 को मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद की सेवानिवृत्ति के बाद 63 वर्षीय न्यायमूर्ति बंदियाल नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके पहले न्यामूर्ति अहमद को 21 दिसंबर, 2019 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। सोमवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 177 और अनुच्छेद 175 (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान के राष्ट्रपति न्यायमूर्ति उमर अता बंदियाल के पाकिस्तान का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त होने पर खुश हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश बंदियाल की नियुक्ति 2 फरवरी, 2022 से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति बंदियाल 16 सितंबर, 2023 तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवा देंगे। वह उन न्यायाधीशों में से एक थे जिन्होंने नवंबर 2007 के अनंतिम संवैधानिक आदेश (पीसीओ) के तहत अपनी शपथ फिर से लेने से इनकार कर दिया था, जब जनरल मुशर्फ ने 3 नवंबर, 2007 को आपातकाल की घोषणा कर दी थी। पाकिस्तान में न्यायपालिका और संवैधानिक शासन बहाल करने के लिए वकीलों और नागरिक समाज द्वारा चलाए गए एक अभूतपूर्व आंदोलन के बाद न्यायमूर्ति बंदियाल को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बहाल किया गया था। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बंदियाल को अकेले सर्वोच्च अदालत में लंबित लगभग 51,766 मामलों के अंबार का सामना करना पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की न्यायपालिका में (उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों को मिलाकर) लंबित मामलों की कुल संख्या 21 लाख है।



शिकागो में बर्फसे ढकी हुई मिशिगन झील

## ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 से रिकॉर्ड मौत, अस्पतालों पर बढ़ा बोझ

**मेलबर्न (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार को कोविड-19 से रिकॉर्ड मौत दर्ज की गई और इसके दूसरे सबसे बड़े राज्य ने अस्पतालों में आपात स्थिति की घोषणा की जो कोरोना वायरस के चलते भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ने और स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं।तीन सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 74 मरीजों की मौत हुई। न्यू साउथ वेल्स में 36, विक्टोरिया में 22 और क्वींसलैंड में 16 मरीजों की मौत हुई। इससे पहले एक दिन में कोरोना वायरस के कारण सर्वाधिक 59 लोगों की मौत चार सितंबर, 2020 को हुई थी।

संघीय स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हंट ने कहा कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि न्यू साउथ वेल्स में संक्रमण की दर चरम पर पहुंच रही है और विक्टोरिया में स्थिर होने वाली है।न्यू साउथ वेल्स की सरकार ने बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप से निपटने के लिए लॉकडाउन लगाने की संभावना से इनकार किया है। अक्टूबर में, सिडनी ने 108 दिनों का लॉकडाउन हटाया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में ज्यादातर लोगों का टीकाकरण हो चुका था।

## नेपाल के प्रांत 2 का नाम बदलकर मधेस प्रदेश किया गया

**काठमांडू।** नेपाल के दक्षिण-पूर्वी प्रांत 2 का नाम बदलकर मधेस प्रदेश कर दिया गया है और जनकपुर को इसकी राजधानी बनाया गया है। इस तरह 2015 में प्रांत बनाए जाने के बाद क्षेत्र के आधिकारिक नामकरण को लेकर लंबे समय से जारी बहस का हल निकल गया। प्रांतीय विधानसभा ने सोमवार को दोनों फैसलों के लिए दो-तिहाई के बहुमत से मतदान किया।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sanjog Garva** who is purchasing Plot No. D14-05, area measuring 250 Sq. Yards, in Block-D, situated at "Parklands",at Sector-85, in the revenue estate of Village Bhatola, Kheri Khurd and Kheri Kalan etc. Tehsil & Distt Faridabad (Haryana) from Mr. Radhey Shyam Ahuja & Mr. Harish Ahuja who were owners of the property vide Sale Deed dated 28.06.2021; and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** That the 1) Original Plot Buyer Agreement 30.12.2006 executed by by M/s BPTP Ltd, 2) Original Possession Letter/Certificate issued by M/s BPTP Ltd& 3) Original Conveyance Deed 08.08.2014, which is registered as Doc No.2248, registered in Sub-Registrar, Tigaonare Lost/Misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316


## लीबिया में जून में कराए जा सकते हैं चुनाव : संरा अधिकारी

**काहिरा (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह लीबिया को जून तक चुनाव कराने के लिए राजी करने का प्रयास कर रही हैं। देश लंबे वक्त तक शासन करने वाले तानाशाह मुअम्मर कद्दाफी की हत्या और 2011 के निष्कासन के बाद से अपने पहले राष्ट्रपति को निर्वाचित करने की दिसंबर की समय-सीमा चूक गया था। लीबिया पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार स्टेफनी विलियम्स ने रविवार देर रात बताया कि देश के 28 लाख मतदाताओं के लिए यह अब भी बहुत तर्कसंगत और संभव होगा कि वे जून तक चुनाव कर लें, जो संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से तैयार 2020 रूपरेखा के अनुरूप होगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दी एक रिपोर्ट में कहा कि यह बहुत अहम है कि लीबिया की सभी पार्टियां, जितना जल्दी संभव हो मुक्त, निष्पक्ष,समावेशी एवं विश्वसनीय राष्ट्रपति एवं संसदीय चुनाव कराने पर ध्यान केंद्रित करें। लीबिया 24 दिसंबर की तय तारीख पर अपना पहला राष्ट्रपति चुनाव कराने में असफल रहा था जो इस तेल समृद्ध भूमध्य राष्ट्र में दशकों से चले आ रहे संकट को समाप्त करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका था।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन पर पूर्व सहयोगी ने पार्टी आयोजित करने के मामले में लगाए आरोप

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन मंगलवार को पार्टीगेट मामले में और घिरते नजर आए क्योंकि उनके पूर्व शीर्ष सहयोगी डोमिनिक कमिंग्स ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने लॉकडाउन के दौरान आयोजित एक पार्टी के बारे में संसद में झूठ बोला था। कमिंग्स मई 2020 में एक उद्यान में पार्टी आयोजित किए जाने के समय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में एक प्रमुख अधिकारी थे। जॉनसन ने पिछले हफ्ते हाउस ऑफ कॉमन्स से माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें पूरा विश्वास है कि कामकाज के सिलसिले में इस पार्टी का आयोजन हुआ था। उस समय प्रधानमंत्री के मुख्य रणनीति सलाहकार रहे कमिंग्स ने अपने ऑनलाइन ब्लॉग पर दावा किया कि उनके बॉस को पूरी तरह से पता था कि यह वास्तव में एक पार्टी थी और वह



शपथ लेकर कह सकते हैं कि उन्होंने जॉनसन को इसके खिलाफ आगाह किया था और इसे रद्द कराना चाहते थे। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है कि जॉनसन को कार्यक्रम के बारे में आगाह किया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सरकार के मंत्रियों द्वारा कही गई बात को दोहराया कि इस मुद्दे पर सभी तथ्यों की छानबीन और किसी नतीजे के लिए कैबिनेट कार्यालय की जांच की अनुमति दी जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) पहले कहा था, वह निस्संदेह मानते हैं कि यह कामकाज से जुड़ा कार्यक्रम था। उन्होंने सदन से माफी मांगी है और जांच समाप्त होने के बाद एक और बयान देने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। नवंबर 2020 में पद छोड़ चुके कमिंग्स ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा, प्रधानमंत्री को निमंत्रण के बारे में बताया गया था, उन्हें पता था कि इस पार्टी में शराब की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने संसद से झूठ बोला है। वर्ष 2020 से 2021 के बीच विभिन्न पाबंदियों के बीच डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) और ब्रिटेन सरकार के अन्य कार्यालयों में नियमों का उल्लंघन कर जमावड़ा, पार्टी आयोजित करने के आरोप लगे हैं। डाउनिंग स्ट्रीट में इस कथित पार्टी का आयोजन 20 मई 2020 को हुआ था। नियमों के उल्लंघन को लेकर जॉनसन पर इस्तीफे का दबाव बढ़ता जा रहा है।

## सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सकरात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आगे बढ़ाई जा रही अंत: सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित होनी चाहिए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया को पटरी पर रखना है। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी)द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को सूडान की स्थिति से अवगत कराने के दौरान संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक का इस्तीफा दिखाता है कि हस्तांतरण प्रक्रिया में चुनौती विरासत में मिली है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ाए जा रहे अंत: सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत है जिसका उद्देश्य स्थिति को संभालना और हस्तांतरण की प्रक्रिया पटरी पर रखना है।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

-:निविदा सूचना:-

क्रं. 43/ विकास / निसू/ 2022 रायपुर, दिनांक 18/01/2022

// उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु निविदा //

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स निर्माण हेतु सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डॉक/ कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म विकास विभाग से रू.1000.00 (एक हजार मात्र) की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाईट से प्राप्त निविदा प्रपत्र रू.1000.00 का बैंक ड्रॉफ्ट कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | 08.02.2022 को अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 10.02.2022 को सायं 05.00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | 11.02.2022 को अपरान्ह 03. बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) |

निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के Website:-www.prsu.ac.in पर देखा जा सकता है।

संवाद -31146/3 कुलसचिव

# एक समय पर एक कदम

**हरलीन कौर का कहना है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी को कई भाषाओं में कई तरह की परियोजनाओं में देखा गया है और 83 के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई है।**

एक उत्साहित किशोरी, जिसने जब वी मेट में करीना कपूर के गीत में तीसरी या चौथी भूमिका निभाई, वामीका गब्बी ने धीरे-धीरे लेकिन लगातार सेलेबडम में अपने पाठ्यक्रम को चार्ट करना शुरू कर दिया है। इसके बाद पंजाबी फिल्मों में काम किया गया और 1984 के दंगों पर बनी वेब सीरीज तू मेरा 22 मैं तेरा 22, इश्क ब्रांडी, निक्का जेलदार, परहुना, दिल दियां गलां और ग्रहण के लिए उन्हें पहचान मिली। अभिनेत्री कई उल्लेखनीय बॉलीवुड फिल्मों और कई अन्य क्षेत्रीय फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।




हाल ही में, गब्बी ने फिल्म 83 में क्रिकेटर मदन लाल की पत्नी की भूमिका निभाई। वह साझा करती हैं, ''मैं इस फिल्म का हिस्सा बनने का मौका पाने के लिए आभारी हूं। आप जानते हैं ऐसे ऐतिहासिक पल पर जब फिल्म बनती है तो एक अलग तरह की खुशी होती है। इसलिए... जब छाबड़ा जी (मुकेश छाबड़ा) के कार्यालय में फोन आया, तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया कि वह हिस्सा कैसा है और यह क्या है... मैं सिर्फ इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और मुझे बहुत खुशी है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया।''

भूमिका निभाने के कारण के बारे में बात करते हुए, वह साझा करती है, ''1983 के विश्व कप पर एक फिल्म मेरे लिए इसका हिस्सा बनने का एक अच्छा कारण था। और फिर, कबीर खान इसे निर्देशित कर रहे थे! मुझे पता था कि मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं और मैं इस तरह के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। दीपिका पादुकोण, जो निर्माता थीं, ने रोमी देव की भूमिका निभाई, जबकि मैं अनु लाल था। दोनों बेस्ट फ्रेंड की तरह थे और उनके साथ कई सीन भी थे। जब यह सब स्पष्ट हो गया, तो मैं ऐसा था, मैं जल्दी से यह कर रही हूं।''

गब्बी ने मुख्य रूप से पंजाबी सिनेमा में काम किया है और अन्य भाषाओं में भी फिल्में की हैं। वह कहती हैं, ''मैंने पंजाबी फिल्मों में काम किया है। और तेलुगु, तमिल के साथ-साथ दो मलयालम फिल्में। इसलिए कोई चुनौती नहीं थी। जब आप अच्छे लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं तो सब कुछ ठीक हो जाता है। चुनौतियां तब आती हैं जब आप मुश्किल लोगों के साथ काम कर रहे होते हैं और जब आपको लगता है कि यह बहुत मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन यह बहुत सुखद था, आप जानते हैं, माहौल ऐसा था कि इसमें काम करना अच्छा था। इसलिए, मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं 83 का हिस्सा थी।''

इसके अलावा, ग्रहण के बारे में बात करते हुए, जहां गब्बी ने मनु की भूमिका निभाई थी, वह विस्तार से बताती है, ''पहला शो, पहला प्रोजेक्ट जो मैंने महामारी के बाद किया था। हमारी मुलाकात में निर्देशक रंजन चंदेल ने चौरासी/84 पुस्तक के पैराग्राफ पढ़े जो मेरे दिल को छू गए। उन्होंने मनु और ऋषि की प्रेम कहानी पढ़ी, जिससे मेरे रोंगटे खड़े हो गए। सुनते-सुनते मनु बहुत सुंदर लगने लगे और मैं इतना उत्साहित हो गई कि मुझे यह किरदार निभाने को मिलेगा। और रंजन, अंशुमन... हम सभी ने अपने-अपने किरदारों की तैयारी शुरू कर दी और रंजन सर ने हम सबकी मदद की।

पिछले महीने रिलीज हुई एक और पंजाबी फिल्म गलवाकड़ी। उन्होंने कहा, ''हमने लंदन में एक महीने तक शूटिंग की और यह काफी रोमांचक रहा। मेरे सह-कलाकार, तरसेम (जस्सर) जी, बहुत ही शांत और धैर्यवान व्यक्ति हैं, मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया।'' फिल्म में उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उस पर उन्होंने कहा, ''एक दुर्घटना होती है ... मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था, जो मुझे बहुत मुश्किल लग रहा था ... लेकिन मुझे खुशी है कि यह स्क्रीन पर अच्छा लग रहा है।''

गलवाकड़ी के बारे में अपने प्रशंसकों से गब्बी कहती हैं, ''फिल्म सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है या यह सिर्फ दो लोगों के प्यार में पड़ने की बात नहीं है। यह जीवन, इसके तरीके और संतुलन के बारे में बात करता है।''

साथ ही रोल्स चुनने के बारे में बात करते हुए वो कहती हैं, ''कुछ भी जो मेरे दिल को छू जाए. जो कुछ भी मुझे लगता है, कि मुझे उसका हिस्सा होना चाहिए ... ''ये मेरे बेगर नहीं बनना चाहिए, तो उस चीज को मैं हूं कर देता हूं (जहां भी मुझे लगता है कि यह मेरे बिना नहीं बनाया जाना चाहिए, मैं कहता हूं, हां)।''

उनके पसंदीदा अभिनेता इरफान खान हैं। ''दुर्भाग्य से मैं उनके साथ कभी काम नहीं कर पाऊंगा, वह एक सपना था। मैं उन्हें हमेशा याद रखूंगा, एक अभिनेता के रूप में वह मुझे हमेशा प्रेरित करेंगे। जिस तरह का कच्चापन उन्होंने अपने किरदार में लाया, वो बोहोत कम देखने को मिलता है (ऐसा अक्सर नहीं देखा जाता)... वह कच्चापन, सादगी और छोटी-छोटी चीजें जो उन्होंने लाईं। मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना पसंद करूंगा। वह बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं, जो हमारे उद्योग में हैं। मैं हमेशा यह देखने के लिए उत्साहित रहता हूं कि उसे क्या ऑफर करना है, वह किस तरह की फिल्में कर रहा है, वह जो किरदार निभा रहा है और उन किरदारों में वह क्या कर रहा है, इसलिए शायद भविष्य में... अगले पांच-छह वर्षों में ज्उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा।''

अपनी वर्तमान और आगामी परियोजनाओं के बारे में साझा करते हुए, वह कहती हैं, ''माई क्लीन स्लेट फिल्म्ज़ में भी हैं। यह नेटफ्लिक्स के लिए है और इसमें साक्षी तंवर भी हैं। फिर विशाल (भारद्वाज) सर और तब्बू के साथ खुफिया। सबसे अच्छे निर्देशकों में से एक विशाल सर के साथ तब्बू के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।''

## किताब **बैचलर डैड** में मेरे एकल पिता बनने से जुड़े सभी सवालों के जवाब मिलेंगेः तुषार कपूर

**मुंबई।** अभिनेता एवं निर्माता तुषार कपूर का कहना है कि उनकी पहली किताब पिता बनने के उनके सफर को बयां करती है, जिसमें एकल पिता होने के कई पहलुओं को रेखांकित किया गया है।



किताब बैचलर डैड से लेखन जगत में कदम रखने वाले कपूर, जून 2016 में सरोगसी के जरिए एक बेटे के पिता बने थे। उनके बेटे का नाम लक्ष्य है।

फिल्म गोलमाल में हास्य किरदार अदा करने वाले अभिनेता (45) ने कहा कि कई बार उनसे अकेले एक बच्चे का पालन-पोषण करने से जुड़े अपने अनुभव के बारे में लिखने को कहा गया, लेकिन उन्हें यह एक दूर की कौड़ी प्रतीत होता था। पेंगुइन इंडिया ने दो साल पहले जब उनसे सम्पर्क किया था, तो आखिरकार उन्हें लगा कि यह सभी सवालों के जवाब देने का सबसे उचित तरीका है। तुषार कपूर ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अधिकतर सवाल किए जाते थे कि मैंने यह रास्ता क्यों चुना? ऐसा कैसे हो सकता है? क्या यह करना सही है? और क्या मैं यह कर सकता हूं? मेरे पिता बनने के बाद इस संबंध में सवाल किए जाते थे कि मैं सारी चीजें कैसे अकेले संभाल पा रहा हूं? लोग इसलिए चकित थे क्योंकि फिल्म जगत में इस तरह एकल पिता बनने वाला मैं पहला शख्स था।

अभिनेता जितेंद्र के बेटे और निर्माता एकता कपूर के भाई तुषार ने कहा, कुछ लोग चिकित्सीय पहलू को लेकर काफी जिज्ञासू थे और ऐसा सोचने लगे थे या तो मैंने बच्चा गोद लिया है या शादी कर ली है। लोगों की अपनी सोच थी।

अभिनेता ने कहा, हालांकि, किसी ने नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। काफी सकारात्मकता थी, सभी काफी मददगार थे, लेकिन सवाल यह था कि मेरा यह सफर कैसा होगा। इसलिए मैंने यह किताब लिखी, ताकि अपने इस सफर को सच्चाई के साथ बयां कर पाऊं.।

उन्होंने कहा कि उनकी इस किताब में ऐसे लगभग सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे, साथ ही एकल माता-पिता होने से जुड़े कई पहलू लोगों के सामने आएंगे।

इस किताब में 224 पृष्ठों में 10 अध्याय हैं, जिसमें तुषार के पिछले एक दशक के जीवन से जुड़ी बातों को क्रमबद्ध तरीके से बयां किया गया है। किताब बैचलर डैड फरवरी के पहले सप्ताह में बाजार में उपलब्ध हो सकती है।



# अच्छा व्यक्ति

**स्क्वीड गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक का कहना है कि वह अभी भी मानवता में विश्वास करते हैं।**

**स्क्वीड** गेम के निर्माता ह्वांग डोंग-ह्युक ने कहा है कि वह अभी भी एक ऐसी मानवता में विश्वास करते हैं जो लोगों को सामाजिक अस्तित्व के खेल के जीवन और मृत्यु के दबाव में भी एक-दूसरे की मदद करने के लिए विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करती है।

''हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां लोग जीवित रहने के लिए अन्य लोगों पर चलने की हिम्मत करते हैं,'' उन्होंने सियोल स्थित कोरिया इमेज कम्युनिकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा पूर्व-टैप किए गए साक्षात्कार में कहा। ''लेकिन मैं अभी भी मानता हूं कि इस समाज को ऐसा नहीं होना चाहिए जहां हमें दूसरों को मारने और ऊपर जाने के लिए उन्हें ओवरराइड करने की आवश्यकता हो।''

उन्होंने आठवें एपिसोड में सई-बायोक (जंग हो-योन द्वारा निभाया गया चरित्र) के एक उद्धरण का हवाला दिया: ''ऐसा मत करो। वह तुम नहीं हो। आप दिल के अच्छे इंसान हैं।'' शब्द गि-हुन (ली जंग-जेई) को बाधित करते हैं, जो अपने पुराने दोस्त और अंतिम प्रतियोगी सांग-वू को सोते समय चाकू मारने की कोशिश करता है, जो कि भारी कर्ज में डूबे लोगों के बराबर जीतने के लिए घातक प्रतियोगिता के अंतिम दौर से पहले है। पुरस्कार राशि में .38.2 मिलियन।

बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया।

**बच्चों के खेल की सादगी और स्क्विड गेम में आधुनिक पूंजीवादी समाज के व्यंग्य ने दुनिया भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल की, जो इतिहास में सबसे सफल नेटफ्लिक्स शो बन गया। पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।**

पिछले साल 17 सितंबर को रिलीज होने के बाद पहले चार हफ्तों में इसे 1.65 अरब से अधिक घंटों तक देखा गया था।

नौ-भाग की डायस्टोपियन श्रृंखला को लिखने और निर्देशित करने वाले ह्वांग ने कहा कि दुनिया काफी हद तक बदल गई है क्योंकि उन्होंने लगभग 10 साल पहले स्क्विड गेम बनाने के विचार की कल्पना की थी। स्थानीय निवेशकों और उत्पादकों ने ह्वांग की परियोजना को ठुकरा दिया, क्योंकि स्क्वीड गेम का एक मसौदा लगभग एक दशक से बंद था।

# निर्बलों की सेवा में

**शशि शेट्टी ने महामारी के दौरान समाज के सबसे कमजोर वर्गों की मदद के लिए कदम बढ़ाया, बता रही हैं मिथिला नाइक-सातामो।**



**आशा** कार्यकर्ता देश के ग्रामीण हिस्सों में कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में रक्षा की पहली पंक्ति रही हैं, ''महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण के एक सामाजिक कार्यकर्ता शशि शेट्टी कहते हैं। इन वर्षों में, उन्होंने महाराष्ट्र में हाशिए के समुदायों के व्यक्तियों और बच्चों के उत्थान की दिशा में बड़े पैमाने पर काम किया है। महामारी के प्रकोप के बाद से शेट्टी और उनकी टीम कोविड -19 को खत्म करने के लिए अभियान चलाने में आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं का समर्थन कर रही है।''

शेट्टी अपने दिन की शुरुआत कार्यों का जायजा लेने और फोन कॉल पर समन्वय करने से करती है। हाल ही में, उन्होंने और उनकी टीम ने महाराष्ट्र के मुरबाद-मालशेज घाट के सरलगांव में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक अभियान चलाया। ''हमारे समर्थन के प्रतीक के रूप में, हमने इन कठिन समय के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की सेवाओं का सम्मान करने के लिए एक साड़ी और किराना किट वितरण अभियान का आयोजन किया था, ''उसने कहा। गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए, वह आगे कहती हैं, ''वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।''

वितरण अभियान में लगभग 195 आशा कार्यकर्ता भूरे रंग की साड़ी पहने और हाथों में नोटबुक लिए मौजूद थीं। ये महिलाएं हर दिन अपने निर्धारित गांवों में घर-घर जाकर इस बात का प्रचार-प्रसार करती हैं और लक्षणों, ऑक्सीजन के स्तर और तापमान की नियमित जांच करती हैं। इसके अलावा, वे अपने नियमित कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान शामिल हैं। तपेदिक, एचआईवी-एड्स और अब कोविड -19 सहित विभिन्न रोग निगरानी कार्यक्रमों में सबसे आगे रहने के बावजूद, वे अभी भी पूर्णकालिक कर्मचारियों के रूप में पहचाने जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। और इस समय के दौरान, वे कोविड -19 के बारे में जनता के डर के पहले शिकार हुए हैं।

वितरण अभियान के दौरान, शेट्टी ने इन महिलाओं की सेवा की सराहना की, जिससे उनके चेहरे पर तुरंत मुस्कान आ गई। उसने कहा, ''आपको वर्दी दी गई है, आप एक सेना हैं।''

ड्राइव के संचालन के तरीके पर चर्चा करते हुए, शेट्टी कहते हैं, ''हम स्थानीय सरपंच, सीमा और अनिल घरत के साथ मिलकर काम करते हैं। वे हमें सबसे कमजोर लोगों और परिवारों तक पहुंचने में मदद करते हैं। हमने इस कठिन समय में करीब 195 आशा कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है,'' शशि ने बताया।



एक शिक्षाविद् और एक होटल व्यवसायी, शेट्टी को 8 नवंबर को महाराष्ट्र के राज्यपाल, भगत सिंह कोश्यारी द्वारा 'समाज सेवा रत्न गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था, जो भोजन राहत के लिए दूसरी लहर के दौरान किए गए उनके काम के लिए थे। वर्तमान में, वह भारतीय विकास फाउंडेशन (आईडीएफ) का एक हिस्सा है, जो मुंबई में स्थित एक गैर सरकारी संगठन है, जो हाशिए के समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत पर विचार करते हुए, उन्होंने कहा, ''यह आईडीएफ और हमारी परियोजनाओं आशाएं और अन्नदानम के साथ शुरू हुआ जो हमारी सोवो (सामाजिक स्वयंसेवकों) पहल का एक हिस्सा थे। हम छोटे बच्चों के साथ पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए काम करते हैं और इसके अलावा, मनोरंजक और शैक्षिक दोनों तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसने मुझे आदिवासी महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाया।'' वह इन आदिवासी क्षेत्रों में बार-बार आती रही हैं और कमजोर समुदायों के बच्चों और व्यक्तियों तक पहुंच रही हैं।

शेट्टी के लिए, महामारी एक स्पष्ट आह्वान था, ''मैं हमेशा एक सैनिक बनना चाहती थी, लोगों की सेवा करने के लिए बुलाए जाने पर मेरे बुलावे का पता लगाएं और कदम बढ़ाएं। तो यहां मैं थी, कई में से एक - एक पैदल सैनिक - कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में'', उसने व्यक्त किया।

शेट्टी का दृढ़ विश्वास है कि किसी का खिंचाव किसी की जमात को आकर्षित करता है। तभी वह खाना चाहिए फाउंडेशन से जुड़ीं - मुंबई में स्थित एक नागरिक सामूहिक - जिसने पहले लॉकडाउन के दौरान अभूतपूर्व काम किया था और दूसरी लहर के दौरान भी ऐसा करना जारी रखा। ''शुरुआत में, उनके संचालन में कल्याण शामिल नहीं था, लेकिन भूख से लड़ने में मदद करने के लिए एक साझा लक्ष्य के साथ, मेरी टीम - तोरन नागदा, दिनेश ठक्कर और कच्छ युवा संघ - हमने शहर में एक सामुदायिक रसोई की स्थापना की और दूरदराज के अंदरूनी हिस्सों को भी पूरा किया। जहां हमने काम किया और मैप किया था,'' शशि ने साझा किया।

हाल ही में, शेट्टी और उनकी टीम ने ठाणे के मुरबाड में विशेष बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय अवनि मतिमंद मुलांचे निवास विद्यालय में विशेष बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की। और सूची बढ़ती जा रही है।

# पहले वनडे में कोहली पर होंगी नजरें

## ●दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला आज

**भाषा**। पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )

**सात** साल में पहली बार सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर भारतीय टीम में खेल रहे विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी, जब केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पहला एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेलने उतरेगी। वह क्रीज पर बल्लेबाजी करें या सीमारेखा के पास क्षेत्ररक्षण, कोहली की हर एक गतिविधि पर प्रशंसकों की नजरें होंगी हालांकि राहुल की कप्तानी को भी कसौटी पर कसा जाएगा।

देखना यह भी होगा कि वह हमेशा की तरह मैदान पर जोश और आक्रामकता से भरे दिखते हैं या टेस्ट कप्तानी के साथ क्रिकेट के हर प्रारूप में कप्तानी छोड़ने के बाद मैदान पर उदासीन नजर आते हैं। टी-20 के बाद वह वनडे कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे और इस मसले पर उनकी बीसीसीआई से ठन भी गई। उनके प्रशंसक और भारतीय क्रिकेट यही दुआ कर रहा होगा कि बीसीसीआई से अपने विवाद को भुलाकर वह अपने कैरियर की नई पारी का आगाज करें जिसमें सिर्फ उनका बल्ला बोलता हो। दो साल बाद उनके बल्ले से शतक सोने पे सुहागा होगा।

चोटिल रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे राहुल श्रृंखला में कोहली से सलाह जरूर लेंगे। कोहली को बतौर बल्लेबाज ही अहम भूमिका नहीं निभानी है बल्कि जैसा कि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह हमेशा टीम के अगुवा रहेंगे। नए कप्तान और सहयोगी स्टाफ के साथ यह श्रृंखला जीतकर भारत 2023 विश्व कप की तैयारी शुरू करना चाहेंगे। इसके साथ ही पिछले सप्ताह टेस्ट श्रृंखला में हार से मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना है। भारत ने आखिरी बार पूरी मजबूत टीम के साथ वनडे श्रृंखला मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। इसके बाद दोयम दर्जे की टीम जुलाई में श्रीलंका गई थी। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी और अब यह देखना है कि क्या वह फिर शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करते हैं। घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बनाने वाले रूतुराज गायकवाड़ को पदार्पण के लिए अभी इंतजार करना होगा। धवन के लिए यह तीनों मैच काफी अहम होंगे क्योंकि टी-20 टीम में अपनी जगह वह पहले ही खो चुके हैं। कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर के बीच में से चयन होगा। ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और वेंकटेश अय्यर छठे नंबर पर उतरकर पदार्पण कर सकते हैं। स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा युजवेंद्र चहल और आर अश्विन पर होगा।

बुमराह और भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे जबकि तीसरे विकल्प के तौर पर दीपक चाहर, शारदुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा में से एक को उतारा जा सकता है। टेस्ट श्रृंखला में चोटिल हुए मोहम्मद सिराज भी फिट हैं। पिछले दौरे पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में 5-1 से हराया था हालांकि टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका के हौसले बुलंद हैं। तेम्बा बावुमा टेस्ट मैचों वाला फॉर्म जारी रखना चाहेंगे जबकि टेस्ट को अलविदा कह चुके क्विंटोन डिकॉक वनडे में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज मार्को जेनसन एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान लोकेश राहुल और अन्य खिलाड़ी

### टीमें

**भारत** : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

**दक्षिण अफ्रीका** : तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटोन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जेनसन, जान्नेमन मलान, सिसांडा मगाला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन्ने।

## टेस्ट कप्तानी मिली तो टीम को आगे ले जाने की पूरी कोशिश करूंगा : राहुल

**पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )**। केएल राहुल फिलहाल भारत का पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान बनने के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि यदि उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना जाता है तो वह टीम को आगे ले जाने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे राहुल ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, देश की अगुवाई करना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है और यह ऐसा है जिसे वह लंबे समय तक संजोकर रखेगा। मैं भी कोई अपवाद नहीं हूं। उन्होंने कहा कि यह रोमांचक होगा लेकिन मैं अभी वास्तव में इस बारे में नहीं सोच रहा हूं लेकिन यदि ऐसा होता है तो अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से टीम और भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-2 से गंवाने के बाद विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। कोहली के चोटिल होने पर राहुल ने ही जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच में टीम की कमान संभाली थी। राहुल ने कहा कि जब तक उनके नाम पर चर्चा नहीं होने लगी थी तब तक उन्होंने इस पर खास ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि मैंने तब तक इस पर विचार नहीं किया था जब तक कि मेरे नाम पर चर्चा होने लगी थी। राहुल ने कहा कि मुझे जोहानिसबर्ग में टीम की अगुवाई करने का मौका मिला और वह बेहद खास था। हमें वहां उस तरह के परिणाम की उम्मीद नहीं थी लेकिन सीखने के लिहाज से वह अच्छा अनुभव रहा जिस पर मुझे हमेशा गर्व रहेगा। राहुल से जब कप्तानी में उनके खराब रिकार्ड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले इस पर व्यंग्यात्मक अंदाज में टिप्पणी की। राहुल की कप्तानी में भारत ने एकमात्र टेस्ट गंवाया है जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में उन्होंने जिन 27 मैचों में कप्तानी की उनमें से केवल 12 में उनकी टीम जीती। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के लिए आभार भाई। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। राहुल का मानना है कि जिंदगी के प्रत्येक पहलू में संतुलन बनाना आवश्यक है।

## वनडे श्रृंखला में नहीं खेलेंगे तेज गेंदबाज कैसिगो रबाडा



**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी के अगुआ कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत मंगलवार को विश्राम दिया गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से विश्राम दिया गया है क्योंकि पिछले कुछ समय से उन पर काम का बोझ अधिक है और हम उन्हें अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले पूरी तरह तरोताजा चाहते हैं। बोर्ड ने कहा कि रबाडा की जगह किसी को नहीं चुना गया है लेकिन जार्ज लिंडे को अतिरिक्त स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में रखा गया है।

# आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगी भारतीय टीम

### अंडर 19 विश्व कप

## ●मुकाबला आज

**भाषा**। तारोबा (त्रिनिदाद और टोबैगा

**शानदार** फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज और कप्तान यश धुल को अपनी टीम से बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीद होगी जब रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी के दूसरे मैच में बुधवार को आयरलैंड से खेलेगी। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराने के बाद भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है और आयरलैंड के खिलाफ उसका पलड़ा भी भारी होगा। भारत और आयरलैंड ने पहले मैच जीते हैं।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को और आयरलैंड ने युगांडा को 39 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका की जूनियर टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी के सूत्रधार धुल अकेले थे चूंकि सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगकृष रघुवंशी जल्दी आउट हो गए थे। धुल ने शेख रशीद (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। निशांत सिंधू (27), राज बावा (13) और कुशाल ताम्बे (35) ने भी उपयोगी योगदान दिए।

धुल को इस मैच में सलामी बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी ताकि मध्यक्रम और निचले क्रम पर दबाव नहीं बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के स्पिनर विकी ओस्तवाल ने 28 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज राज बावा ने 47 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 187 रन पर आउट कर दिया था। जालंधर में जन्मे बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर ने एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक 251 रन बनाए थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी नाबाद शतक जड़ा था लेकिन पहले मैच में वह एक रन पर ही आउट हो गए। महाराष्ट्र के लिए सीनियर क्रिकेट खेलने वाले तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर और तेज गेंदबाज रवि कुमार प्रभावित नहीं कर सके। एक अन्य मैच में कल आस्ट्रेलिया का सामना स्कॉटलैंड से होगा।

**टीमें** : भारत : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एस के रशीद , निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**आयरलैंड** : टिम टेक्टर (कप्तान),डी बुर्के, जोशुआ कॉक्स, जैक डिक्सन, लियाम डोहर्टी, जैमी फोर्ब्स, डेनियल फोरकिन, मैथ्यू एच, फिलीपुस लि रो, स्कॉट मैकबेथ, नाथन मैकायर, मुजम्मिल शरजाद, डेविड विंसेंट, ल्यूक वेलान, रूबेन विल्सन।

## कप्तान वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराया

**बासेटेरे**। कप्तान दुनिथ वेल्लालागे के हरफनमौला प्रदर्शन से श्रीलंका ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया। वेल्लालागे ने पहले फिरकी का जाल बुलकर 28 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई टीम 175 रन पर आउट हो गई। उनके अलावा ट्राविन मैथ्यू और मतीशा पथिराना ने भी दो दो विकेट लिए। जीत के लिए आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने एक समय चार विकेट 49 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद वेल्लालागे ने 71 गेंद में 52 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने विकेटकीपर अंजाला बंडारा (33) और रानुदा समररत्ने (नाबाद 32) के साथ दो अहम साझेदारियां भी की। श्रीलंका ग्रुप डी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया एक जीत के बाद तीसरे स्थान पर है। एक अन्य मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35.4 ओवर में 95 रन पर समेट दिया। इसके बाद 19.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज शिवशंकर ने तीन विकेट लिए जबकि ओनाजे एमोरी और एंडरसन महासे को दो विकेट मिले। नेट रनरेट बेहतर होने के कारण वेस्टइंडीज ग्रुप डी में दूसरे स्थान परहै। ग्रुप सी में पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे पर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लह खान के शतक की मदद से पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 115 रन से हराया। हसीबुल्लाह ने 155 गेंद में 135 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 73 गेंद में 75 रन बनाकर पाकिस्तान को नौ विकेट पर 315 रन तक पहुंचाया। जिम्बाब्वे के लिए तेज गेंदबाज एलेक्स फेलाओ ने पांच विकेट लिए। जवाब में ब्रायन बेनेट के 83 रन के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम 42.4 ओवर में 200 रन पर आउट हो गई।

## अंपायर इरासमस पूरा करेंगे वनडे मैचों का शतक

**पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )**। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार को यहां होने वाला पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मारियास इरासमस का अंपायर के रूप में 100वां वनडे होगा और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे दक्षिण अफ्रीकी अंपायर बन जाएंगे। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंपायरों में से एक 57 वर्षीय इरासमस बोलैंड पार्क में मैदान पर उतरते ही रूडी कर्टजन और डेविड ओरचार्ड के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

कर्टजन ने 1992 से लेकर 2010 तक 209 वनडे में अंपायरिंग करके विश्व रिकार्ड बनाया था। उनका यह रिकार्ड हाल में पाकिस्तान के अलीम डार (211 मैच) ने तोड़ा।

# लेवांडोवस्की ने जीता फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**एपी**। ज्यूरिख

*बायर्न* म्युनिख के फॉरवर्ड रॉबर्ट लेवांडोवस्की एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुने गए हैं जिन्होंने लियोनेल मेसी और मोहम्मद सालाह जैसे सितारों को पछाड़ा। पिछले महीने मेसी ने उन्हें पछाड़कर बलोन डी ओर पुरस्कार जीता था। अर्जेंटीना को 2021 कोपा अमेरिका खिताब दिलाने वाले मेसी फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर की दौड़ में दूसरे और लिवरपूल के सालाह तीसरे स्थान पर रहे। क्लब अधिकारियों ने उन्हें आनलाइन ट्रॉफी प्रदान की। लेवांडोवस्की 200 से अधिक देशों के राष्ट्रीय टीम कप्तानों और कोचों के साथ चुनिंदा मीडिया की पहली पसंद थे। मेस्सी को दुनिया भर के प्रशंसकों से पोलैंड के कप्तान से दुगुने से भी ज्यादा वोट मिले। तीनों उम्मीदवारों ने भी अपनी अपनी टीम के कप्तान के तौर पर वोट डाले। लेवांडोवस्की ने मेसी को दूसरे नंबर पर रखा जबकि सालाह ने अपने शीर्ष तीन में दोनों को रख। मेसी ने शीर्ष तीन में नेमार और काइलान एमबाप्पे को रखा जो अब पेरिस सेंट जर्मेन में उनके साथ खेलते हैं। लेवांडोवस्की ने 2020-21 सत्र में बायर्न को खिताब दिलाने के साथ बुंडेस्लिगा में रिकॉर्ड 41 गोल किए।

# वैदिक पंडितों के लिए संस्कृत में कमेंट्री के साथ अनूठा क्रिकेट टूर्नामेंट

## ●धोती-कुर्ता पहनकर खेलेंगे क्रिकेट

**भाषा**। भोपाल

**पारंपरिक** धोती कुर्ता पहने दो बल्लेबाज तेजी से रन भागने की कोशिश में और नेपथ्य में धाराप्रवाह संस्कृत में हो रही कमेंट्री। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलेगा यहां वैदिक पंडितों के लिए होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में। महर्षि महेश योगी की जयंती पर यहां अंकुर ग्राउंड पर वैदिक पंडितों के लिए अनूठे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।

संस्कृति बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में वे खिलाड़ी भाग लेंगे जो वेदों के अनुसार अनुष्ठान कराते हैं। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट का दूसरा साल है और सारे प्रतियोगी वैदिक पंडित हैं जो पारंपरिक धोती कुर्ता पहनते हैं। वे एक दूसरे से संस्कृत में बात करते हैं और मैच की कमेंट्री भी संस्कृत में होती है। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय टूर्नामेंट के आयोजन का उद्देश्य संस्कृत भाषा को बढावा देना और वैदिक परिवार में खेल भावना बढाना है। विजेता टीमों को नकद पुरस्कार के साथ खिलाड़ियों को वैदिक पुस्तकें और सौ साल का पंचांग दिया जाएगा।

संस्कृत में कमेंट्री वाला ऐसी ही एक क्रिकेट टूर्नामेंट काशी में पिछले साल खेला गया था। धोती कुर्ते में क्रिकेट खेलने की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने कहा कि धोती-कुर्ते में क्षेत्ररक्षण के दौरान कोई समस्या नहीं आती है। मैंने स्वयं सोमवार के मैच में चौके-छक्के लगाए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न वैदिक संस्थानों की 12 टीमें शामिल हो रही है और यह मुकाबले 20 जनवरी तक चलेंगे।

## टीएनपीएल 2021 में सट्टेबाजी की हुई थी पेशकश: शतीश

**भाषा**। नई दिल्ली

**पूर्व** प्रथम श्रेणी और आईपीएल क्रिकेटर राजागोपाल सतीश को तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान मैच फिक्स करने के लिए कथित तौर पर 40 लाख रुपए की पेशकश की गई थी। सतीश चेपॉक सुपर गिल्लिस टीम का हिस्सा थे। तमिलनाडु का यह पूर्व क्रिकेटर आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुका है। बन्नी आनंद नाम के व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उन्हें यह पेशकश की थी। बीसीसीआई एसीयू के प्रमुख शब्बीर खंडवावाला ने बताया कि उसने हमें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस महीने बताया कि उसे सोशल मीडिया के जरिए रिश्वत देने की पेशकश की गई थी। हमने उसे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने को कहा। उसने ऐसा ही किया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एशेज सीरीज हारने के बाद रूट और अन्य खिलाड़ियों ने सुबह तक बीयर पी

## ●ईसीबी ने शुरू की जांच

**भाषा**। होबार्ट

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि उसने एशेज श्रृंखला के बाद टीम होटल में कप्तान जो रूट और अन्य खिलाड़ियों के देर रात तक शराब पीने और शोर मचाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। खिलाड़ियों की इस हरकत को रोकने के लिए पुलिस को होटल आना पड़ा।

खबरों के मुताबिक इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड और नाथन लियोन को भी एक वीडियो में देखा गया जो एशेज श्रृंखला खत्म होने के बाद जश्न मना रहे थे। ईसीबी ने कहा कि सोमवार तड़के इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के सदस्यों ने होबार्ट में होटल के टीम क्षेत्रों में एक पेय (शराब) साझा किया। बयान के मुताबिक, होटल प्रबंधन को होटल के एक अतिथि द्वारा शोर मचाने की शिकायत मिली, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया में आम बात है। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

उन्होंने कहा होटल प्रबंधन और तस्मानिया पुलिस ने जब खिलाड़ियों को अपने कमरों में जाने के लिए कहा तो खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के अधिकारियों ने ऐसा ही किया। इंग्लैंड की टीम ने किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त की है। इस वीडियो को कथित तौर पर इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प ने बनाया है।

# एचएस प्रणय और आकर्षी कश्यप ने अंतिम 16 का टिकट कटाया

### सैयद मोदी बैडमिंटन

## ●सौरभ हारे, समीर वर्मा रिटायर्ड हर्ट

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ




**राष्ट्रमंडल** खेल-2018 के मिक्स टीम स्वर्ण पदक विजेता और एशियाड-2018 के पुरुष एकल के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की। वहीं महिला एकल में भारत की शीर्ष वरीय आकर्षी कश्यप ने भी जीत से अंतिम 16 का टिकट हासिल किया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही इस चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार चौथी वरीय समीर वर्मा चोटिल होने के चलते बाहर हो गए। दूसरी ओर उनके भाई सातवीं वरीय सौरभ वर्मा को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रितुपर्णा दास को हमवतन अनुपमा उपाध्याय ने 21-07, 21-10 से मात दी। भारत के शुभांकर डे भी चोट के चलते बाहर हो गए। उनका मैच भारत के कार्तिकेय गुलशन कुमार से था जिसमें शुभांकर 9-2 से पिछड़ रहे थे तभी उन्होंने मैच छोड़ दिया।

पुरुष एकल में सातवीं वरीय भारत के सौरभ वर्मा को अजरबैजान के एडी रेस्की डेचिओ ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 15-21, 21-19, 21-18 से मात दी। स्टार भारतीय शटलर और मोदी बैडमिंटन में 2017 और 2018 के एकल विजेता समीर वर्मा का मुकाबला आयरलैंड के नात नेग्यून से मुकाबला था जिसमें पहले गेम में आयरिश खिलाड़ी 7-2 से आगे थे तभी समीर वर्मा ने इंजरी की शिकायत के चलते मैच छोड़ दिया। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने यूक्रेन के डायनेलो बोस्निवक को 36 मिनट चले मैच में 21-14, 21-18 से हराया। पहले गेम में प्रणय ने तेज शुरुआत की लेकिन उनका प्रतिद्वंद्वी से एक एक अंक के लिए कड़ा संघर्ष हुआ। प्रणय ने हालांकि 11-11 के स्कोर से बराबरी के बाद अंक जुटाते हुए 17-11 का स्कोर बनाया।

इसके बाद यूक्रेनी खिलाड़ी ने एक हासिल किया लेकिन प्रणय ने तेजी से अंक बटोरते हुए यह गेम 21-14 से जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय शुरुआत में पिछड़ गए, लेकिन उन्होंने बैकहैंड शॉट अच्छा खेलते हुए 5-5 के स्कोर से वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी को नेट पर खासा छकाया और 19-18 के स्कोर के बाद गेम प्वाइंट बनाते हुए 21-18 से जीत दर्ज की। इसके साथ खेले गए अन्य मैचों में मिक्स डबल्स में भारत के असिथ सूर्या व प्रांजल ने भारत के ही सिद्धार्थ जाखड़ और मेघा बोरा को 21-14, 22-20 से, भारत के ध्रुव रावत व शिखा गौतम ने भारत के ही राजू मोहम्मद रेहान व जमीलुद्दीन अनीस कोश्वर को 21-13, 21-12 सेए भारत की दक्षा गौतम व कीर्तेश ढींढवाल ने भारत के ही बालकेसरी याद व स्वेतपर्णा पांडा को 21-6, 21-9 से हराया। महिला एकल में भारत की अनुपमा उपाध्याय ने भारत की ही रितुपर्णा दास को 21-7, 21-10 से हराया।

महिला डबल्स में भारत की श्रीवेदा गुरजादा व अमेरिका की ईशिका जायसवाल की जोड़ी ने भारत की ही मेहरीन रिजा व आरती सारा सुनील को 22-20, 21-15 से हराया। पुरुष डबल्स में भारत के ईशान भटनागर व साई प्रणीक ने मलेशिया के आरिफ जुनैदी व मोहम्मद हैकल को 21-18, 21-19, 21-17 से हराया।

# मरे मैराथन मुकाबले में जीते, मेदवेदेव भी अगले दौर में

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस

**एपी**। मेलबर्न



एंडी मरे

**पांच** साल के इंतजार के बाद पांच सेट तक चले मुकाबले को जीतकर पांच बार के उपविजेता एंडी मरे ने मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी में को टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड निमंत्रण मिला है।

कूल्हे की सर्जरी के बाद खेल को अलविदा करने का मन बनाने वाले इस खिलाड़ी ने मंगलवार को 21वीं वरीयता प्राप्त निकोलोज बेसिलाशविली को 6-1, 3-6, 6-4, 6-7, 6-4, से हराया। कूल्हे की सर्जरी के कारण 2018 में इस ग्रैंडस्लैम से दूर रहने वाले में इससे पहले 2019 में पांच सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले को हार गए थे। उस समय सबको लगा कि यह उनके करियर का आखिरी मैच होगा। वह 2020 में भी में कूल्हे की चोट और 2021 में कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह मरे की 49वीं एकल जीत है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आंद्रे अगासी और इवान लैंडल को पछाड़कर पांचवें स्थान पर आ गए हैं। पांच सेट वाले अन्य मैचों में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने एमिल रुसुवुओरी को 6-4, 0-6 ,3-6, 6-3 ,6-4 से हराया तो वही मैक्सिम क्रेसी ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जॉन इस्नर को 7-6, 7-5, 6-7, 6-7, 6-4 से मात दी।

नोवाक जोकोविच के नहीं खेल पाने के कारण खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव ने हेनरी लाकसोनेन को 6-, 6-4, 7-6 से हराया। मेदवेदेव के अलावा एंड्री रुबलेव, यानिक सिनेर, डिएगो श्वार्ट्जमैन, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट और मारिन सिलिच भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

रूबलेव ने जियांलुका मागेर को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। वहीं 11वीं रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जोओ सोउसा को 6-4, 7-5, 6-1 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज डिएगो श्वार्त्जमैन ने फिलीप क्राइनोविच को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वहीं महिलाओं में कनाडा की 19 वर्ष की लैला फर्नांडिज को 133वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्डधारक मेडिसन इंग्लिस ने 6-2, 6-4 से हराया। अमेरिकी ओपन उपविजेता रहने के बाद लैला अपना पहला ग्रैंडस्लैम खेल रही थी।

तीसरी वरीयता प्राप्त गार्बाइन मुगुरूजा ने 77वीं रैंकिंग वाली क्लारा बुरेल को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस की अनुभवी एलिजे कोर्नेत से होगा जिन्होंने विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-3 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6 - 2, 6 - 3 से हराया। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त 2020 फ्रेंच ओपन चैम्पियन इगा स्वियातेक ने 123वीं रैंकिंग वाली ब्रिटिश क्वालीफायर हैरिएट डार्ट को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। एलिजे मर्तेंस ने वेरा ज्वानारेवा को 6 - 4, 7 - 5 से हराया जबकि पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन सैम स्टोसुर ने रॉबिन एंडरसन को 6-7, 6-3, 6-3 से मात दी। इसके अलावा 2021 फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा और सिमोना हालेप भी आगे बढ़ने में सफल रहे। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा लगातार दूसरे साल रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया से हार गई। उन्हें पहले दौर में 6-2, 6-2 से शिकस्त मिली।